e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 329

मंगलवार

05.12.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों ठोकरें खाने के बाद ही होता है।

## क्विक न्यूज

### बंशीधर नगर के साइबर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव से पुलिस ने स्व. रामनाथ साव के पुत्र साइबर अपराधी अखिलेश कुमार को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक लैपटॉप एवं दो सिम लगा हुआ एक मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि प्रतिबिंब एप्प के माध्यम से उन्हें बिहार के शेखपुरा जिला अंतर्गत चेबाड़ा थाना क्षेत्र के गडुआ ग्राम निवासी योगेश्वर ठाकुर के पुत्र संतोष कुमार तथा जयपुर के सोडाला थाना क्षेत्र निवासी संजय सैनी ने साइबर ठगी से संबंधित मामला दर्ज करायी थी। इस घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबर 8789050270 एवं फोन पे नंबर 9973170116 का संचालन गढ़वा से किया जा रहा है। एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी चिरंजिवी मंडल के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले का सत्यापन किया गया। चेचरिया गांव से अखिलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि अखिलेश ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में वाट्सएप्प, फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर वेबसाइट बनाने का फर्जी प्रचार प्रसार कर रिमोट एक्सेस एप्प आदि का सहारा लेकर यूपीआई, फोन पे, गूगल पे आदि के माध्यम से अपने खाते में पैसा मंगवा लेता था।

### मिजोरम में जेपीएम 27 सीटों पर जीती, एमएनएफ को 10 तो बीजेपी को 2 सीट

**नयी दिल्ली :** मिजोरम में हुए विधानसभा चुनाव में जेडपीएम ने एकतरफा जीत हासिल की है। 40 में से 27 सीटें हासिल करके जेडपीएम यहां नंबर 1 पार्टी बनी है। दूसरे नंबर पर एमएनएफ रही। एमएनएफ 10 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई। वहीं बीजेपी को दो सीटों पर जीत हासिल हुई है। मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की हार के बाद इस्तीफा देने के लिए सोमवार शाम को राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से मुलाकात कर सकते हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री शाम करीब चार बजे राज्यपाल से मिलेंगे। उनके इस्तीफे की पेशकश करने की संभावना है।

### राज्यसभा में बहाल हुई आप सांसद राघव चड्ढा की संसद सदस्यता

**नई दिल्ली :** राज्यसभा में सोमवार को आम आदमी पार्टी सदस्य राघव चड्ढा का निलंबन समाप्त करते हुए उन्हें सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दे दी गई. चड्ढा को मानसून सत्र में 11 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था. शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन भोजनावकाश के बाद उच्च सदन की बैठक दोपहर 2 बजे शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने माकपा के इलामरम करीम से विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट पेश करने को कहा. करीम ने समिति की 75वीं रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि विशेषाधिकार समिति ने एक सदस्य के विरुद्ध मीडिया को जानबूझ कर गलत एवं गुमराह करने वाली सूचना कथित रूप से लीक करने, समिति की कार्यवाही को गलत तरीके से पेश करने एवं आसन के अधिकारों को चुनौती देने तथा प्रस्तावित प्रवर समिति में सदस्यों की सहमति लिए बिना उनके नाम प्रस्तावित करने के प्रश्न पर विचार किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 25° |
| न्युनतम | 14° |

## गिरिडीह : आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# विद्युत संयंत्र अधिष्ठापन की ओर बढ़ रही है सरकार : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने 305 करोड़ रूपए की 117 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ रुपए की 20 योजनाओं का उद्घाटन किया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गांव किसी भी राज्य के जड़ होते हैं। गांव सशक्त होगा तभी राज्य मजबूत होगा। सरकार की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस कड़ी में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान सरकार के गठन से पूर्व ऐसा किसी सरकार ने नहीं किया था।

आज पदाधिकारी आपकी समस्या का समाधान आपके द्वार पर कर रहें हैं। चंद घंटों में आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। राज्य भर के पंचायत और गांव में शिविर का आयोजन हो रहें हैं, ताकि अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ मिल सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही।

मुख्यमंत्री गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा की सरकार आपके द्वार के विगत दो चरणों में लाखों आवेदन प्राप्त हुए थे। अगर पूर्व की सरकारों द्वारा लोगों की समस्या का समाधान किया गया होता, तो आज स्थिति कुछ और होती।

### बेटियों की पढ़ाई की चिंता नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बेटियों को अपने पढ़ाई को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अतिरिक्त गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ भी सरकार दे रही है। अब उच्च शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में योजना सहायक बनेगी। सरकार इस हेतु आर्थिक सहयोग करेगी। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अबतक सरकार ने करीब आठ लाख किशोरियों को जोड़ा है।

### संस्थान प्रखंड स्तर पर स्थापित किए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो संस्थान जिला स्तर पर संचालित होते थे, वैसे संस्थानों को प्रखंड स्तर पर भी संचालित किया जाने लगा है। इसका प्रतिफल है कि कौशल प्राप्त हजारों युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया। नियुक्ति प्रक्रिया भी जारी है। आनेवाले दिनों में अन्य नियुक्तियां निकली जाएंगी। नियुक्ति नियमावली की अड़चनों को दूर कर कार्य किया जा रहा है।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता,मंत्री बेबी देवी, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त गिरिडीह, आरक्षी अधीक्षक गिरिडीह एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विद्युत उत्पादन की ओर बढ़ेंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार अगर राज्य सरकार की बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ का भुगतान करें तो राज्यवासियों के कल्याण हेतु कई महत्वपूर्ण कार्य हो सकेंगे। लाखों की संख्या में जरूरतमंदों को आवास, युवाओं की शिक्षा के लिए हजारों की संख्या में कॉलेज, लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति समेत अन्य जन कल्याण कार्य राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है।

## चेन्नई एयरपोर्ट से आज सुबह 9 बजे तक सभी ऑपरेशन रद्द



**एजेंसी**

**चेन्नई/नई दिल्ली :** चक्रवात मिचौंग के कारण इस समय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में मूसलाधार बारिश हो रही है। चक्रवात ने तमिलनाडु में भारी तबाही मचाई है। चेन्नई में हो रही बारिश के कारण चेन्नई एयरपोर्ट रनवे जलमग्न हो गया है। इससे हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है। एयरपोर्ट को मंगलवार 9 बजे सुबह तक के लिए बंद कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को दी जानकारी में बताया कि चक्रवाती तूफ़ान मिचौंग की वजह से भारी बारिश हो रही है। चेन्नई एयरपोर्ट का रनवे जलमग्न हो गया है। इसके मद्देनजर चेन्नई हवाईअड्डे को पहले आज सुबह 9.17 बजे से रात 11 बजे तक बंद किया गया था, जिसे मौजूदा हालात को देखते हुए मंगलवार सुबह 9 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। आज चेन्नई एयरपोर्ट से करीब दर्जनभर उड़ानों को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) की ओर मोड़ दिया गया है। उधर, बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि चेन्नई में उतरने वाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को केआईए की ओर डायवर्ट किया गया है। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक को चेन्नई से बेंगलुरु इंडिगो, स्पाइसजेट, एतिहाद, गल्फ एयर, फ्लाई दुबई, एयर इंडिया, लुफ्थांसा और ब्रिटिश एयरवेज की उड़ानों को डायवर्ट किया गया है। इनमें से 10 डायवर्ट उड़ानें केआईए पर उतर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में 2015 के दौरान बाढ़ के कारण हवाई अड्डे को कम से कम चार दिनों के लिए बंद करना पड़ा था। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (केआईए) बेंगलुरु शहर से 40 किलोमीटर बाहर देवनहल्ली में स्थित है।

### चक्रवात मिचौंग : राहत और बचाव को लेकर शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की बात

**नई दिल्ली :** चक्रवात मिचौंग को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। इसे लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से बातचीत कर हर संभव मदद का भरोसा जताया है। शाह ने सोमवार को चक्रवात मिचौंग को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी से बातचीत कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शाह ने कहा कि चक्रवात से प्रभावित सभी राज्यों में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की पर्याप्त तैनाती पहले ही की जा चुकी है।

## रेवंत रेड्डी होंगें तेलंगाना के सीएम



**एजेंसी**

**हैदराबाद :** तेलंगाना में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम तय कर लिए हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी राज्य के अगले मुख्यमंत्री होगे. सूत्रों ने ये जानकारी दी है. तेलंगाना की कुल 119 सीटों में 64 सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है. बीआरएस ने 39 और बीजेपी ने आठ सीटों पर जीत दर्ज की है.यहां सरकार बनाने के लिए किसी भी एक पार्टी को 60 सीटों की जरूरत होती है. कांग्रेस को 39.40 फीसदी, बीआरएस को 37.35 फीसदी और बीजेपी को 13.90 फीसदी वोट मिले हैं. रेवंत रेड्डी ने कोडंगल विधानसभा क्षेत्र से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के पी नरेंद्र रेड्डी को 32000 से अधिक मतों के अंतर से हराया है. विधानसभा चुनाव रिजल्ट के बाद से ही रेवंत सीएम के रेस में सबसे आगे चल रहे हैं.विधानसभा चुनाव रिजल्ट के बाद कांग्रेस नेताओं ने शाम को राज्यपाल से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया.इसके बाद सोमवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई. इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त करने के लिए अधिकृत किया गया.कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने बताया कि यह अधिकार पत्र खरगे को भेजा जाएगा और विधायकों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के फैसले को स्वीकार करने का निर्णय लिया है. उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया और मल्लू भट्टी विक्रमार्क और डी. श्रीधर बाबू समेत वरिष्ठ विधायकों ने इसका समर्थन किया.

### राज्यसभाः डाकघर विधेयक, 2023 पारित

**नई दिल्ली :** राज्यसभा ने सोमवार को डाकघर विधेयक, 2023 को पारित कर दिया। केन्द्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि नए कानून का पूरा ध्यान मेल डिलीवरी से सेवा डिलीवरी और डाकघर से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने से जुड़े बदलाव में सहायक बनना है। विधेयक को पेश करते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि 125 साल पुराने भारतीय डाकघर अधिनियम में संशोधन इस बात को दर्शाता है कि एनडीए के शासन के तहत पिछले नौ वर्षों में डाकघरों और डाक संस्थानों को कैसे पुनर्जीवित किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में डाक सेवाएँ, डाकघर और डाकिए केवल पत्रचार तक सीमित नहीं है बल्कि सेवा मुहैया कराने वाले संस्थान में बदल गए हैं। इन सालों में डाकघर एक तरह से बैंक बन गए हैं। डाक व्यवस्था को बैंकिंग व्यवस्था में बदलने का बड़ा माध्यम इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने महिलाओं के लिए 3.5 करोड़ खाते खोले हैं।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा गोलीबारी में 13 लोगों की मौत

**सूत्रों का कहना है कि मृतक यहां के स्थानीय निवासी नहीं लग रहे. ऐसा लग रहा है कि ये लोग कहीं और से आए थे और फायरिंग में शामिल थे.रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि, अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है.**




**एजेंसी**

**इंफाल :** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी. यह हिंसा राज्य के तेंगनोउपल जिले में हुई. यहां सोमवार दोपहर दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में 13 लोगों की मौत हो गई.एक अधिकारी ने बताया कि जिले के लेतीथू गांव के पास दो समूहों के बीच फायरिंग हुई. फायरिंग की सूचना मिलने पर हमारे सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे, जहां से हमने 13 शव बरामद किए. हमें शवों के पास से कोई हथियार नहीं मिले. सूत्रों का कहना है कि मृतक यहां के स्थानीय निवासी नहीं लग रहे. ऐसा लग रहा है कि ये लोग कहीं और से आए थे और फायरिंग में शामिल थे.

रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि, अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है. बता दें कि तीन दिसंबर को तेंगनोउपल जिले में कुकी-जो जनजातीय समूहों ने भारत सरकार और यूएनएलेफ के बीच हुए शांति समझौते का स्वागत किया था. यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब रविवार को ही राज्य में सात महीने के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं से प्रतिबंध हटा दिया गया था. हालांकि, कुछ जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में अब भी प्रतिबंध जारी है.मालूम हो कि इंटरनेट पर बैन 23 सितंबर को कुछ समय के लिए हटा लिया गया था, लेकिन 26 सितंबर को इसे फिर से शुरू कर दिया गया ताकि नफरत भरे भाषण और नफरत वाले वीडियो संदेशों को प्रसारित करने से रोकने में मदद मिल सके.

# सरकार गठन को लेकर हलचल तेज

### मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा खेमे में जारी है बैठकों का दौर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** बीजेपी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस प्रचंड विजय के बाद बाद अब सबको इन राज्यों में सीएम पद को लेकर चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के मुताबिक राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलांगना में विधायक दल की बैठक और नेताओं को चुनने के लिए पर्यवेक्षकों के नामों पर चर्चा हो रही है. विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के नामों का ऐलान जल्द होगा. गौरतलब है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी को प्रचंड जीत हासिल हुई है। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 163, राजस्थान में 115 और छत्तीसगढ़ में 54 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। वहीं कांग्रेस को तीनों ही राज्यों में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।



**मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री बने रहने की संभावना :** मध्य प्रदेश में जीत के बाद शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री बने रहने की संभावना है। क्योंकि शिवराज सिंह चौहान एमपी बीजेपी के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक हैं। 2023 में, शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी निर्वाचन क्षेत्र से मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ा, जो 2006 से उनका गढ़ रहा है।

**राजस्थान : महंत बालकनाथ और वसुंधरा राजे सीएम पद के रेस में शामिल:** राजस्थान में महंत बालकनाथ और वसुंधरा राजे सीएम पद की रेस में हैं। दोनों ही नेताओं की इस चुनाव में काफी चर्चा रही है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत के नाम की भी यहां पर चर्चा हो रही है। वहीं छत्तीसगढ़ में रमन सिंह का नाम चर्चा में है। वह फिर से सीएम बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि ये तो वक्त ही बताएगा कि बीजेपी इन राज्यों में किसे मौका देगी।

**मतगणना के बाद हुए बैठक में सीएम पद पर हुआ मंथन:** रविवार शाम को बीजेपी केंद्रीय कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के बाद एक बैठक हुई थी। इस बैठक में तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री के नामों पर चर्चा की गई थी। बताया जा रहा है कि नाम तय हो गए हैं। हालांकि अभी तीनों राज्यों के प्रभारियों की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इस रिपोर्ट के बाद ही नामों का ऐलान किया जाएगा, लेकिन इतना तय है कि बीजेपी इस फैसले में आगामी लोकसभा चुनाव का भी ख्याल रखेगी।

### तेलंगाना : वायुसेना का ट्रेनी विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलटों की मौत

**हैदराबाद (एजेंसी):** तेलंगाना के मेडक जिले में भारतीय वायु सेना का एक ट्रेनी विमान सोमवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई. दुर्घटना के कारण का पता अभी नहीं चल पाया है. वहीं, इसका पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं. पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के तूपरन मंडल में हुई. उन्होंने बताया कि दुर्घटना के वक्त विमान में एक ट्रेनर और एक ट्रेनी पायलट मौजूद थे.

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही ईलाज
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर | अंडाशय का कैंसर | पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर | फेफड़ा का कैंसर | हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर | पेट का कैंसर | मलाशय का कैंसर
आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना और अन्य विभिन योजनाओ द्वारा ईलाज की सुविधा
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन राजी पंचायत में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के राजी पंचायत भवन के समीप आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविंद्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, मुखिया रिंकू देवी तथा बीड़ीसी शिलवंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, पेंशन, कल्याण, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन, बिजली विभाग, बैंक, जेएसएलपीएस, कृषि, श्रम, भूमि सुधार, पेयजल विभाग, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई विभाग के अलग अलग स्टॉल लगाए गये थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने कहा राज्य सरकार ने प्रखंड के सभी पंचायतो में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। ताकि पंचायत के लोगो की समस्याओं का समाधान हो सके। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को लोगो तक पहुंचाया जा सके। वही 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना तथा अबुआ आवास है। इसके अलावे ग्रामीणों को मनरेगा योजना, पशुपालन, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि, भूमि सुधार, पेयजल, कल्याण, राशन कार्ड, पेंशन, बाल विकास आदि योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया।बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को गांव के हर व्यक्ति तक पहुचाना है। साथ ही ग्रामीणों को शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल की जानकारी दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण आवेदन देने लेकर पहुंचे थे। संबंधित स्टॉल पर प्राप्त आवेदन का तुरंत रजिस्ट्रेशन कर दिया जा रहा था। इस दौरान सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, बीपीओ कमलेश पासवान, मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, बीड़ीसी पति राजकुमार उरांव, पंचायत सचिव उमेश राम, लेखपाल अशानंदन राम, ऑपरेटर मनीष कुमार, सचेत कुमार, बीटीएम संतोष कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरसोत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत सरसोत अंतर्गत रा.ऊ.म. के मैदान में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान अकांक्षी प्रखण्ड कॉर्डिनेटर प्रणव कुमार सिंह, एमओ ब्रजेश कुमार, जीप सदस्य मंजू देवी और मुखिया विनय कुमार सिंह आदि के द्वारा संयुक्त रूप से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 15 स्टॉल के माध्यम से लगभग सभी योजनाओं से करीब 600 आवेदन प्राप्त हुए।विदित हो की कार्यक्रम में अधिकतर अबुआ आवास योजना के लिए ग्रामीण आवेदन दे रहे हैं। इस दौरान जीप सदस्य प्रतिनिधि राजेश राम, प्रधान सहायक सरयु बैग, पंस विनोद रवि, निरंजन सिंह, एचएम अर्जुन राम, रोजगार सेवक अशोक कुमार, दिलीप चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, फुटुक कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र प्रजापति, बालकुमार राम सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## छतरपुर की टीम ने 2 गोल दाग कर किया शील्ड पर कब्जा



**नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरईहीह के मैदान पर विगत एक माह से चल रहा जय हिंद फुटबॉल टूर्नामेंट मैंच का फाइनल महामुकबला छतरपुर बनाम नौड़ीहा बाजार प्रखंड के डगरा टीम के बीच खेला गया। बतौर मुख्य अतिथि छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार व विशिष्ट अतिथि नौड़ीहा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी अमन कुमार, बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि अरुण कुमार, मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, नामुदाग पंचायत मुखिया जितेंद्र कुमार ने फीता काट कर एवं खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए गेंद को किक मार के खेल को शुरआत किया गया। फाइनल मैंच मे छतरपुर के टीम ने डगरा के 2-1 से पराजित कर छतरपुर के टीम ने शील्ड पर कब्ज़ा कर लिया। खेल मैदान पर दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर रहा। लेकिन खेल के अंतिम तक छतरपुर के टीम ने डगरा को हमेशा दवाव् बनाया रहा। विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद और उप विजेता टीम को 11 हजार रुपये नगद देकर सम्मानित किया। वही मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधन करते हुए छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है, खेल को खेल की भावना से खेलें और हारने टीम को बाजीगर बताया।

## सहायक अध्यापक का ह्रदय गति रुकने से हुई मौत

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा के सहायक अध्यापक संजय कुमार का सोमवार को ह्रदय गति रुकने से सुबह 7 बजे डाल्टनगंज में इनका देहांत हो गया। इनका उम्र लगभग 58 वर्ष था इनके दो पुत्र और एक पुत्री है एक पुत्र और पुत्री की शादी इन्होंने कर दिया है।संजय कुमार जी के मृत्यु की सूचना पाकर सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, बीपीओ अजय कुमार, टेट संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय, आकलन सफल सह प्रशिक्षित संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, पाटन प्रखंड के संयोजक सुनील कुमार पांडे, मीडिया प्रभारी विवेक कुमार, एवं सहायक अध्यापक विमलेश कुमार सिंह, सुनील सिंह, सुशील कुमार सिंह, कमल पांडे, नवादा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनिल कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## विद्युत चोरी मामले में जेई ने अपने आपको बताया निर्दोष



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग के छतरपुर कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने हरिहरगंज के विधुत कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद को विद्युत चोरी के मामले में निर्दोष बताया है। मालूम हो कि उक्त मामले में कनीय अभियंता के खिलाफ शुक्रवार को कार्यपालक अभियंता ने हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सोमवार को विद्युत सब स्टेशन हरिहरगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पिछले दिनों जेई द्वारा सट डाउन लिया गया था, वह आरोपित उपभोक्ता का कनेक्शन जोड़ने के लिए नहीं था, बल्कि आपूर्ति जांच के लिए लिया गया था। इस मामले में सघन जांच के अभाव में प्राथमिक की दर्ज होने से कनीय अभियंता की छवि धूमिल हुई है। इसके लिए विभाग खेद प्रकट करते हुए हरिहरगंज थाना में इनके निर्दोष होने का सुधि पत्र दिया है। पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी रामगोपाल राम थाना में एक लिखित आवेदन दिए है जिसमें जेई को बिजली चोरी मामले में निर्दोष बताया है ।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। मौके पर कनिय अभियंता धनंजय प्रसाद, मानव दिवस कर्मी नीतीश कुमार, उमेश विश्वकर्मा, जावेद आलम, अजय मेहता सहित अन्य कर्मी उपस्थित थें।

# आगामी 7 जनवरी को सेविकाओं का महासम्मेलन रांची के हरमू मैदान में होगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** बालविकास परियोजना मझिगावँ के प्रांगण में झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले बैठक संपन्न किया गया। झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी यूनियन के मुख्य अतिथि वीना सिन्हा और जिला गढ़वा के अध्यक्ष कौशल्या देवी ने कहा कि हम लोग ने 7 जनवरी को महा सम्मेलन रांची के हरमू के मैदान में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, समाज कल्याण मंत्री जोबा मांझी रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष वीना सिन्हा ने कहा कि सरकार हमें ठगने का काम कर रही है हमें सम्मानजनक मानदेय दे और गढ़वा जिला आंगनवाड़ी अध्यक्ष कौशल्या देवी ने कहा कि हम लोगों को जिंदगी भर सरकार का ईमानदारी पूर्वक काम कर रहे है। लेकिन हमारे भविष्य के लिए सरकार कोई काम नही कर रही है। हम लोगों को भी सरकार पेंशन देना सुनिश्चित करें। बैठक की अध्यक्षता सरिता देवी ने तथा संचालन निभा देवी और बिंदा देवी ने किया। बैठक में प्रयोजन अध्यक्ष निभा देवी, सरिता देवी, रेखा देवी, बबीता देवी, नेहा देवी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

# आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम में एसडीएम ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड पंचायत सचिवालय परिसर मे आपकी योजना, आपकी सरकार और आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया। इस शिविर मे बाल विकास विभाग, शिक्षा, राजस्व, पशुपालन, ग्रामीण विकास विभाग, जेएसपीएलएस के तहत महिला सशक्तिकरण और आत्म निर्भर बनने के लिए 40 लाख लोन का वितरण किया गया। स्वास्थ्य सहित सभी विभाग का स्टॉल लगाई गई थी। आयोजित शिविर मे 30 यूनिफोरम स्कूली बच्चें के बीच साइकिल के लिए 4500 रु का चेक वितरण किया गया। और अबुवा आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्य मंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए आवेदन माँगा गया और सखी मंडल दीदी के ग्रामीण रोजगार के लिए लोन भी स्वीकृति पत्र सौपी गई। इस शिविर में छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने गरीब असहाय लोगों के अपने हाथों से कम्बल वितरण कर कार्यक्रम के शुरुआत किया गया।उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण के निर्देश दिया की समय से पहले शिविर से भागनेवाले कर्मी को खैर नही होगा। इस शिविर में बीडीओ संजय कुमार यादव, प्रमुख रेशम कुमारी, बीपीओ दीपक कुमार, डा सुनील कुमार सिंह, मोहम्मद इमरान अंसारी, एमओ प्रमोद कुमार सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी विनोद कुमार राम, महिला पर्यवेक्षक गीता चौरसीया, निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, मुखिया जितेंद्र कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य अनरवा देवी, पूर्व मुखिया चलितर, विजय कुमार सिंह, नन्दलाल चौधरी, सीआरपी राजेश कुमार, स्वास्थ कर्मी राजन कुमार, समाज सेवी पंकज कुमार रवि सहित अन्य सभी कर्मी मौजूद थे।

# भवनाथपुर में जननायक कर्पूरी ठाकुर चेतना मंच का किया गया गठन

**सोनू कुमार ठाकुर अध्यक्ष व नीतीश कुमार गुप्ता बने सचिव**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर सूर्यमंदिर व कर्पूरी चौपाल के प्रांगण में पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी की उपस्थिति में स्थानीय युवाओं की बैठक ब्रह्मदेव चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने कहा कि यहां कई वर्षो से जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा लगी हुई है। प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को कर्पूरी जयंती व 17 फरवरी को उनका पुण्यतिथि मनाया जाता है.उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष जयंती व पुण्यतिथि समारोह आयोजित हो तथा प्रतिमा स्थल की देखभाल हो इसके लिये स्थानीय स्तर पर एक कमिटी बनाया जाय। उन्होंने कहा कि समय समय पर कमिटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जायें, जिससे जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को लोगो तक पहुंचाया जा सके। बैठक में सर्वसम्मति से जननायक कर्पूरी ठाकुर विचार मंच का गठन किया गया.बैठक में आगामी 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर के 100 वर्ष पूरा होने पर शताब्दी वर्ष मनाने का निर्णय लिया गया.बैठक में सर्वसम्मति से 31 सदस्यीय जन नायक कर्पूरी ठाकुर चेतना मंच का गठन किया गया जिसमें पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी, भिरगुन ठाकुर, प्रदीप कुमार राउत व अशोक पासवान को संरक्षक, सोनू कुमार ठाकुर को अध्यक्ष, अनूप प्रसाद गुप्ता, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष, नीतीश कुमार गुप्ता को सचिव,पिंटू ठाकुर को उप सचिव, सुनील ठाकुर को कोषाध्यक्ष, धीरेन्द्र ठाकुर को सूचना प्रभारी वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विष्णु कुमार गुप्ता, रविशंकर गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, वेद प्रकाश आर्य, सुरेश ठाकुर, मूंगा साव, संजय ठाकुर, ओमप्रकाश आर्य, मनोज कुमार चंद्रवंशी, अजय ठाकुर, कुंदन ठाकुर, आनन्द पासवान, अमरेश ठाकुर, अजय गुप्ता, गंगा साह, जितेन्द्र ठाकुर सहित अन्य के नाम शामिल है।

# केतार बाजार के मुख्य गेट के समीप चांद रेडीमेड वस्त्रालय का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** केतार बाजार के मुख्य गेट के समीप रविवार को चांद रेडीमेड वस्त्रालय का शुभारंभ स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान केतार प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, मुकुंदपुर पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर चांद रेडीमेड वस्त्रालय के प्रोपराइटर मौलाना नसीम अहमद के द्वारा प्रबुद्ध लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेरे यहां लेडीज, जेंट्स, बच्चे सहित अन्य सभी प्रकार के फैंसी कपड़े रेडीमेड में उचित दाम पर उपलब्ध हैं। साथ ही उपस्थित लोगों ने कहा कि मुख्य गेट के समीप सभी तरह का कपड़ा उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को बाजार में जाना पड़ता था जिससे कपड़ा खरीदारी के लिए क्षेत्र के लोगों को और सहूलिया मिलेगा। इस मौके पर आफिया गारमेंट्स के प्रोपराइटर तौकीर आलम, अनुज शू स्टोर के प्रोपराइटर जोखू राम, अर्शी कंप्यूटर के संचालक अहमद राजा, इकबाल अंसारी, जयंत विश्वकर्मा, शमीम अंसारी, गुलजान अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 1342 आवेदन, 283 का किया गया त्वरित निष्पादन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के गरबाँध पंचायत के पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ विकास कुमार सिंह, मुखिया शिविष्टयानी केरकट्टा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीडीओ विकास कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के पहल से हम सभी लोग आपके स्थान पर आकर आपकी समस्या की जानकारी लेकर निष्पादन करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजना चलाई जा रही है आप सभी लोग उसका लाभ जरूर उठायें। शिविर में सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी तथा बीडीओ विकास कुमार सिंह ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

## रंका के तमगे पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के तमगे पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन जिसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता में बतलाएं की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज रंका पंचायत के तमगे गांव में किया गया है जो एक ही छत के नीचे आज पूरे विभाग ग्रामीणों की सेवा के लेकर पहुंचे हुए हैं ग्रामीण की जो भी समस्या है उसे त्वरित निदान की जा रही है वहीं उन्होंने वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन सावित्रीबाई फुले योजना गुरुजी क्रेडिट कार्ड गाड़ी योजना आदि सभी योजना के बारे में ग्रामीण को विस्तार से बतलाने का कार्य किया गया उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपकी हर समस्या को निदान करने के लेकर आज तमगे पंचायत में पहुंची हुई है इस प्रकार की कार्यक्रम लाकर आप लोगों की सभी समस्या को निदान करने का पूर्ण प्रयास कर रही है मौके पर रंका बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली युवा अध्यक्ष दीपक सोनी रंका विश्व सुत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडे आदि गांव के ग्रामीण एवं कर्मी मौके पर उपस्थित थे।

## लाखों रूपए के पीसीसी रोड में घटिया सामग्री लगाने पर ग्रामीण ने रोका कार्य

**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लाखों रुपया से बन रहे पीसीसी रोड में घटिया सामग्री डालकर काम करने पर ग्रामीणों ने रुकवाया कार्य इस संबंध में रंका पंचायत के भुईया टोला गांव के ग्रामीणों ने बताया कि यह पीसीसी रोड लाखों रुपए के लागत से बन रही है परंतु ठेकेदार के द्वारा बालू के जगह पर डस्ट डालकर रोड की ढलाई की जा रही है जिससे हम गांव के ग्रामीणों को यह रोड की ढलाई गुणवत्ता नहीं दिख रही है जिसके कारण हम लोग रोड की ढलाई का कार्य रोकवाया गया हैं एवं डस्ट की जगह पर बालू से रोड की ढलाई का ग्रामीणों के द्वारा मांग की जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि रोड डस्ट डालकर नहीं ढलाई करने देंगे अगर बालू नहीं है तो कार्य बंद किया जाए बालू आने के बाद ही रोड की ढलाई की जाए जिसके लेकर ग्रामीण के द्वारा रोड की ढलाई का कार्य गुणवत्ता नहीं देख रोड के कार्य रुकवाने का कार्य ग्रामीणों के द्वारा की गई है।

# पूर्व सैनिकों ने मनाई नौसेना दिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों ने आज नौसेना दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी ने वीर शहीद जवानों को नमन करते हुए नौसेना की उपलब्धियां पर एक दूसरे को बधाई थी । बैठक कि संचालन हवलदार सुधीर सिंह ने किया एवं अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित संगठन में एक मात्र नौसेना से रिटायर्ड लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद को अंग वस्त्र पुर्व सैनिक का मुहमेन्टो एवं फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें सभी ने बधाई दी। कैप्टन दुकान सिंह ने कहा कि नौसेना 1971 के लड़ाई में बहुत बड़ी भूमिका रही थी जिसमें भारतीय नौसेना के जहाजों ने कराची बंदरगाह को तहस-नहस कर दिया था । लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को रायल इंडियन नेभी के नाम को बदल कर भारतीय नौसेना रखा गया। 1971के युद्ध में आप्रेशन ट्राइडेंट के तहत नौसैनिक जहाजों ने कराची बॉर्डर को तबाह कर दिया था साथ ही पाकिस्तानी पनडुब्बी गजि को भी समुद्र में ध्वस्त किया था । इसी यादगारी में 4 दिसंबर को नौसेना दिवस समारोह मनाया जाता रहा है। आगे उन्होंने कहा कि आज की नौसेना में काफी बदलाव हुआ है आज भारतीय नौसेना किसी भी देश से टक्कर में लेने में सक्षम है भारतीय नौसेना और बहुत से ऐसे कारनामे किए हैं जिसके लिए जाने जाते हैं जैसे की समुद्र में उठें सुनामी के दौरान भारतीय जहाज ने थाइलैंड, इंडोनेशिया जैसे देशों के जन, माल को बचाने में सभी को दवा, खाना, पानी पहुंचा में मदद की थी। हमारे पड़ोसी देश मालदीप में एयर अटैक के दौरान भी हमारे नेवी के जहाज बड़ी भूमिका निभाई थी एवं मालदीप को सुरक्षित रखने में मदद पहुंचाई। आज के मुख्य अतिथि संगठन के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने नेवी का पूरा विस्तार से सभी को जानकारी देते हुए तीनों सेना के बारे में जानकारी दी एवं उन्होंने ने नौसैनिक के जीवन जो समुद्री जहाज पर दो से तीन माह तक समुद्र में सेलिंग करते हैं जिन्हें बुद्ध हवा पानी खाना तक नहीं मिल पाती है काफी कठिनाइयों की सामना करना पड़ा है। आगे उन्होंने ने कहा कि आज हमारा भारत के शिपयार्ड में बने नौसैनिक जहाज एवं तीनों सेनाओं के उपकरणों को देश में उपयोग हो रही है साथ ही आज के दिन हमारा देश दुसरे देशों को भी सैन्य संबंधित उपकरण देने में सक्षम है।

# केतार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** वर्तमान सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमवार को केतार पंचायत के पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चन्द्रावती देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलपदाधिकारी नंदजी राम, जीप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मुखिया प्रमोद कुमार, प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही इस कार्यक्रम में प्रखंड के 13 महिला समूह के लाभुकों के बीच जेएसएलपीएस के बीपीएम प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में 13 लाख रु का सीसीएल बैंक क्रेडिट चेक दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने उपस्थि लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। वही शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया जिसमें खाद आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन सुरक्षा विद्युत विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण, अबुआ आवास सहित अन्य विभाग का स्टाल लगाए गए थे। जिसमें वन सुरक्षा एवं बैंकिंग विभाग अनुपस्थित रहे। बीडीओ ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया की अंतिम व्यक्ति तक आवेदन को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन किया जाना है। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले दो वर्षो से कार्यक्रम का सफल आयोजन वर्तमान सरकार द्वारा हो रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन,सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना है। साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी करना है। उन्होंने कहा कि इस बार विभिन्न कई नई योजनाएं आई है। जिसमे अबुआ आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया जाना है।

## पिपरा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायल



**पिपरा, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत विजय तारा पेट्रोल पंप के समीप एनएच 98 सड़क पर ट्रक और पिकअप की आमने-सामने हुई टक्कर में पिकअप सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बिहार के फेसर स्टेशन पोखराहा गांव निवासी छेदी साव के 45 वर्षीय पुत्र चालक अजय साव और बारून थाना क्षेत्र के कजवा कुड़वां निवासी कामता सिंह के 25 वर्षीय पुत्र दिनू कुमार का नाम शामिल है। इस संबन्ध में पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि दोनों हरिहरगंज की ओर से छतरपुर की ओर पिकअप से जा रहे थे। इस दौरान छतरपुर की ओर से आ रहे हैं एक ट्रक से पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई। बताया गया कि इसकी सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पिपरा पुलिस ने घटनास्थल जाकर घायलों की ईलाज के लिए छतरपुर भेज दिया। पुलिस इस सड़क हादसे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मौके पर एसआई अभय आनंद एवं पिपरा थाना के अन्य सुरक्षाकर्मी उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, मंगलवार, 05 दिसंबर 2023 | पेज 3


संक्षिप्त खबरें

## सुनील अग्रवाल बने हिन्दू जागरण मंच बरियातू मंडल के अध्यक्ष

**रांची** : हिन्दू जागरण मंच बरियातू मंडल का गठन बरियातू स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को संपन्न हुआ। मंडल का गठन महानगर अध्यक्ष चन्दन मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रांत उपाध्यक्ष सुजीत सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सभी की सर्वसम्मति से सुनील अग्रवाल को बरियातू मंडल अध्यक्ष और मानव सिंह मंडल महामंत्री का दायित्व दिया गया। मंडल गठन के दौरान सौरभ मिश्रा को मंडल उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर मिश्रा को मठ-मंदिर सुरक्षा प्रमुख, विशाल रजक को युवा वाहिनी प्रमुख, सत्यम मिश्रा और ज्योतिष शाह को मंत्री, मानदेव भगत को विधि प्रमुख एवं राकेश जयसवाल को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपित सशरीर कोर्ट में हुए पेश

**रांची** : ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपित कोर्ट में सशरीर पेश हुए। आरोपितों में मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े, विनोद सिन्हा शामिल थे। सुनवाई के दौरान अन्य आरोपितों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ ट्रायल पर रोक का आदेश दिया है। इसलिए अन्य आरोपितों के मामले भी फिलहाल स्थगित की जाए। आरोपितों का आग्रह सुनने के बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच जनवरी की तिथि निर्धारित की है। यह जानकारी अधिवक्ता भानु ने दी। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है।

# झारखण्ड में कोई सुरक्षित नहीं : सुदेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राजनीति में सत्ता की चुनौती सदैव आती रहेगी परन्तु राज्य के विकास में जरूरी विषय न छुटे यह पार्टी की पहली प्राथमिकता है। आम लोगों का योगदान मतदान तक है. परन्तु बौद्धिक लोगों का योगदान व्यापक एवं अहम भूमिका होता है। राजनीतिक प्लेटफार्म में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि सकारात्मक राजनीति के लिए सकारात्मक विचारों की आवश्यकता है।उक्त बातें केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान डॉ. अशोक नाग के साथ कई शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने पार्टी का दामन थामा। इससे पहले सुदेश कुमार महतो के आवासीय कार्यालय में रॉयल प्रोफेशनल एंड शिवभारती फार्मेसी कॉलेज की निदेशक डॉ. रूमी राजखोवा कच्छप समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।पार्टी में शामिल हुए डॉ. अशोक नाग और उनके साथियों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो में कहा



कि अशोक नाग झारखंड को समझने और जमीनी स्तर पर काम करने वाले व्यक्ति हैं। बुद्धिजिवियों को राजनीति में आने से राज्य की आवश्यकता पर सकारात्मक काम करने में बल मिलेगा यह पार्टी के लिए शक्तिवर्धक एवं उत्साहवर्धक होगा। संगठन का विचार और नेतृत्व आपके साथ है। इन्हें जनता हित से जुड़े हर काम को करने का पूर्ण सहयोग देगी आजसू पार्टी। कल आए तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व एवं देश की जरूरत को जनता ने भारी मतों से जीत दिलाई है। आजसू पार्टी ने पिछ्ले चुनाव में राष्ट्रीय राजनीति में दखल दिया है। यह परिणाम आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में एक आकर्षक बल देगा। धनबाद के जेल में हुई घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में झारखण्ड में कोई सुरक्षित नहीं है। झारखण्ड में न विधि है, न व्यवस्था है। इंडिया गठबंधन पर उन्होंने कहा कि यह एक काल्पनिक समझौता है जिसका नेता और नीति दोनों ही स्पष्ट नहीं है।पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वाले डॉ अशोक नाग ने कहा कि आज मेरी घर वापसी हो रही है। पूरा युथ सुदेश जी के साथ है, सुदेश महतो मेरे रोल मॉडल हैं। मिलन समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ देवशरण भगत, डोमन सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी,सुधीर यादव,रामजीत गंझू, मकबूल रहमान, अमन शाहदेव और सत्यनारायण मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

### इन्होंने ली सदस्यता

डॉ. अमरनाथ, डॉ. रंजय कमल, डॉ राकेश कुमार सिन्हा, डॉ सुमित कुमार, डॉ. राजमणि, डॉ. विक्रांत कुमार रवि, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. काजल राय, डॉ. पल्लवी मिश्रा, डॉ. अनन्या प्रिया, डॉ. शैली उपाध्याय, डॉ. निमिषा सिन्हा, डॉ. आशीष आलोक, डॉ. उद्धव टोप्पो, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. अक्षय कुमार वर्मा, डॉ. विक्रम शर्मा, डॉ. तरुण मुंडा, डॉ. नेहा किस्कू, डॉ. रवि नाग, सूरज अग्रवाल,प्रशांत सिंह,रोशन सिंह,आशुतोष कुमार, किरण शर्मिला, देवाशीष, ज्ञानरंजन, राजीव महतो, राजू उरांव, दीपक उरांव, सोनू कुमार, सुमित महुवा, सुमित सिंह, जय महतो, राज ठाकुर, आकाश ठाकुर, संदीप,राहुल,मोहन सिंह, संजीत, आदर्श, सूरज, अंशिता, प्रीति, सुशांत, चांदनी, काजल, विकास समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# टाटा स्टील झारखंड लिटरेरी मीट का छठा संस्करण आठ से रांची में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : टाटा स्टील झारखंड लिटरेरी मीट का छठा संस्करण 8 से 10 दिसंबर तक रांची के ऑड्रे हाउस में चलेगा। महोत्सव का माहौल 8 दिसंबर की शाम को ऑड्रे हाउस में सूफी-भक्ति परंपराओं की कविता का जश्न मनाते हुए पद्मश्री शुभा मुद्गल की प्रस्तुति के माध्यम से तय किया जाएगा।महोत्सव का आधिकारिक उद्घाटन नौ दिसंबर को प्रसिद्ध पौराणिक कथाकार देवदत्त पटनायक द्वारा किया जाएगा। उनकी नवीनतम पुस्तक बाहुबली- 63 इनसाइट्स इनटू जैनिज्म लॉन्च की जाएगी और वह आधुनिक समय में भगवद्गीता की प्रासंगिकता पर भी बात करेंगे। उद्घाटन सत्र के बाद, महोत्सव में प्रसिद्ध अनुभवी हिंदी लेखिका ममता कालिया साहित्य जगत में अपनी शानदार यात्रा पर चर्चा करेंगी। क्षेत्र की होनहार युवा लेखिका पार्वती तिर्की, जिन्हें उनके पहले कविता संग्रह फिर उगना के लिए प्रलेख नवलेखन सम्मान से सम्मानित किया गया है। झारखंड के प्रमुख साहित्यकारों में से एक और बिरसा मुंडा पुरस्कार विजेता महादेव टोप्पो के साथ मंच साझा करेंगी। पुरस्कार विजेता लेखक जेरी पिंटो पुराने जमाने के उपन्यासों के आकर्षण के बारे में बोलेंगे। झारखंड के दो युवा मनमौजी फिल्म निर्माता, निरंजन कुमार कुजूर और सेरल मुर्मू, इस क्षेत्र से जुड़ी कहानी कहने की रूढ़ियों को तोड़ने पर चर्चा करेंगे। लेखक, पक्षी विशेषज्ञ और संरक्षणवादी बिक्रम ग्रेवाल भारत की पहली बर्डवूमन - जमाल आरा - के उल्लेखनीय जीवन और झारखंड के जंगलों की कुछ रोमांचक कहानियों के बारे में वन्यजीव इतिहासकार, पर्यावरणविद् और कहानीकार रज़ा काज़मी से बात करेंगे।

इंजीनियर से लेखक बने प्रशांत पंडिता अपने पहले उपन्यास द जेहलम बॉयज़ के बारे में बात करेंगे, जो विभिन्न धर्मों के दो कश्मीरी लड़कों के बीच दोस्ती की खोज है अगले दिन की शुरुआत श्रीलाल शुक्ल की अग्रणी पुस्तक राग दरबारी के प्रकाशन के पचपन वर्ष का जश्न मनाने से होगी।

# विहिप ने एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ( एनएचएआई) के क्षेत्रीय अधिकारी वाई. बी. सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि गढवा के अचला नावाडीह ग्राम स्थित अवैध कब्रिस्तान ( राष्ट्रीय राजमार्ग-75 ) के ऊपर से असंवैधानिक तरीके से बनने वाली फ्लाईओवर बनाया जाना है।

मौके पर विहिप के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने बताया कि राष्ट्रीय मार्ग बनने में अनेकों मंदिरों को विभागीय दबाव अथवा सहमति से स्थान परिवर्तन करके बनाने का कार्य किया जाता रहा है। लेकिन अवैध रूप से गैरमजरूआ जमीन को कब्जा कर मात्र लगभग 100 मीटर की भूमि में बने कब्रिस्तान के ऊपर से फ्लाई ओवर बनाने का प्रस्तावित है, जो निविदा-प्रपत्र से अलग है। यह निर्माण का प्रस्ताव असंवैधानिक है।

डॉ साहू ने कहा कि फ्लाई ओवर निर्माण के प्रस्ताव से गांववालों सहित हिंदू समाज की भावना को काफी ठेस पहुंच रही है। ग्रामीणों ने कार्य बन्द कराकर कार्य करने वाली संवेदक शिवालय के कैम्प में कार्य नहीं करने के लिए आवेदन भी दिया है। इस संबंध में परियोजना निदेशक, डालटनगंज को भी हो रही असंवैधानिक कार्य को बन्द कराने के लिए गत 30 नवम्बर आवेदन दिया गया है।

# आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार का निरीक्षण करने पहुंचे झामुमो नेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत् रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 15 सिरमटोली तथा वार्ड नं 16 में शिविर का अयोजन किया गया। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। आज निगम स्तर से दोनो शिविर में कुल मिलाकर आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया।* इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 2 सौ से अधिक जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी गण भी



वार्डों में जाकर निरीक्षण किया। किस तरह से सरकारी अधिकारी कम कर रहे हैं लोगों से मिल रहे हैं उनकी जरूरत की पूर्ति हो रही है या नहीं हो रही है । वही रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुस्ताक आलम भी फोन से फीडबैक लिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने भी जरूरतमंदों के बीच उनसे बात की और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम , उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा , रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता , परवेज आलम, राकेश वर्मा ,सोहेल खान ,फिरोज, साजिद ,आबिद अंसारी और कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पैरामाउंट पब्लिक स्कूल व आफाक एकेडमी स्कूल को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव माही, द्वारा 11 नवंबर 2023 को कडरू स्थित हज हाउस में मौलाना आज़ाद की जयंती के अवसर पर शैक्षिक और सांस्कृतिक मेला- 2023 का सफल आयोजन किया गया।

इस मेले में लगभग 30 विभिन्न स्कूलों के 550 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने पेंटिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शनी,विज्ञान प्रदर्शनी,और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियों में भाग लिया। उक्त मेले से संबंधित आज माही के सदस्यों ने पैरामाउंट पब्लिक स्कूल व आफाक एकेडमी हिंदपीढ़ी के भागीदारी को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन को स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड और मेला से संबंधित मेमोरी फोटो प्रदान किये। साथ ही, उन्होंने शानदार प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट व मेडल से सम्मानित किया, जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में अपनी भागीदारी और उपलब्धियों का सम्मान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाजी नवाब, मोहम्मद नजीब, खालिद सैफुल्लाह, डॉक्टर नाजिश हसन,मोहम्मद इकबाल, नदीम अख्तर,शकील अहमद, एवं मोहम्मद सलाहउद्दीन के साथ स्कूल के प्रबंधन व शिक्षक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता के पांचवे दिन खिलाडियों ने चमक बिखेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया एवम झारखंड साइकलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम खेलगांव रांची में 75वां सीनियर महिला एवम पुरुष ,52वा जूनियर ,38वा सब जूनियर बालक एवम बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के पांचवे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विजय हांसदा सांसद राजमहल, शब्बीर हुसैन, एशियन साइकिलिंग कन्फेडरेशन के सेक्रेटरी सरदार ओमकार सिंह, विशिष्ट अतिथि मनिंदर पाल सिंह महासचिव साइकलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, अम्लान कुसुम सिंह , उपाध्यक्ष झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन , अम्लान कुसुम सिन्हा उपस्थित थे। ओवरऑल चैंपियनशिप चैंपियन रेलवे 86 पॉइंट के साथ विजेता ,राजस्थान 73 पॉइंट के साथ विजेता ,बेस्ट वुमन साइकिलिस्ट ऑफ़ द चैंपियनशिप सरिता कुमारी झारखंड 3 गोल्ड के साथ, पुरुष में खेताराम जीगा राजस्थान तीन गोल्ड और एक सिल्वर के साथ और बेस्ट साइकिलिस्ट का चैंपियनशिप बना वूमेन मे सीनियर में रेलवे विजेता, राजस्थान उपविजेता, जूनियर में राजस्थान विजेता ,तमिलनाडु उपविजेता, सब जूनियर और यूथ में राजस्थान विजेता मणिपुर उपविजेता बना। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सांसद विजय हांसदा पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल पारंपरिक अंग वस्त्र एवं चैंपियन की जर्सी प्रदान किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए शब्बीर हुसैन ने भी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं एशियाई साइकलिंग महासंघ के महासचिव ओंकार भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेन्द्र पाठक ,उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, झारखंड साइकलिंग संघ के उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश कुमार यादव, दिलीप गुप्ता, जीतेंद्र महतो, नरेश कुमार, चंद्र बहादुर सिंह, राजकुमार मेहता,सोमित्रों बोराल,अनीता कुमारी, मो0 दानिश, आदि का योगदान रहा।

# मोदी की गारंटी पर देश की जनता का भरोसा : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : सांसद संजय सेठ छत्तीसगढ़ के सूरजपुर संभाग के प्रभारी के तौर पर तीनों विधानसभा के प्रत्याशी की जीत हुई।

सांसद संजय सेठ ने तीन राज्यों के प्रचंड जीत पर बधाई दी है सांसद सेठ ने कहा देश की जनता ने मोदी जी की गारंटी पर अपना विश्वास जताया सांसद सेठ ने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बीजेपी के सभी कार्यकर्ता और तीनों राज्य की जनता का आभार जताया है जिनके कुशल नेतृत्व में भाजपा ने तीनों राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की सांसद संजय सेठ ने छत्तीसगढ़ के सूरजपुर संभाग के तीनों विधानसभा के प्रभारी के रूप में काम किया तीनों विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी भटगांव विधानसभा प्रेम नगर प्रतापपुर में प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की इस जीत के लिए संसद ने तीनों प्रत्याशी को बधाई दी और सूरजपुर संभाग के जनता वहां के भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।



# डीडीसी ने बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता रथ किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची के उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बाल सुरक्षा, बाल अधिकार युक्त और बाल अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए विकास भवन से जागरूकता रथ रवाना किया। सोमवार को जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से सिन्दुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के सहयोग से बाल सुरक्षा, बाल अधिकार और बाल अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए चार दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ 15 दिसम्बर तक जिले के सभी 18 प्रखण्डों में बाल मजदूरी , बाल विवाह, बाल तस्कारी, बाल यौन शोषण से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता के माध्यम से जन समुदाय के बीच जाकर जागरूक करेगी। मौके पर डीडीसी ने जागरूकता रथ रवाना करने के क्रम में कहा की झारखंड सरकार बच्चों और महिलाओं को लेकर काफी संवेदनशील उनकी सभी समस्या का निदान हो यह हमारी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने विशेष रूप से कहा की यह जागरूकता रथ प्रखंड-प्रखंड बच्चों के बारें में जानकारी लेगा, उन्हें जागरूक करते हुए उनकी समस्या का निदान किया जाएगा। डीडीसी ने कहा की बच्चों से जुड़ी समस्या का निदान करेंगे, निदान की पहली सीढी जागरूकता है। यह रथ प्रखंड-प्रखंड, गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले घूम कर बच्चों को जागरूक करेगी साथ ही उनकी समस्या को जमीनी स्तर से समझते हुए इसका निदान करेगी।

## कांके थाना में पदस्थापित दारोगा वीरेंद्र प्रसाद मेहता लाइन हाजिर

**रांची:** कांके थाना में पदस्थापित दारोगा वीरेंद्र प्रसाद मेहता को लाइन हाजिर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के पीड़ित महिला फूलमनी और अन्य के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत पर जांच में सही आरोप पाए जाने के बाद आरोपी दारोगा वीरेंद्र मेहता को लाइन हाजिर किया गया। दारोगा से 48 घण्टे के अंदर विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। पूर्व में भी दारोगा वीरेंद्र मेहता पर दुर्व्यवहार का आरोप लग चुका है। 22 नवंबर को भी छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में कांके थाना का घेराव किया गया था।

# बाबूलाल मरांडी ने बोकारो में भूमि घोटाले में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई को लेकर डीजीपी को लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को बोकारो में जमीन घोटाले मामले में बोकारो पुलिस की जांच पर चिंता जाहिर करते डीजीपी को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि जनहित और राज्य हित में जमीन घोटाले की विस्तृत जांच हो। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने और एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दें। बाबूलाल मरांडी के मुताबिक बोकारो में वन क्षेत्र की भूमि के मामले में मो इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन का नाम सामने आया है। फर्जी कागजातों के जरिये मौजा तेतुलिया, थाना चास, थाना संख्या-38 के प्लॉट संख्या 426, रकबा 40.60 एकड़ एवं प्लॉट सं 450, रकबा 66.60 एकड़ भूमि पर कब्जा के मामले में साजिश रची। यह मामला बोकारो वन प्रमंडल की वन भूमि को इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन द्वारा जाली दस्तावेज तैयार कर अवैध तरीके से हड़पे जाने से है। मरांडी ने इस मामले में शिकायत मिलने के बाद बोकारो पुलिस की कार्रवाई को लेकर चिंता जाहिर की है।उसे संदेहास्पद बताया है। उनके मुताबिक वन विभाग द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के अनुरोध पर मुकदमा दर्ज किए बिना ही आइओ ने बिना वन विभाग के पक्ष जाने जांच रिपोर्ट जमा कर दी। बीएसएल के अधिकारियों ने आपसी मिलीभगत से संबंधित भूखंड को अधिग्रहित बताते हुए जांच रिपोर्ट में अपना मंतव्य दिया है। राज्य में जमीन घोटालों का जिक्र करते बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जमीन घोटालों से जुड़े कई सनसनीखेज मामले सामने आ चुके हैं। संभव है कि इतने बड़े जमीन घोटाले के तार भी कई रसूखदार और सफेदपोशों से



जुड़े हों। ऐसे में इस संबंध में जिला वन पदाधिकारी, बोकारो द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आलोक में एफआईआर दर्ज किया जाना आवश्यक है।

# 32 जनजातीय समुदाय के एक लाख लोगों का होगा जमावड़ा : अंतु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारत के इतिहास में आदिवासी समुदाय का इतिहास बेहद ही गौरवपूर्ण रहा है । और इसमें भी बात जब हम सब जतरा का करते हैं तो आदिवासी समाज में जतरा का गौरवशाली इतिहास रहा है।जल,जंगल, ज़मीन, ढोल, नगाड़ा, अखाड़ा, नृत्य संगीत, पारंपरिक लोक गीत नृत्य, पहनावा वोढावा, खान पान, रहन सहन ही आदिवासी समुदाय की पहचान है.झारखंड में बत्तीस प्रकार के आदिवासी समुदाय निवास करता है. झारखंड के तईस वर्ष बाद भी कई ऐसे आदिवासी समुदाय है जो जतरा को या तो नहीं जानते है या मनाने से कतराते हैं.अपनी पहचान संस्कृति भाषा पारंपरिक लोक नृत्य संगीत, समाज को जागरूक करने और उन्हें एक सूत्र में बांधने को लेकर राजधानी राँची के धूमकुड़िया भवन में आदिवासी सामाजिक अगुवा अंतू तिर्की के अध्यक्षता में एक बैठक की गई. बैठक में तिर्की ने कहा कि झारखंड में 32 प्रकार के आदिवासी समुदाय निवास करती है किंतु झारखंड अलग राज्य होने के तईस वर्ष बाद भी कई ऐसे आदिवासी समुदाय है जो आ भी अपने सांस्कृतिक धार्मिक पूजा पाठ, नृत्य संगीत के बारे में नहीं जानते है. ऐसे लोगों को जागरूक कर उन्हें एक सूत्र में




बांधना समाज के मुख्यधारा से जोड़ना और अपने कला संस्कृति, भाषा परंपरा इत्यादि के बारे में बताना है.इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित है सरना सदन मोर्चा के सर रंजीत टोपपो जी हेमंत बरला जो, महेश महतो जी अजीत राज जी संजू प्रधान ,अशोक कुमार मुंडा जी , नीलम बिरूली , अमित मुंडा,अभय बूटकुमार , नरेश पाहन जी ,रवि मुंडा जी जगलाल पाहन, रितेश उरांव जी कुंदरशि मुंडा जी ,निरंजना टोप्पो ,महादेव मुंडा ,सोनू खलखो अंजू तिर्की, नरेश पहन अजीत उरांव, मिथिलेश कुमार, राकेश मुंडा ,अनिल उरांव, राधा हेंब्रम बिरसा पहन , सोनू खालको,सुखदेव मुंडा ,महावीर लकड़ा ,अरुण पहन ,सूरज,मोहन तिर्की ,विकी करमाली, विनय नायक विक्की कुमार , प्रतीत , संजीव प्रधान , रहुल तिर्की, अंजू तिर्की,दीप्तराज बेदिया, मानसिंह मुंडा, बुधवा मुंडा, महादेव मुंडा, मुकेश मुंडा, डबलू मुंडा , संजय तिर्की, पवन तिर्की,अनीता गाडी, सिकंदर मुंडा, हरीश मुंडा, अनुज मुंडा, सुरेश मिर्धा, रंजीत उरांव एवं अन गणमन अतिथि लोग उपस्थित ।

# मतलबी हो चुके निचले स्तर के कार्यकर्ताओं पर लगाम लगाए कांग्रेस : सोनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** इंटक के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवम पूर्व कांग्रेस पार्टी ओ.बी.सी मोर्चा के राष्ट्रीय माहसचिव सन्तोष कुमार सोनी ने चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का तीन राज्यो में हुई हार को दुखद बताया तथा कांग्रेस आलाकमान को एक पत्र लिखा है, सोनी ने कांग्रेस आलाकमान को लिखे पत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने हेतु अनुरोध किया कि इस हार की व्यापक समीक्षा किया जाना चाहिए साथ ही उदण्ड एवम मतलबी हो चुके निचले स्तर के कार्यकर्ताओं एवम पार्टी पदाधिकारियों पर लगाम लगाए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। सोनी ने कांग्रेस आलाकमान से यह भी अनुरोध किया कि बूथ स्तर की कमेटियों की समीक्षा के साथ नए लोगों को जिम्मेवारी दे। कहने का मतलब कांग्रेस का कायाकल्प ही एकमात्र रास्ता है। सोनी ने पत्र में लिखा है कि कांग्रेस को इस हार के कारणों को खोज कर पुनः ऊर्जावान बनाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने की जरूरत है । सोनी ने मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया है कि जनता का अब भी कांग्रेस पर ही विश्वास है मगर अतिउत्साही कार्यकर्ताओ ने खुद को आम जनता से दूर कर लिया है। सोनी ने लिखे पत्र में यह भी अनुरोध किया कि ऐसे तत्वों से पार्टी को मुक्त कराने का जोरदार अभियान छेड़ा जाय।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, मंगलवार, 5 दिसंबर 2023 | पेज 4


## मजदूर नेता ने खाद्य सामग्री दिया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खलारी के चुरी मध्य पंचायत लंबा धौड़ा निवासी स्वर्गीय सूरजमल कुमार महतो के परिजन को आर्थिक मदद किया. स्वर्गीय सूरजमल का कुछ दिन पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो गया था जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने घर जाकर संवेदना व्यक्त करते हुए ही खाद्य सामग्री दिया. अंसारी ने आगे भी परिवार वालों को हर संभव मदद करने काआश्वासन दिया.

## रांची टाटा रोड़ के पोड़ाडीह में एक्सीडेंट एक महिला घायल

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):**रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा मार्ग पर पोड़ाडीह में एन एच आई सड़क निर्माण करा रही है कम्पनी द्वारा बनाये ठोकर पर स्कूटी असंतुलित हो गई। जिससे स्कूटी सवार महिला गिरकर बुरा तरह से घायल हो गई।घायल महिला का दहिना पैर टूट गया एवं माथा में तथा चेहरा में भी गहरा चोट लग गया।उक्त महिला का नाम जीरोमनी देवी है तथा मायके कोड़ाडीह और ससुराल सोनाहातु बाँधडीह बता रही है। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से 1033 एम्बुलेंस के द्वारा ईलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया है। महिला की स्थिति गम्भीर बताया जाता है।

## श्रद्धा से मनायी गयी सुरेंद्र मिश्रा की तीसरी पुण्य तिथि

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाबा आम्रेश्वरधाम प्रबंध कमेटी में महामंत्री रहे हरदिल अजीज एवं समाजसेवी सुरेंद्र कुमार मिश्रा की सोमवार को तीसरी पुण्य तिथि श्रद्धा के साथ मनाई गयी। तीन साल पूर्व आज ही के दिन सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने हम सबो को छोड़ स्वर्गलोक में चले गये थे। उनके निधन के तीनो साल बाद भी लोग उन्हे याद करना नही भूलते। सोमवार को उनकी तीसरी पुण्य तिथि उनके आवासीय परिसर में मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोगो समेत परिवारजनों ने स्वर्गीय मिश्रा की तसवीर में पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजली दी। साथ ही उनके कार्यो को याद किया। उधर आम्रेश्वरधाम परिसर में भी श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित कर सदस्यों ने उन्हे याद किया और उनके अधूरे कार्यो को पूरा करने का संकल्प लिया। इस बीच सोमवार की शाम परिवारजनों की ओर से दिवंगत की याद में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। श्रद्धांजली देने वालो में धाम प्रबंध कमेटी के महामंत्री मनोज कुमार,मुनीनाथ मिश्रा,संतोष पोददार,रमेश मांझी,कैलाश भगत,सत्यजीत कुंडू,महेंद्र भगत,दानिएल भगत समेत कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा,देवजीत देवघरिया,पत्रकार राजेंद्र प्रसाद,महेंद्र अग्रवाल,रामकुमार भगत,ओमप्रकाश मिश्रा,रामानंद तिवारी,प्रणय चौधरी,बबलू चौधरी,लव चौधरी, संतोष कुमार गुप्ता, संजय मिश्रा,रविकांत मिश्रा,विकास मिश्रा,रंजीत प्रसाद,प्रिंस,अनूप साहू आदि शामिल थे।

## देवेन्द्र की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सिल्ली निवासी देवेंद्र नाथ सोनार(52) की बिते रात रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मोत कि खबर से सिल्ली एवं आसपास क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। हंसमुख देवेंद्र नाथ सोनार मृदु भाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। वे समाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। ज्ञात हो कि पिछले 25 नवम्बर को देवेन्द्र नाथ सोनार नामकोम से अपने बेटी के साथ स्कुटी से सिल्ली आ रहे थे इसी क्रम में रांची पुलिया पथ पर हेंसाडीह के समीप अनियंत्रित होकर स्कुटी से गिर पड़े जिससे उनकी बेटी को माहुली चोट आई वहीं देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रिम्स में भर्ती किया गया जहां इलाज के दौरान रविवार रात 8~30 बजे उनकी मृत्यु हो गई। सोमवार को मुरि स्वर्ण रेखा नदी तट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन, रिस्तेदार समेत काफी संख्या में दोस्त एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## शक के आधार पर एक गिरफ्तार, छोड़ा गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कलवाडीह निवासी मो.हारून रशीद को रविवार की शाम पुलिस ने किया गिरफ्तार! जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व छोटा मुरी निवासी पूर्व वार्ड पार्षद भारती देवी पर जानलेवा हमला हुआ था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका इलाज सिंहपुर नर्सिंग होम में किया गया था। इधर शक के आधार पर मोहम्मद हारुन को हिरासत में लिया गया था। मुरी ओपी प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पूछताछ के लिए उसे लाया गया था। कुछ भी एविडेंस ना मिलने के कारण उसे छोड़ा गया।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** प्रखंड के पंडरी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के तौर पर कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मो इस्तेयाक उपस्थित हुये । उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को बताया कि सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का है। उन्?होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार के समय ग्रामीण प्रखंड ब्लॉक का चक्कर लगा-लगा कर थक जाते थे, लेकिन वर्त्तमान सरकार ने निश्चय किया, कि अब सरकार गांव एवं कस्बों तक जाकर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान किया जाएगा शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए ।

साथ ही कार्यक्रम मे कंबल/धोती साड़ी वितरण किया स्कूल के बच्चों एवं छ्स्क्ष्क्ष के महिलाओं को चेक देकर सम्मानित किया मौके प्रखंड विकास पदाधिकारी .अंचलाधिकारी cdpo .bpm .ci . जिला परिषद सदस्य .मुखिया जयनाथ भगत पंचायत समिति सदस्य रफत परवीन पंचायत अध्यक्ष तजमूल अंसारी वार्ड सदस्य शहीम अंसारी कौसर जहां लाइक अहमद मोजिब अंसारी पार्वती देवी मोजिब अंसारी मुन्नी उराइन आदि उपस्थित थे।।।

## दिव्यांग दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के द्वारा अनगड़ा प्रखंड मैदान में आयोजित दिव्यांग दिवस मनाई गया । मुख्य अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुंडा थी दिव्यांग भाई बहनों को संबोधन में कहा की कभी भी अपने मन में आप को दिव्यांग कह कमजोर ना करें आप सभी सम्मान्य लोगों से अधिक अधिकार प्राप्त है। दिव्यांग लोगों में विल चियर और बैसाखी बांटी गई खेल कूद और संगीत मे बीजेताओ को पुरुस्कृत की गई,

कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, प्रखंड पदाधिकारी जयपाल सोय, भाजपा नेता रामसाय मुंडा, दिव्यांग संघ अध्यक्ष तबरेज खान सचिव लीला देवी कोषध्यक्ष रामदयाल सिंह, सुकेश कुमार महतो, सीकरी मुंडा विमल महतो सुखदेव महतो, मोहरनाथ पूजा देवी, संदीप मुंडा नीरज, लग्नुराम बेदिया सुरजन बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे ।

## इमामुल हक के जिला उपाध्यक्ष बनने पर लोगों ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी प्रखंड के एनएमओपीएस के प्रखंड संयोजक इमामुउल हक को जिला उपाध्यक्ष बनने पर ओरमांझी प्रखंड कमेटी के संरक्षक सह शिक्षक संघ ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इमामुल हक जुझारू और कर्मठ है इनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर जिला संगठन निश्चित रूप से मजबूत होगा और आने वाले दिनों में अपने मांगों को जोरदार ढंग से रखने का काम करेंगे। इनके अलावा कमिटी के प्रखंड कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, मो मुस्तफा अंसारी,जमाल अंसारी, मो शमीम अंसारी, जीतमोहन पाल, लक्ष्मण उरांव, इंद्रजीत उरांव सहित कई लोगों ने बधाई दी।

# खलारी थाना में सैकड़ो जब्त वाहन वर्षों से है खड़े



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी थाना में सैकड़ो जब्त वाहन पिछले कई वर्षों से खड़े हैं. कई दो व चार पहिया वाहन कबाड़ में तबदील हो गए हैं.कोयला चोरी, बालू तस्करी, सड़क दुर्घटना, अवैध परिवहन, नशा तस्करी सहित अन्य मामलों में जब्त किए वाहन पड़े हुआ है.खलारी थाना परिसर में खड़े वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पिछले कई सालों से नहीं हुई है. थाना परिसर में जब्त वाहनों का अंबार लगा है. थाना परिसर सहित थाना के बाहर जब्त वाहनों का ढेर हैं.थाना के बाहर इतना जब्त बाहन हो गया है कि आम रास्ता भी संक्रिन हो गया है. पुलिस के अनुसार जब्त वाहनों में किसी के मालिक का पता नहीं है तो किसी का केस अभी तक कोर्ट में चल रहा है.कई दुर्घटनाओं में ज्यादा क्षतिग्रस्त हो चुके वाहनों को कोई लेने ही नहीं आया. इन वाहनों की कीमतें हजारों से लेकर लाखों रुपए तक है.जानकारी अनुसार थाना में विभिन्न प्रकरणों में पकड़े गए वाहन वर्षों से थाने में खड़े है.

### काफी दिनों से नीलामी नहीं हुई है : थाना प्रभारी

खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम ने बताया कि हाल के वर्षो में जब्त कई वाहन आवश्यक औपचारिकता पूरी कर छूटे हैं. पूर्व के जब्त वाहनों के मालिक भी प्रयास नहीं करते हैं. कुछ वाहन अभी भी छूट सकते हैं. वहीं काफी दिनों से नीलामी भी नहीं हुई है. वर्षो से खड़े वाहन मालखाने की सूची में होते हैं. मालखाना सौंपने और लेने के दौरान पुराने जब्त वाहन थानेदारों के लिए परेशानी ही है.

## तमाड़ के आमलेशा मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के आमलेशा स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी पंचायत के पुरुष वर्ग फुटबॉल की टीम और चार महिला टीमों ने हिस्सा लिया है। प्रखंड स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेता पंचायत की टीम जिला में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी।मौके पर अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो,उप प्रमुख शकुंतला खंडित, जिला परिषद सदस्य भवानी मुंडा, मुखिया हरीश सिंह मुंडा, अनिता देवी, बिस्वभूसन सिंह मुंडा, बलराम सिंह मुंडा, रवि पातर, धनसिंह मुंडा,दुर्गा उरांव, लक्ष्मी सिंह मुंडा, करम सिंह मुंडा, मनोज महतो, बीपीआरओ, नजीर,आदि शामिल हुए। ।

## नामकुम व टाटीसिल्वे के कार्यकर्ताओ में खुशी का लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीन राज्यों, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त करने के उपलक्ष्य में सांसद समाधान केंद्र, सदाबहार चौक, नामकुम एवम टाटीसिल्वे में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह एवम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के नेतृत्व में मिठाइयां बांटकर और पटाखे जलाकर जश्न मनाया गया। इस मौके पर भारत माता की जयकार से चौक गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने तीनों राज्यों की जनता के प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट किया तथा आगामी लोकसभा चुनाव में हर सीट पर कमल खिलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गोपाल चौधरी, गोरखनाथ सिंह, उमाकांत राय, दिलीप सीग्रीवाल, सुबोध सिंह, अशोक नायक, प्रज्ञा भारती,राजन साहू, अमित मिश्रा,राजेश मिश्रा,गाजु महतो,सरयुग प्रसाद,गिरिधर मिश्र,श्री दाम सिंह मुंडा,रंथु नायक,जयंती देवी, रूमा देवी, कृष्णा देवी, विजेंद्र राय , सुनील कुमार , मनोज सिंह,तुलसी गोप, कौशल सिंह, परमेश्वर कुमार, बसंत कुमार सिंह, अखिलेश यादव, अनिल यादव, रामाधार सिंह, कौशल सिंह ,शैलेंद्र ठाकुर, रविंद्र कुमार, नीरज कुमार आदि अनेक कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# सिदरौल में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में खिजरी विधायक हुए उपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** प्रखण्ड के सिदरौल पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित हुए। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को गांव में ही मिले इसके लिए हमारी सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया है।

ऐसे व्यक्ति जो प्रखण्ड कार्यालय तक नहीं पहुंच पाते है वैसे व्यक्तियों का काम इस तरह के कार्यक्रम में हो रहा है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप अपने विधान सभा क्षेत्र में प्रतिदिन लगातार आपकी योजना, आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंच कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं तथा लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। विधायक राजेश कच्छप के कार्यक्रम में पहुंचने से ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे हैं। ग्रामीण सीधे विधायक से समस्या का फरियाद लगा रहे हैं वहीं विधायक राजेश कच्छप कार्यक्रम स्थल में ही समस्या की निदाना करा रहे हैं ।

कार्यक्रम में कुल 1976 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना 37, आबुआ आवास योजना 412, आधार पंजीकरण 07, मनरेगा के तहत नए कार्य हेतु आवेदन 22, आयुष्मान कार्ड 88, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना एक, जन्म प्रमाण पत्र चार, कंबल वितरण 247, जाति प्रमाण पत्र 72, सामुदायिक वन पट्टा एक, आधार कार्ड में संशोधन सात, ऑनलाइन भू अभिलेख में सुधार सात, राशन कार्ड में संशोधन 59, मृत्यु प्रमाण पत्र दो, धोती साड़ी लूंगी वितरण 502, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना एक, आय प्रमाण पत्र 40, बिजली संबंधी समस्या 10, किसान क्रेडिट कार्ड योजना 20, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 15, संपत्ति/भूमि मापी दो, संपत्ति/भूमि म्यूटेशन 18, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 26, समाधान पोर्टल नया पंजीकरण 18, अन्य 358 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी अमित भगत, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, पंसस रीता रजनी कुजूर, कृषि पदाधिकारी तपन कुमार साहू, अंचल निरीक्षक श्रावण कुमार झा, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी डा. नीलम माइकल, अमरेंद्र श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान मोगो भगत, दिलीप मुंडा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे ।

## कारो नदी के पास रैयती जमीन पर ग्रामीणों ने गडडा कर बालु तस्करी पर लगाया रोक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कारो गांव मे ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक सत्येन्द्र उंराव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।बैठक मे कारो नदी से हो रही अवैध बालु तस्करी पर आक्रोश प्रकट किया गया,साथ ही बालु तस्करी के रोकने की मांग की गई।बैठक के बाद नदी के अगल-बगल के रैयती जमीन पर ग्रामीणो ने गडडा कर अवैध बालु तस्करी के रोकथाम के लिए रास्ते को बन्द किया गया।इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण नदी के अगल-बगल अपने रैयती जमीन पर जेसीबी मशीन से गड्ढा कर दिया है,जिससे बालू तस्करी पर रोकथाम लगाया जा सके।ग्रामीणों ने कहा कि नदी से प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास के अलावे स्थानीय ग्रामीण अपने नीजि उपयोग के लिए बालू ले जा सकते हैं,लेकिन किसी भी कंपनी के लिए बालू ढुलाई का काम नहीं होने दिया जाएगा।बैठक में चिंता देवी, बालेश्वर उरांव,सत्येंद्र कुजूर, रूपलाल महतो,कोलेश्वर महतो,फूलमनी देवी,बालदेव उरांव,छोटू उरांव,बुधन भगत, बिरसा उरांव,प्रेम सुंदर लकड़ा,वीणा देवी,सुशीला कुमारी,ममता देवी,गायत्री देवी,प्रमिला देवी,सोहरमनी देवी,प्यासो देवी,अमन टाना भगत,गिरधारी महतो,अजीत महतो,जागेश्वर

## राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक संपन्न

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय वरिष्ठ संघ के सदस्यों की बैठक प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित संघ के कार्यालय में विजय चंद्र महतों की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन संघ के उपाध्यक्ष रतनलाल महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय संरक्षक निर्मल चंद्र साहू, सचिव करम सिंह महतो उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर कई विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। वहीं तय किया कि आगामी नव वर्ष 24 जनवरी को बड़ा चांगडू से सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा । आगामी 23 जनवरी को सतीघाट मेला परिसर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने का भी निर्णय लिया गया। विधानसभा स्तर में पंचायत कमेटी तैयार की जाए इसके लिए सिल्ली के अलावा सोनाहातू में भी 10 पंचायतों में पंचायत स्तर पर कमेटी बनाने तथा प्रखंड समिति, जिला समिति, राज्य समिति, का गठन कर राज्य स्तरीय सम्मेलन करने पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर समल महतो, रासबिहारी महतो, लखींद्र महतो, कृष्ण कुमार महतो हरिनाथ स्वसी, रघुनाथ महतो, प्रो योगेंद्र महतो, प्रो हेमंत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी बचरा के बच्चो का रहा शानदार प्रदर्शन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र छात्राओं ने डीएवी ग्राउंड रजरप्पा कोयलांचल मे संपन्न हुए दो दिवसीय डीएवी क्लस्टर स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता मे शानदार खेल का प्रदर्शन कर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता मे सीबीएसई क्लस्टर लेबल 4 एथलेटिक्स के कुल 9 स्कूलों के लभग 200 प्रतिभागी अपने टीम मैनेजर के साथ शामिल हुए।जिसमें सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के 11 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता मे भाग लिया।बालिका वर्ग में लवली रानी ने 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान,नन्दनी कुमारी 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान, नेहा कुमारी 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान,लॉन्ग जंप और रिले रेस में नेहा तिर्की तीसरा स्थान प्राप्त किया।बालक वर्ग मे रोशन मुंडा 200 मीटर दौड़ में और रिले रेस मे द्वितीय स्थान प्राप्त कर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा सहित पिपरवार का नाम रोशन किया है।बच्चो के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित सभी शिक्षको ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता से खेल प्रतिभाएं निखरती है।बच्चों में शिक्षण कार्यो के अलावा खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।आज खेल को कैरियर के एक बेहतर विकल्प के रूप देखा जा रहा है।खेल में कैरियर बनाने का अपार संभावना है।उन्होंने इस एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने की अपील की।साथ ही खेल शिक्षक एडी यादव और आभा खन्ना ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

## पिपरवार के बेती मे हुई विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेती खेल मैदान में विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन और विस्थापित डीओ होल्डर की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार राम और संचालन अमर कुमार महतो ने किया।बैठक में क्षेत्र के विस्थापित ट्रक ऑनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा कोयले का बिडिंग लगातार कम किया जा रहा है।पर्याप्त मात्रा में कोयला का आवंटन नहीं होने से क्षेत्र के ट्रक मालिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वर्तमान में बढ़ती महंगाई और प्रबंधन द्वारा कोयला का आवंटन कम करने से ट्रक मालिकों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है।बैठक में सीसीएल प्रबंधन से कोयले का बिडिंग और ऑफर बढ़ाने की मांग की गई।साथ ही मांगे पुरी नही होने पर एसोसिएशन के द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।बैठक के दौरान क्षेत्र के सभी विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिकों को एकजुट होने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बिजय महतो,जितेंद्र कुमार,रचित गंझु,लियाकत अंसारी,प्रेम ठाकुर,रामबालक गंझु, जयराम भुईयां,अमर महतो सहित काफी संख्या में ट्रक मालिक मौजूद थे।



## पिपरवार-टंडवा सीमांत क्षेत्र के लरंगा के पास सीसीएल की बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया से कोयला कामगारों को ड्यूटी से बचरा लेकर आ रही सीसीएल की शिफ्ट बस पिपरवार टंडवा सीमांत क्षेत्र के लरंगा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इस हादसे में शिफ्ट बस पर सवार दर्जनों कोयला कर्मचारी बाल-बाल बच गया।वहीं इस दुर्घटना में एक कार भी चपेट में आ गई, जिससे कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।कार सवार लोग सुरक्षित बताया गया है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आम्रपाली चन्द्रगुप्त एरिया मे चलने वाली अमन नामक शिफ्ट बस आम्रपाली से जेनरल शिफ्ट मे काम करने वाले मजदुरो को लेकर पिपरवार के बचरा लौट रहा था,इसी बीच पिपरवार और टंडवा के सीमांत क्षेत्र लरंगा के समीप बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई,वही बस ने एक कार को भी चपेट मे लिया।इस घटना में बस और कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए,लेकिन बस का अगला हिस्सा और कार क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद वहां लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की।बस पर बैठे मजदूरों ने बताया कि इससे पूर्व भी यह बस कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है।अब इस बस में बैठने से काफी डर लगता है।इधर सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। हादसे के बाद उक्त मार्ग पर घंटो जाम की समस्या बनी रही।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिस फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवीन्द्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विजय बोस मेमोरियल कप लेकर लौटने पर पटमदा क्रिकेट टीम का जोरदार स्वागत



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बहरागोड़ा में आयोजित फाइनल मैच में विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनी पटमदा प्रखंड क्रिकेट टीम का सोमवार को कप लेकर लौटने पर बेलटांड़ चौक में स्थानीय लोगों ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई एवं लड्डू का वितरण भी किया गया। स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों ने भारत माता की जयकारा लगाते हुए पदयात्रा निकाली और खुशियों का इजहार किया। मौके पर भाजपा नेता मुचीराम बाउरी, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष बासुदेव मंडल, जेएससीए पटमदा प्रखंड कमेटी के सदस्य मोहम्मद महमूद, झूलन दास, महेश्वर दास के अलावे टीम के सभी खिलाड़ी शामिल हुए।

## मंगसीर नवमी महोत्सव पर आज जुगसलाई में निकलेगी कलश शोभा यात्रा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा श्री राणी सती दादी जी का 24वां दो दिवसीय श्री मंगसीर नवमी महोत्सव का आयोजन 05 एवं 06 दिसम्बर को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड़ स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर फूलों एवं लाइटों से सज-धज कर तैयार हैं। सोमवार की संध्या चार बजे से दादी जी को मेहंदी लगाने का कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें समिति की माहिलाओ ने भजन कीर्तन कर दादी मां के हाथ और पांव में मेंहदी लगायी और भजनों के माध्यम से रिझाया। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल (रिंगसिया) ने बताया कि इस वर्ष भी दो दिन महोत्सव का आयोजन होने जा रहा हैं। पहले दिन मंगलवार 05 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से कलश शोभा यात्रा निकलेगी और दोपहर 02.30 बजे से दादी भागवत का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन बुधवार 06 दिसम्बर को दोपहर 02.30 बजे से सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन होगा। दोनों दिन का धार्मिक कार्यक्रम रंगलाल मैरिज हाउस, डी कोस्टा रोड जुगसलाई मे होगा।

## गणेश महाली के नेतृत्व में हेंसल मे निकाली गई विजय जुलूस



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तीन राज्यों के भाजपा की प्रचंड जीत से जहाँ पूरे देश मे भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है।वहीं सोमवार की शाम भाजपा नेता गणेश महाली के नेतृत्व में राजनगर प्रखंड पूर्वी एवं पश्चिमी में जीत का जश्न गाजे बाजे, रंग अबीर,व आतिशबाजी करते हुए मनाया। वहीं हेंसल में भाजपा प्रखंड खिरोद महतो की अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकर्ता हेंसल बाजार में एक जुट हुए। जिसके बाद पूरे हेंसल बाजार में जीत का विजय जुलूस निकाला गया। मौके पर विनोद ज्योतिषी, कुबेर कांत षाड़ंगी,सोमनाथ सोरेन,उज्ज्वल मोदक, सुभाष महतो, जमीनी महाकुड़, अजीत मंडल, अमरनाथ गोप, कंचन मंडल, संटु नायक, कृष्ण सरदार, मंगल करवा ,महावीर महतो ,कार्तिकेश्वर महाकुड़, पवित्र महाकुड़, चंदन कहार, भरत महाकुड़, अर्जुन महतो,एवं कई संख्या में भाजपा कार्यकर्ता की अनुपस्थिति है।

## तोड़गहातु में लगा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर



**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगन्नाथपुर प्रखंड के तोड़गंहातु पंचायत के सोसोपी मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के तहत अपनी समस्याओं को लेकर ग्रामीण उमड़ पड़े।इस कार्यक्रम में पहुंचे जगन्नाथपुर बीस सूत्री अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ललित दुराईबुरु,बीससुत्री सदस्य महेंद्र तिरिया,प्रखंड प्रमुख बुधराम पुर्ती,प्रखंड पदाधिकारी चंदन प्रसाद,अंचल अधिकारी मनोज कुमार शर्मा,मुखिया अरविंद्र तियू,उपमुखिया शशि चंद्र बोईपाई,समाजसेवी भीमसिंह चतोम्बा, ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां वितरित की।तोड़गहातु पंचायत के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां वितरित करने के लिये कुल 24 स्टाल लगाए गये थे।कार्यक्रम में उपस्थित तीन छात्राओं को साइकिल खरीदने के लिये प्रदान किया गया।

## भाजपा की जीत पर घाटशिला में मना जश्न

**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत पर घाटशिला रेलवे स्टेशन चौक में सोमवार की शाम भाजपा घाटशिला मंडल अध्यक्ष राहुल पांडे के नेतृत्व में भाजपाइयों ने राहगीरों के बीच लड्डू बांटकर, आतिशबाजी व ढोल बजाकर जमकर जश्न मनाया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयकारे लगाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि घाटशिला विधानसभा पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, जिला पार्षद सह भाजपा नेत्री देवयानी मुर्मू, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साव उपस्थित थे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राहुल पांडे, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश मेहता, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कौशिक कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंटू प्रजापति, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माला दे, सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण पुष्टि, उपमुखिया सुजन मन्ना, हीरा सिंह, सुरेश माहाली, उपाध्यक्ष सुभाष बनर्जी, उपाध्यक्ष सुखेंन दास, देवांसु उपाद्याए, मुनमुन कुमार, फूफा बारिक, सिदार्थ राज, सुरेंद्र नाथ, अभिषेक चौधरी, हर्ष राय, अभिषेक शुक्ला, आकाश शाह, प्रियांशु चौधरी समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वेतनमान व राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग को विधानसभा में उठाने की मांग पर विधायक को ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** सहायक अध्यापक संघ पटमदा प्रखंड इकाई की ओर से सोमवार को बेलटांड़ चौक पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी को एक ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में सहायक अध्यापकों ने उनकी मांगों को शीतकालीन सत्र में विधानसभा में उठाने के लिए अनुरोध किया। मांगों में मुख्य रूप से राज्य के तमाम सहायक अध्यापकों को अविलंब अल्पसंख्यक विद्यालय की तर्ज पर वेतनमान (9300-34800) एवं बिहार राज्य की तर्ज पर राज्यकर्मी का दर्जा देने। बिहार में आकलन परीक्षा व सीटेट को टेट के समतुल्य मान्यता देते हुए सभी को वेतनमान एवं ग्रेड पे लागू किया गया है, झारखंड में भी लागू किया जाए। आंगनबाड़ी कर्मियों की तरह 65 वर्ष की उम्र तक सेवानिवृत्ति की सीमा तय करने। 2018 एवं उससे पूर्व सहायक अध्यापकों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने। 26 हजार सहायक आचार्य शिक्षक नियुक्ति परीक्षा को तत्काल प्रभाव से स्थगित करते हुए रिक्ति की संख्या 70 हजार करते हुए सहायक अध्यापकों को समायोजित करने की मांगें शामिल हैं। तिवारी ने बताया कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो 19 दिसंबर को झारखंड विधानसभा का एकदिवसीय घेराव एवं 28 दिसंबर से अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के प्रखंड अध्यक्ष अनिल वरण माझी, सचिव गौतम कुमार गोप, संयोजक उज्ज्वल कांति दास, निमाई भुईयां, रूहिता महतो, दुर्गाचरण माझी , ज्योत्सना सिंहदेव व मुक्ति सेन आदि शामिल थे।

## प्रेस क्लब का चुनाव 10 दिसंबर को, सात पदों के लिए 16 ने लिए नामांकन पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब का सांगठनिक चुनाव 10 दिसंबर को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भवन सभागार में होगा। सात पदों के लिए चुनाव होना है और 16 दावेदारों ने नामांकन प्रपत्र सोमवार को लिया है। जिला सूचना केंद्र में चुनाव संचालन समिति द्वारा नामांकन प्रपत्र दिए गए।अध्यक्ष (एक) पद के लिए रवि झा, संजीव भारद्वाज, संतोष कुमार एवं निर्मल प्रसाद, उपाध्यक्ष (दो) पद के लिए आनंद मिश्रा, राकेश सिंह, गौतम ओझा एवं सुमित झा, महासचिव (एक) पद के लिए विकास कुमार श्रीवास्तव एवं अनवर शरीफ, सहसचिव (दो) पद के लिए अमित तिवारी, चरणजीत सिंह एवं वेद प्रकाश गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष (एक) पद के लिए राकेश पुरोहितवार, सुनील कुमार पांडेय एवं मनमन उर्फ गंगाधर पांडेय ने नामांकन प्रपत्र लिया है।चुनाव संचालन समिति के श्रीनिवास, ईश्वर कृष्ण ओझा, गुलाब प्रसाद सिंह, बीरेंद्र ओझा, रघुवंश मणि सिंह, सुनील आनन्द, कुलविंदर सिंह और विशेष आमंत्रित सदस्य बसंत कुमार सिंह उपस्थित थे।चुनाव समिति को मनप्रीत सिंह एवं जितेंद्र कुमार का सहयोग मिला। कार्यक्रम की विधिवत लिखित रूप से जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल अधिकारी को भी दे दी गई है।

## कुकडु में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल कप प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरूलडीह :** कुकडु प्रखंड के चोकेगाडिया फुटबॉल मैदान में आज मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के प्रखंड स्तरीय आयोजन किया गया। कुकडु के प्रमुख प्रतिमाबाला पातर, उप प्रमुख्य एकराम अंसारी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।प्रतियोगिता में कुकडु प्रखंड के 9 पंचायत के टीम ने भाग लिया। अध्यक्ष रंजीत महतो ने बताया कि प्रखण्ड स्तरीय विजेताओं को जिला स्तर में भेजा जाएगा। फाइनल मुकाबले में महिला टीम में लेटेम्दा कुकडु को एक गोल करके विजेता बनी।

## नक्सलियों ने चिपकाए पोस्टर, पूरे इलाके में दहशत का माहौल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** रविवार देर रात को नक्सलियों की ओर से सोनुआ के लोंजो में पोस्टरबाजी की गई जिसकी सूचना पर सोमवार की सुबह सोनुआ पुलिस घटनास्थल पहुंची और पोस्टर को जब्त कर थाने पर लेकर आई।सोनुआ के लोंजो में भाकपा माओवादियों की ओर से पोस्टरबाजी किए जाने के कारण पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पोस्टरबाजी कर नक्सलियों ने अपनी धमक बरकरार रहने का संदेश दिया है। वहीं नक्सली 8 दिसंबर तक मनाएंगे वर्षगांठ।भाकपा माओवादी की ओर से पोस्टर में बताया गया है कि उनकी ओर से 2 से 8 दिसंबर के बीच 23वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इसे उत्साह के साथ मनाने की अपील की गई है।

## भाजपा ने कुकडू बीडीओ को सौंपा पांच सूत्री मांगपत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कुकडू मंडल अध्यक्ष भरत महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कुकडू के प्रखंड विकास पदाधिकारी को पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा। जिसमें कुकडू प्रखंड क्षेत्र में दिन-रात जंगली हाथीयों का आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जिसमे हाथी भगाओ दस्ता का व्यवस्था अविलम्ब करने, प्रखंड के विभिन्न गांव में पुराने लाइटों का मरम्मती एवं नये लाइट लगाने, प्रखण्ड क्षेत्र में विभिन्न गांव एवं टोला के रास्ते के किनारे मुखिया फंड से झाड़ीयो का साफ सफाई करने, कुकडू प्रखण्ड कार्यालय में सभी कम्प्युटर आपरेटर अपना मनमानी ढ़ग से काम कर रहें हैं उनलोगों को अविलम्ब सुधार करने, मनरेगा योजनाओं में मजदुरों का भूगतान 6 दिनों के जगह पर 12 दिनों का करने, मनरेगा योजना तहत सामग्री मद राशि का भुगतान अविलम्ब करने आदि शामिल है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष भरत चंद्र महतो, सच्चिदानंद महतो, गणेश चंद्र महतो, बलराम महतो, रवि कुमार, वासुदेव गोप आदि उपस्थित थे।

## बनकुंचिया में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बनकुंचिया पंचायत भवन में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन प्रखंड प्रशासन की ओर से किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके से विधायक ने कहा कि शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस दौरान ग्रामीणों ने अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा समेत अन्य विभागों में सैकड़ों की संख्या में आवेदन पत्र भरकर जमा किया। मौके पर विधायक ने सोना सोबरन धोती-साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों व महिला समूहों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो, उपप्रमुख श्रीदेवी माझी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, सीओ चंद्रशेखर तिवारी, सीडीपीओ नीतू कुमारी, मुखिया गुरुचरण हेम्ब्रम, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो व आनंद महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

*महुलिया में पीसीसी सड़क का घाटशिला विधायक रामदास ने किया शिलान्यास, बोले*

# सरकार की सोच अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास की किरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** घाटशिला प्रखंड के महुलिया पंचायत अंतर्गत कोरगापाड़ा में हारा सिंह के घर से राईस मिल तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का सोमवार को घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया. इस अवसर पर घाटशिला विधायक ने कहा की लगभग साढ़े 7 लाख रुपए की लागत से 500 फीट का पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया है. उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि विकास की रोशनी अंतिम पंक्ति में रहने वाले के पास पहुंचे. यहां के लोगों को पिछले दिनों हमने वादा किया था कि अच्छी सड़क देंगे, जो आज हमने यह वादा लोगों के समक्ष पूरा किया. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, झामुमो घाटशिला प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम, काजल डॉन, श्रवण अग्रवाल, रतन महतो, शिपु शर्मा, बबलू हुसैन, बादल किस्कू, फूलचांद टुडू, दुर्गाचरण मुर्मू, अबनी महतो समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# करीम सिटी कॉलेज के 18 छात्र को 4.65 लाख के पैकेज में लॉक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के बी.एससी (ऑनर्स) के 18 छात्रों का चयन वेदांता, ईएसएल स्टील लिमिटेड के लिए ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में 4.65 लाख प्रति वर्ष के सीटीसी पैकेज में चयन हुआ है। इसको लेकर ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव अक्टूबर 2023 के महीने में किया गया। चयनित छात्रों में अनुज कुमार, राहुल डे, आकाश दास, वियाहल प्रधान, रितिक ठाकुर, अरूप मुखर्जी, सागर मैती, अभिषेक घोष, श्रीति मुखर्जी, प्रकाश मंडल, प्रेरणा कुमारी, सौरभ सिंह, पूजा चौधरी, शुभरंजन डांडिया, गौरव दास, अजय शर्मा, अंकेश कुमार, स्नेहा कुमारी। प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने चयनित छात्रों को बधाई दी। वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान डॉ. अनवर शहाब, मुख्य समन्वयक रोजगार संवर्धन इकाई, डॉ. जी विजयलक्ष्मी समन्वयक प्लेसमेंट सेल, डॉ. रश्मी अख्तर और डॉ. आफताब आलम प्लेसमेंट सेल के सदस्य उपस्थित थे।

## जेएआरडीसीएल द्वारा मजदूरों को हटाने के विरोध में झामयू ने कांड्रा मोड़ पर प्रदर्शन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** टाटा-कान्ड्रा और चौका- सरायकेला-चाईबासा एक्सप्रेस हाइवे में विगत कई वर्षो से जेएआरडीसीएल के अधीन कार्य कर रहें मज़दूरों को पूर्व सूचना दिए बगैर काम से हटा दिए जाने के विरोध में झारखंड मजदूर यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने सोमवार को कांड्रा मोड़ में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गोराई के नेतृत्व में वहां धरना पर बैठ गए। इस मौके पर गोराई ने बताया कि सड़क निर्माता कंपनी जेएआरडीसीएल के अधीन कार्यरत करीब 60 मजदूर विगत करीब सात वर्षो से कार्यरत थे। इन सभी आदिवासी मजदूरों को बिना सूचना दिए ही काम से निकाल दिया गया है जिससे उनके समक्ष बेरोजगारी और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसे कभी बर्दास्त नहीं किया जाएगा। यूनियन अध्यक्ष सुनील गोराई ने बताया कि जिले के डीसी को भी उक्त मामले से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें बताया गया है कि उन मजदूरों को कार्य से हटा दिए जाने के कारण टाटा-कांड्रा और चौका- सरायकेला-चाईबासा सड़क का सफाई कार्य भी ठप्प है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुनील गोराई, महासचिव सन्त सिंह सरदार, कोषाध्यक्ष संजय मंडल, उपाध्यक्ष सुखदेव कुमार, अल्वीना सोय, मोटाय बानरा समेत सभी मजदूर उपस्थित थे।

# तेलंगाना में कांग्रेस की जीत में डा. अजय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बने पर्यवेक्षक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस की एकमात्र जीत तेलंगाना में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद,आईपीएस डॉ. अजय कुमार ने अहम भूमिका निभाई है। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने डॉ. अजय कुमार को तेलंगाना कांग्रेस के मीडिया, संचार और वॉर रूम का प्रभारी बनाया था। डॉ. अजय ने चुनाव परिणाम वाले दिन तक 45 दिनों तक मीडिया, संचार, प्रेस कॉन्फ्रेंस, तेलंगाना में स्थानीय नेताओं के साथ बैठक, बीआरएस सरकार के कुशासन के खिलाफ विभिन्न रणनीतियों पर काम किया। डॉ. अजय ने तेलंगाना के लोगों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों जैसे कालेश्वरम बांध घोटाला, सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार, परीक्षाओं के पेपर लीक जैसे मुद्दे को जनता के सामने लाया गया। वहीं अब तेलंगाना के कांग्रेस विधायक दल की बैठकों के संचालन के लिए डॉ अजय को एआईसीसी पर्यवेक्षक बनाया गया है, जिसकी झारखंड के कांग्रेस नेताओं ने सराहना की है।बब्लू झा कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष ने जानकारी दिया की केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई अपनी सभी जिम्मेदारियां पूरी करने के बाद डॉ अजय जल्द वापस जमशेदपुर लौटेंगे।

### विश्वामित्र व किशनलाल ने डॉ. अजय को दी बधाई

पटमदा : रविवार को घोषित हुए 4 राज्यों के चुनाव परिणाम में तेलंगाना राज्य के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत हासिल होने पर जुगसलाई विधानसभा कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी विश्वामित्र दास ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार को बधाई दी है।बोड़ाम निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता किशनलाल महतो ने बताया कि डॉ. अजय कुमार ने त्रिपुरा, कर्नाटक और तेलंगाना राज्य में अपने कार्यकुशलता का परिचय दिया है। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया। अपने एसपी कार्यकाल से लेकर आज तक हर जिम्मेदारी को उन्होंने पूरी निष्ठा और लगन से निभाया है।

# जवाहरलाल नेहरू कालेज में उर्दू शिक्षक जल्द बहाल करे कोल्हान यूनिवर्सिटी : अंजुमन इस्लामिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** जवाहरलाल नेहरू डिग्री कालेज में उर्दू विषय के शिक्षक के अभाव में उर्दू के छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उर्दू के छात्र छात्राओं ने एक आवेदन अंजुमन इस्लामिया चकधरपूर को सौंपा। जिसपर अंजुमन इस्लामिया चकधरपूर के द्वारा कुलपति कोल्हान यूनिवर्सिटी के नाम एक आवेदन जवाहरलाल नेहरू कालेज के द्वारा भेजा गया है।इस विषय पर जे एल एन कालेज के प्रिंसिपल ने कहा कि जल्द ही यूनिवर्सिटी को इस विषय से अवगत करा दिया जाएगा और उर्दू शिक्षक की मांग की जाएगी, जो भी नियमता होगा वो व्यवस्था कालेज प्रशासन करेगी।अंजुमन इस्लामिया के सचिव बैरम खान ने कहा है कि उर्दू विषय जल्द बहाल हो इसके लिए अंजुमन टीम आगे कुलपति महोदय, से मुलाकात व राजभवन रांची में भी पत्राचार करेगी। ताकि उर्दू शिक्षक जल्द बहाल हो।अभिभावकों से अपील है एक विषय पर ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को उर्दू से जोड़े। मौके पर कोषाध्यक्ष मो तौकीर, मो नाईम, तारिक सुल्तान मौजूद रहे।

संपादकीया

# लड़ाई में आया यह ठहराव पूर्ण युद्धविराम में बदलना चाहिए

**हमास** और इजराइल युद्ध में डेढ़ महीने से ज्यादा का वक्त गुजर के बाद दोनों पक्ष युद्ध विराम के लिए राजी हो गए हैं। एक बड़े घटनाक्रम में इजराइल के मंत्रिमंडल ने हमास के साथ चार दिन के युद्ध विराम को मंजूरी दे दी है जिससे युद्धग्रस्त गाजा में लड़ाई अस्थायी रूप से रुक जाएगी। समझौते के अंतर्गत हमास गाजा में बंधक बनाए गए लगभग 240 लोगों में से 50 को रिहा करेगा। इजराइल 10 बंधकों के बदले एक दिन का युद्ध विराम और बढ़ा देगा। इजराइल ने गाजा में अतिरिक्त ईंधन और मानवीय सहायता की बड़ी खेप भेजने की भी अनुमति दे दी है। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध विराम की अवधि समाप्त हो जाने पर उनका देश हमास के खिलाफ अभियान जारी रखेगा। इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में अब तक सीमा के दोनों तरफ सैकड़ों की संख्या में लोगों की मौत हो चुकी है। सवाल किया जा सकता है कि आखिर डेढ़ महीने बाद समझौता क्यों हुआ? 7 अक्तूबर को हमास ने अचानक हमला कर 200 से ज्यादा इजराइली समेत कई देशों के नागरिकों को बंधक बना लिया था। डेढ़ महीने के बाद भी इन बंधकों की रिहाई न होने के बाद इनके परिजन विरोध प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतर आए हैं। प्रभावित परिवारों ने इजराइली युद्ध कैबिनेट के सदस्यों से मुलाकात करने के बाद उन्हें घर लाएं' नाम का एक अभियान चलाया। इजराइली सेना द्वारा की गई बमबारी और उसके बाद जमीनी आक्रमण ने गाजा में मानवीय संकट पैदा कर दिया है। यहां हर दिन खराब होती मानवीय स्थिति के चलते इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव भी बढ़ रहा है। गाजा में भोजन, पानी, ईंधन और दवाओं की बेहद कमी है। गाजा पट्टी में जो लोग प्रभावित हो रहे हैं, वे सामान्य लोग हैं। हमास द्वारा फैलाई गई दहशत के मद्देनजर इजराइल का गुस्सा समझ में आता है, लेकिन इसके जवाब में इजराइल सामूहिक रूप से गाजा के निर्दोष लोगों को सजा दे रहा है। जानकारों का मानना है कि हमास फिर से संगठित होने के लिए किसी भी युद्धविराम का इस्तेमाल करना चाहता है। वहीं, दूसरी ओर इजराइल इस स्थिति में आकर अब जवाबी कार्रवाई नहीं रोकना चाहेगा। उसने हमास को जड़ से मिटाने की कसम खाई है। इजराइल हमास युद्ध ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। युद्ध का असर सिर्फ इजराइल और फिलिस्तीन तक सीमित नहीं रह जाएगा, बल्कि आज के ग्लोबल इकोनॉमी के दौर में दुनियाभर के देश इससे प्रभावित होंगे। किसी भी युद्ध का प्रभाव विश्वव्यापी होता है। हमास और इजराइल के बीच युद्ध का प्रभाव भी विश्वव्यापी है। चाहे अमेरिका हो, यूरोप हो, मिडिल ईस्ट हो या साउथ एशिया, सब देशों पर इस युद्ध का प्रभाव पड़ रहा है। तो ऐसे समय में संतुलित और व्यवस्थित उपाय ढूंढ़ने की कोशिश की जानी चाहिए।

> इजराइल 10 बंधकों के बदले एक दिन का युद्ध विराम और बढ़ा देगा। इजराइल ने गाजा में अतिरिक्त ईंधन और मानवीय सहायता की बड़ी खेप भेजने की भी अनुमति दे दी है। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध विराम की अवधि समाप्त हो जाने पर उनका देश हमास के खिलाफ अभियान जारी रखेगा। इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में अब तक सीमा के दोनों तरफ सैकड़ों की संख्या में लोगों की मौत हो चुकी है। सवाल किया जा सकता है कि आखिर डेढ़ महीने बाद समझौता क्यों हुआ? 7 अक्तूबर को हमास ने अचानक हमला कर 200 से ज्यादा इजराइली समेत कई देशों के नागरिकों को बंधक बना लिया था। डेढ़ महीने के बाद भी इन बंधकों की रिहाई न होने के बाद इनके परिजन विरोध प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतर आए हैं। प्रभावित परिवारों ने इजराइली युद्ध कैबिनेट के सदस्यों से मुलाकात करने के बाद उन्हें घर लाएं' नाम का एक अभियान चलाया। इजराइली सेना द्वारा की गई बमबारी और उसके बाद जमीनी आक्रमण ने गाजा में मानवीय संकट पैदा कर दिया है। यहां हर दिन खराब होती मानवीय स्थिति के चलते इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव भी बढ़ रहा है। गाजा में भोजन, पानी, ईंधन और दवाओं की बेहद कमी है। गाजा पट्टी में जो लोग प्रभावित हो रहे हैं, वे सामान्य लोग हैं। हमास द्वारा फैलाई गई दहशत के मद्देनजर इजराइल का गुस्सा समझ में आता है, लेकिन इसके जवाब में इजराइल सामूहिक रूप से गाजा के निर्दोष लोगों को सजा दे रहा है। जानकारों का मानना है कि हमास फिर से संगठित होने के लिए किसी भी युद्धविराम का इस्तेमाल करना चाहता है। वहीं, दूसरी ओर इजराइल इस स्थिति में आकर अब जवाबी कार्रवाई नहीं रोकना चाहेगा। उसने हमास को जड़ से मिटाने की कसम खाई है।

इजराइल और हमास का एक समझौते पर पहुंचना ताता है कि खूनी लड़ाई के बीच भी दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ संवाद के लिए तैयार हैं। उन्हें इस समझौते से पैदा हुए माहौल का फायदा उठाते हुए लड़ाई में आए इस ठहराव को आगे बढ़ाकर एक पूर्ण युद्धविराम में बदलना चाहिए। सभी बंधकों को रिहा कराने, फिलिस्तीनियों को स्थायी राहत प्रदान करने और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को शांत करने का यही एकमात्र तरीका है।

## वोटों की राजनीति राजधानी के लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है

# वोटों की राजनीति के चलते गैस चैंबर बन गए हैं दिल्ली व एनसीआर

योगेन्द्र योगी

> दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के करोड़ों लोग जहरीली हवा लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से मुंबई की हालत भी खराब है। दिल्ली की तरह मुंबई भी गैस चेंबर बनी हुई है। मुंबई की हवा में सांस लेना एक दिन में 100 सिगरेट पीने के बराबर आंकी गई है। दिल्ली की हालत इससे भी कई गुना ज्यादा खराब है। दिल्ली में इतनी बड़ी आबादी लापरवाही और राजनीतिक स्वार्थों के चलते भीषण प्रदूषित हवा से तिल-तिल करने को मजबूर है। हर दिन हजारों की संख्या में श्वांस के रोगियों की तादाद बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है।बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है।

**जर्मनी** के तानाशाह हिटलर ने करीब 60 लाख यहूदियों की गैस चैम्बर में जहरीली गैस छोड़ कर हत्या की थी। कमोबेश यही हालत देश के नेता राजधानी दिल्ली के करोड़ों लोगों की कर रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि हिटलर ने नस्लवादी मानसिकता से सुनयोजित तरीके से इस भीषण नरसंहार को अंजाम दिया था और भारत में नेताओं की वोटों की राजनीति के कारण इसे अंजाम दिया जा रहा है। प्रदूषित जहरीली हवा से तिल-तिल करके मरने के लिए करोड़ों लोगों को छोड़ दिया गया है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के करोड़ों लोग जहरीली हवा लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से मुंबई की हालत भी खराब है। दिल्ली की तरह मुंबई भी गैस चेंबर बनी हुई है। मुंबई की हवा में सांस लेना एक दिन में 100 सिगरेट पीने के बराबर आंकी गई है। दिल्ली की हालत इससे भी कई गुना ज्यादा खराब है। दिल्ली में इतनी बड़ी आबादी लापरवाही और राजनीतिक स्वार्थों के चलते भीषण प्रदूषित हवा से तिल-तिल करने को मजबूर है। हर दिन हजारों की संख्या में श्वांस के रोगियों की तादाद बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है। वोटों की राजनीति राजधानी के लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। यदि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं देता तो दिल्ली और आस-पास के हालात शायद हिटलर के कत्लगाह बने जहरीले गैस चैम्बर जैसे बन जाते। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में जानलेवा बने वायु प्रदूषण के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली की दमघोंटू जहरीली हवा लोगों के स्वास्थ्य की हत्या के लिए जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक राजनीतिक लड़ाई नहीं बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर सर्दियों में दिल्ली के वायु प्रदूषण में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी के पीछे पड़ोसी राज्यों- पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना एक प्रमुख कारक है। इसमें पंजाब सरकार से पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने को कहा गया। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के वकील से कहा कि हम नहीं जानते कि आप इसे कैसे करते हैं, यह आपका काम है। लेकिन इसे रोका जाना चाहिए। तुरंत कुछ किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अपराजिता सिंह ने कहा कि पंजाब में खेतों में लगने वाली आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए पराली जलाने का प्रमुख योगदान है। उन्होंने कहा कि सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) और राज्य कह रहे हैं कि वे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। लेकिन पराली जलाना अभी भी जारी



है। प्रदूषण की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश को निर्देश देते हुए कहा कि ये राज्य पराली जलाना तुरंत बंद कर दें। मामले पर कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निशाने पर लिया। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धुलिया की बेंच ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कम करने वाले स्मॉग टावर लगाए गए और उनका खूब प्रचार किया गया लेकिन वह बंद पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से पराली को नष्ट कर खाद बनाने वाले केमिकल के प्रचार पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पराली को खाद बनाने वाले एक केमिकल का दावा किया था। क्या यह कभी सफल हुआ? लगता है यह सब सिर्फ दिखावा ही था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल एक दूसरे पर दोषारोपण का खेल जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने अपना बुलडोजर शुरू किया तो हम नहीं रुकेंगे। अदालत ने यह भी पूछा कि पंजाब में धान क्यों उगाया जा रहा है, जबकि जलस्तर पहले से ही इतना नीचे है। आप क्या कर रहे हैं? अपने जलस्तर को देखें। आप पंजाब में धान की अनुमति क्यों दे रहे हैं? आप पंजाब को हरित भूमि से बिना फसल वाली भूमि में बदलना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पंजाब में धान की खेती का विकल्प खोजा जाए। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं से राज्य की आबोहवा खराब हो रही है। इसका असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ रहा है। प्रमुख शहर जैसे अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) काफी खराब कैटेगरी में चल रहा है। पंजाब में सबसे ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आए हैं। पंजाब में कुल 1,830 मामले दर्ज किया जा चुके हैं। फिरोज़पुर दूसरे नंबर पर हैं। अकेले फिरोज़पुर में 299 मामले पराली जलाने के दर्ज किए गए है। दिवाली के बाद वायु प्रदूषण की हालत और भी खराब हो गयी है। चिकित्सकों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो फेफड़ों के इंफेक्शन से ठीक होने के बाद भी सांस फूलने की शिकायत कर रहे हैं। युवा मरीजों में भी ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। कई गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा है। ऐसे लक्षणों वाले सभी मरीजों में करीब 50 प्रतिशत या दो में से एक जो ओपीडी में आ रहे हैं, उन्हें कम से कम एक या दो दिनों के लिए भर्ती होना पड़ रहा है। करीब 30 प्रतिशत मरीजों को आईसीयू में एडमिट होने की जरूरत होती है। वायु प्रदूषण से लंग्स कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण 2019 में भारत में 16.7 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। जो देश में अब तक हुई कोविड-19 से हुई मौतों से दस गुना अधिक है। जिससे लगभग 36.8 बिलियन डॉलर (2,71,446 करोड़ रुपये) का आर्थिक नुकसान हुआ। एम्स, आईसीएमआर और आईआईटी-दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी, 2019 शीर्षक से, इनडोर और आउटडोर दोनों में वायु प्रदूषण के आर्थिक प्रभाव को मापा गया, क्योंकि इससे समय से पहले होने वाली मौतों के कारण आउटपुट का नुकसान हुआ और रुग्णता बढ़ी। अध्ययन में कहा गया है कि ये मौतें पिछले साल देश में हुई कुल मौतों का 17.8 प्रतिशत थीं, जबकि आर्थिक नुकसान भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.36 प्रतिशत था। वायु प्रदूषण से भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में साल दर साल लगभग 0.56 प्रतिशत की कमी आ रही है, क्योंकि जीडीपी की गणना में शामिल वस्तुओं एवं सेवाओं पर वायु प्रदूषण नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। भारत में वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित स्तर का लगभग 20 गुना और भारत के अपने मानकों से दो गुने से भी अधिक है। वायु, जल, भूमि और ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के साथ-साथ अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। प्रदूषण के लगातार गहराते संकट को देखते हुए अब तो यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि वायु प्रदूषण से होने वाला आर्थिक नुकसान 2024 तक भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने पर भी पानी फेर सकता है। प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण माना जाता है। यह दुनिया में असमय मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। ऐसा नहीं है कि प्रदूषण से होने वाले देश के लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का राजनीतिक दलों और केंद्र व राज्य सरकारों को अंदाजा नहीं है, किन्तु क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों के सामने राष्ट्रवाद बौना साबित हो रहा है। देश की तरक्की और निर्धारित आर्थिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जरूरी है सरकारें राष्ट्रहित को सर्वोपरी रखें।

दृष्टि कोण

# कैसे हो ठोस कचरा प्रबंधन

**दिल्ली** में बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या को हम सालों से सुनते आ रहे हैं। एक से एक सनसनीखेज वैज्ञानिक रिपोर्टों की बातों को हमें भूलना नहीं चाहिए। यह भी नहीं कि दिल्ली से निकलने वाले गंदे कचरे कूड़ा–करकट को ठिकाने लगाने का पुख्ता इंतजाम अभी तक नहीं हो पाया है। सरकार यही सोचने में लगी है कि कूड़ा कहां फिंकवाया जाए या इसका निस्तार यानी ठोस कचरा प्रबंधन कैसे किया जाए? जाहिर है इस गुत्थी को सुलझाए बगैर जलाए जाने लायक कूड़े.को चोरी–छुपे जलाने के अलावा और क्या चारा बचता होगा? इस गैर–कानूनी हरकत से उपजे धुएं और जहरीली गैसों की मात्रा कितनी है जिसका कोई हिसाब किसी भी स्तर पर नहीं लगाया जा रहा। इन सबके चलते आम नागरिकों पर सरकार द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंधों से असुविधा हो रही है परंतु सरकार की प्रदूषण नियंत्रक एजेंसियां असल कारण तक नहीं पहुच पा रहीं जब कोई अपने सपनों का वाहन खरीदता है तो उसे उसकी कीमत के साथ–साथ रोड टैक्स



जीएसटी आदि टैक्स भी देने पड़ते हैं। इन टैक्सों का मतलब है कि यह सब राशि सरकार की जेब में जाएगी और घूम कर जनता के विकास के लिए इस्तेमाल की जाएगी परंतु रोड टैक्स के नाम पर ली जाने वाली मोटी रकम क्या वास्तव में जनता पर खर्च होती है? क्या हमें अपनी महंगी गाड़ियां चलाने के लिए साफ–सुथरी सड़कें मिलती हैं? क्या टूटी–फूटी सड़कों की समय से मरम्मत होती है? क्या सड़कों की मरम्मत करने वाली एजेंसियां अपना काम निष्ठा से करती हैं? इनमें से अधिकतर सवालों के जवाब आपको नहीं में मिलेंगे। सवाल यह भी उठता है कि सरकार द्वारा वाहनों प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित रखने की कई नियम लागू किए गए हैं। इनमें अहम है कि दस साल पुराने डीजल और पंद्रह वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन को सड़कों पर चलने की अनुमति न देना। इसके साथ ही जिन वाहनों को चलने की अनुमति है उन सभी में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र यानी 'पीयूसी' होना अनिवार्य है। पिछले वर्ष नवम्बर में दिल्ली सरकार ने एक आदेश के तहत वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र के बिना चलने वाले वाहनों पर 10000 रुपये का मोटा जुर्माना लगाने के आदेश दिए थे। दिल्ली की सड़कों पर परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस इसे सख्ती से लागू करते हुए नजर भी आए। हर साल दिवाली के आसपास दिल्ली एनसीआर पर एक जहरीली हवा की चादर चढ़ जाती है। पर्यावरण विशेषज्ञ नेता और संबंधित सरकारी विभाग हर साल की तरह इस साल भी इस समस्या को लेकर सिर खपा रहे हैं। उन्होंने अब तक के अपने सोच–विचार का नतीजा यह बताया है कि खेतों में फसल कटने के बाद जो ठूंठ बचते हैं उन्हें खेत में जलाए जाने के कारण ये धुआं बना है जो एनसीआर के ऊपर छा गया है। लेकिन सवाल उठता है कि यह तो हर साल ही होता है तो नये जवाबों की तलाश क्यों हो रही है? आनन–फानन में हर वर्ष दिल्ली सरकार कड़े कदम उठा कर कई तरह के प्रतिबंध लगा देती है। इनमें निर्माण कार्य पर रोक लगाना भवन की तोड़–फोड़ पर रोक लगाना पुराने डीजल–पेट्रोल वाहनों पर रोक लगाना कूड़े को जलाने पर रोक लगाना आदि शामिल हैं। निर्माण कार्यों पर रोक तो समझ में आती है परंतु जिन पुराने वाहनों पर रोक लगती है उससे सरकार को क्या हासिल होता है यह समझ नहीं आता। उदाहरण के तौर पर यदि आपका वाहन दस साल पुराना नहीं है और उसमें वैध पीयूसी सटफिकेट है तो वह प्रदूषण के तय मानकों की सीमा में ही हुआ यानी आपका वाहन अनियंत्रित प्रदूषण नहीं कर रहा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## रामगढ़ के पूर्व विधायक द्वारा डीएमएफटी मद से निर्माण कराए जा रहे हैं बस स्टैंड निरीक्षण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के पुर्व विधायक शंकर चौधरी ने सोमवार को रामगढ़ के न्यू बस स्टैंड में हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण स्थल से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि बीते 1 दिसंबर को रामगढ़ थाने में एक आवेदन मैंने देखा। आवेदन में बस स्टैंड में निर्माण कार्य में बाधा डालने से संबंधित रिश्वत मांगने का आवेदन दिया गया था।किंतु आवेदन में किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं है इसलिए मैं खुद यहां आज आ गया उन्होने कहा की बस स्टैंड का निर्माण कार्य डीएमएफटी मद से कराया जा रहा है। बस स्टैंड के निर्माण कार्य में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार दिख रहा है बस स्टैंड के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया जा रहा है और नाहीं इस्टीमेट के अनुसार कार्य हो रहा है डीएमएफटी मद से न्यू बस स्टैंड के निर्माण कार्य में लूट मचा है कोई देखने वाला नहीं।जिला प्रशासन



की देखरेख में जूडोका के द्वारा निर्माण कार्य होना है किंतु यह कार्य ठेकेदार ना कराकर पेटी ठेकेदार के द्वारा करवाया जा रहा है। जिससे काम की गुणवत्ता कम और भारी पैमाने में गड़बड़ी देखी जा सकती है और मैं जब से आया हूं कोई भी व्यक्ति यहां नहीं मौजूद है सिर्फ मजदूर अपना काम कर रहे हैं वहीं उन्होंने कहा कि यहां पर किसी भी प्रकार की कोई भी बोर्ड नहीं लगाई गई है। जिससे पता चल सके। नियमानुसार कार्यस्थल पर बोर्ड लगाया जाता है लेकिन ना यहां कोई बोर्ड है और ना ही कोई काम करने वाला।किस के द्वारा कार्य किया जा रहा है और कितने मजदूर यहां कार्यरत है और क्या मजदूरी दी जा रही है। उन्होने कहा कि जनता के पैसे का यहां लूट मचा हुआ है डी सी ने अपने एजेंसी से कार्य नहीं करा कर इसे जुड्को को दिया हैं यह इलीगल ट्रांसफर है। उन्होने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा की यहीं पर जिला प्रशासन के द्वारा वेंडिंग जोन बनवाया गया था जिसका उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा किया गया किंतु वहा कोई बैठने को तैयार नहीं हैं सब्जी विक्रेता फुटबॉल ग्राउंड के बाहर सब्जी बेचने को विवश है और सरकार का 2 करोड रुपए पानी में चला गया। इस बस स्टैंड का निर्माण कार्य 7 करोड रुपए की लागत से डीएमएफटी मद से किया जा रहा है और कभी बस स्टैंड नेशनल हाईवे पर ले जाने की बात कही जाती है इसमें बस स्टैंड का निर्माण यहां कराना समझ से परे है।

## दुलमी भाजपा कार्यकर्ताओं ने तीन राज्य की प्रचंड जीत के खुशी में जश्न मनाया, मिठाई बाटी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के नेतृत्व में खुशी मनाई गई। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा के चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर जश्न मनाया और मिठाई बाटी दुलमी मंडल में खुशियां जाहिर करते हुए पटाखे भी फोड़े और लोगों के बीच देशवासियों को संदेश देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन राज्यों में प्रचंड जीत हुई है नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को देखते हुए मतदाताओं ने भाजपा के उम्मीदवारों को भारी मतों से जीताने का काम किया है। विधानसभा चुनाव के परिणाम में सिद्ध कर दिया है आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव में जनता ने 400 से अधिक सीटों से भाजपा की झोली मे डालकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने को तैयार है दुलमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो तीनों राज्य की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो महामंत्री नरेश कुमार पूर्व अध्यक्ष मछंदर महतो कोषाध्यक्ष प्रदीप करमाली ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रभास महतो मनोज आदि थे।

## उत्तराखंड से वापस लौटे मजदूरों से मिले पूर्व विधायक प्रत्याशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी सुरंग में फंसे मजदूरों का रेस्क्यू होने के बाद ओरमांझी प्रखंड के सात मजदूर सह आरबीएसएस सदस्य अपने गांव खीराबेड़ा पहुंचे।इन सभी के अपने गाँव पहुंचने पर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने संगठन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ इनसे मुलाकात कर इनका स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में धनंजय कुमार पुटूस ने वापस आए सभी मजदूरों को माला पहना कर सम्मानित किया।धनंजय कुमार पुटूस से मिलकर सभी मजदूर काफी खुश हुए।धनंजय कुमार पुटूस ने कहा आज हमारे संगठन के साथी सकुशल घर वापस आ गए हैं,लेकिन कहीं न कही यहां रोजगार का अभाव है इसी कारण यहां के लोगो को बाहर काम करने जाना पड़ता है। अगर यही रोजगार का सृजन हो जाता है तो गरीबो को अपनी जान जोखिम में डाल कर बाहर काम करने नही जाना पड़ेगा। सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## लोकसभा 2024 चुनाव में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र में पुनः एनडीए की सरकार बनना तय है : अशोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के आईटी सेल संयोजक रामगढ़ अशोक कुमार ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद की है ओर कांग्रेस को अब जनता नकार चुकी है। भाजपा की प्रचंड जीत होना इस बात का संकेत है कि देश के नेतृत्व को जनता स्वीकार कर चुकी है। तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधान सभा चुनाव परिणाम वहां की जनता ने मोदी जी की गारंटी पर मुहर लाकर भाजपा को भारी बहुमत से जीता



कर स्पष्ट संदेश दे दिया है। अगामी लोकसभा 2024 चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में पुनः एनडीए की सरकार बनना तय है। अब भारत में सिर्फ मोदी जी की गारंटी ही चलेगी।

## अरगड्डा में भाजपाईयो ने तीन राज्यों की जीत का मनाया जश्न, बताया मोदी तीसरी बार बनेगें देश के पीएम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** भाजपाइयों ने अरगड्डा बाजार में सोमवार को तीन राज्य राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव जीत की खुशी आतिशबाजी, अबीर गुलाल लगा, मुंह मिठा कर मनाया। बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2024 लोकसभा में जनता का आशीष भाजपा को मिलेगा।बताया मोदी तीसरी बार बनेगें देश के पीएम। मौके अगुवाई भाजपा एससी मोर्चा जिली मीडिया प्रभारी सूरज पासवान उर्फ सिक्की, रिक्की पटवा, पिंटू पटवा, बजरंगी महतो, आदित्य सोनी, मुन्नू सागर, राजू केसरी, संजय केशरी, धसरथ महतो, संजय पटवा, पप्पू केशरी, अपू ठाकुर, मुकेश केशरी, रवि केशरी आदि मौजूद थे।

## हेसला में आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** नगर परिषद रामगढ़ के वार्ड 12 हेसला के सामुदायिक भवन में सोमवार को आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, गोपाल मुण्डा , सीओ कंचना देवी, सीआरपी ब्यूटी कुमारी, जमादार अरुण कुमार, कलीम अंसारी, सुरेश मुंडा, कलाम अंसारी आदि उपस्थित हुए। जिसमें वृद्धा-16, विधवा-08, दिव्यांग-02, पीएमएवाई-23, राशन कार्ड-18 मेडिकल चेकअप-37, जॉब कार्ड- 14, तीन स्कूलों, जन्म प्रमाण पत्र -02 साथ ही वृद्धा विधवा दिव्यांग असहाय लोगों के बीच 120 कंबल का वितरण किया गय उपस्थित लाभुकों में बिरुवा देवी, हुसना बानो, असना खातून, रेणु देवी, सरिता देवी, नाजमा खातून, रुपा देवी, पनवा देवी, उर्मिला, किरण आदि शामिल थे।

## रामगढ़ विधानसभा में परिवर्तन को लेकर किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के रकुवा गांव में सोमवार को किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के द्वारा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन के संबंध में एक आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रभारी संतोष पांडे व संचालन बसंत तुरी के द्वारा किया गया। बैठक में आगामी 6 दिसंबर 2023 दिन बुधवार को परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने को लेकर पूरे प्रखंड से कार्यकर्ताओं को बुलाया जायेगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो उपस्थित थे उन्होंने कहा की रामगढ़ विधानसभा में परिवर्तन की लहर है पूर्व मंत्री के कार्यकाल में सिर्फ विकास के नाम पर ठगा गया। बैठक में मुख्य रूप से जिलानी खान, सतीश चंद्र मंडल,भागीरथ विश्वकर्मा ,धनेश्वर करमाली, बसंत तुरी,गोवर्धन तुरी, कैलाश तुरी, बालेश्वर तुरी ,लक्ष्मण तुरी आदि उपस्थित थे।

# बालु पंचायत में आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड के बालु पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ एंव जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान से जुड़ी जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उदेश्य है कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, लोगों को जागरूक करना, ताकि लोग आसानी से योजनाओं का लाभ उठा सके। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं लें साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सोना सबरन धोती - साड़ी योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से 05 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 04 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना, 04 छात्र छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म 02 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान, 08 लाभुको के बीच धोती-साड़ी लुंगी, 10 जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव, अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर आदि उपस्थित थे।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार की मासिक बैठक अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले के सभी छह कमरों का सुंदरीकरण कराने का निर्णय लिया गया।कमरों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया ताकि यहां ठहरने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं हो। संरक्षक अभिनंदन प्रसाद व विनोद कुमार साहु ने मंदिर की प्रतिष्ठा को अक्षुण बनाये रखने की बात कही।संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इन 30 सालों में मंदिर की प्रतिष्ठा काफी दूर दूर तक फैल गयी है।इसे बनाये रखना आवश्यक है।अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मंदिर के विकास के लिए सामुहिक रूप से कार्य करने की दरकार है।सचिव आशीष टैगोर ने मंदिर के विकास के लिए विगत दो वर्षो में की गयी कार्यो की जानकारी दी।बैठक में मासिक दानपात्र खोला गया। कोषाध्यक्ष राजू प्रसाद ने बताया कि इस महीने दान पात्र व वाहन पूजन से 20 हजार रूपये संग्रह किये गये हैं। बैठक में उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, सह सचिव रविंद्र प्रजापति, रंजीत कुमार, दीपक विश्वकर्मा, धनेश्वर प्रसाद व परितोष ठाकुर आदि शामिल थे।

## जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय जागरूकता अभियान के महिलाओं ने निकाली रैली



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत गांव में नई दिल्ली के क्रिया संस्था एवं इब्तदा नेटवर्क के द्वारा बाल विवाह रोकथाम को लेकर 16 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं ने रैली निकाली। जहां उपस्थित लोगों के बीच महिलाओं के प्रति एवं किशोरियों के प्रति हो रहे यौन हिंसा जेंडर भेदभाव को रोकना है महिलाओं को सम्मान देना है वह कई नारा लगाते हुए रैली निकाली। इस कार्यक्रम में रंगोली महिला समिति काली महिला समिति शीतल महिला समिति सुहानी महिला समिति सरस्वती महिला समिति कौलेश्वरी महिला समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

## सिकरी में बनाए जा रहे पॉवर ग्रिड में लगाया जा रहा है घटिया ईट



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सीकरी में 132/33 केवी पॉवर ग्रिड सब स्टेशन बनाया जा रहा है। जहां यह कार्य विगत एक वर्ष से जारी है। परंतु हैरत वाली बात है कि पॉवर ग्रिड में बनाए जा रहे दो मंजिला आवास में घटिया ईट का उपयोग धड़ले से किया जा रहा है। वहीं बालू की बात करें तो सबसे निम्न स्तर का बालू उपयोग किया जा रहा है। जिससे आवास निर्माण का नीव में मजबूती नहीं रहेगी। आखिर बिजली विभाग में कौन इसका होगा जिम्मेवार। आखिर किस इंजीनियर के इशारे पर इस तरह का घटिया ईट और बालू का उपयोग किया जा रहा है।

## यह जीत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता के प्रति गारंटी की जीत है : मनीष सिंह



**पथलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के तीन राज्यों में हुए विधानसभा मे मिली बंपर जीत पर भाजयुमो चतरा जिला मंत्री मनीष सिह ने खुशी जाहिर करते हुए यह कहा की यह जीत भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की जनता के प्रति गारंटी की जीत है ।देश के गृह मंत्री अमित शाह जी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के कुशल नेतृत्व एवं सामूहिक प्रयास का जीत है। मनीष सिंह ने कहा वहां के प्रबुद्ध मतदाताओं को इस ऐतिहासिक जीत के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहां कि यह चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है। उन्होंने ने कहा की आने वाला लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में मजबूत सरकार का गठन होगा।

# आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सिबला में विकास शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत भवन के समीप बाजारटांड में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सुरेश उरांव ने किया। एवं शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, बीपीओ रवि यादव समाजसेवी गौतम सिंह, लाखो भुइयाँ ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। तत्पशचात प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने शिविर मे उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय करते हुए, विषय प्रवेश कराया। वहीं प्रखंड प्रमुख उर्मिला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिप सदस्य रमेश राम, समाज सेवी गौतम सिंह ने भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के बारे में विसतृत जानकारी दीया। वहीं शिविर में सावित्री बाई फुलोझानो योजना के तहत कई छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं कई ग्रामीणों को प्राकृतिक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधा का वितरण किया गया। वहीं कई वृद्धि असहायों के बीच धोती साड़ी व कंबल का भी वितरण किया गया। मंच का संचालन बीपीएम सुनील कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, पंचायत सेवक सेराफिनुस खलखो, अरविंद पांडेय, पीएम आवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, डॉ नौशाद आलम, राजस्व उप निरिक्षक संदीप कुमार, नंदेव राम, राजू राम, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, सहित कई प्रखंड, अंचल व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# एसबीआई प्रबंधक ने घर-घर केसीसी अभियान को लेकर किया बैठक बताई कई जानकारियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत सचिवालय सभागार में सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक उंटा के शाखा प्रबंधहक दिलेश्वर साव रीजनल ऑफिसर दीपक कुमार ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने किया। बैठक में दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। जिनके बीच घर-घर केसीसी से संबंधित कई जानकारियां बताई गई। जहां सबसे पहले बताया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत जिनके खाता में वार्षिक 6000 प्राप्त होता है। वैसे किसानों को कई लाभ भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा दिया जा सकता है। जहां लोगों को एसबीआई से परेशानी मुक्त और आसान लोन प्राप्त करने की बात कहीं।किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए 6287691001 पर शिकायत करने की बातें कहीं। तथा घर के लोन लेने के लिए एच एल पर्सनल लोन लेने के लिए पिएल कार लोन लेने के लिए सिएल बिजनेस लोन लेने के लिए बीएल कृषि लोन लेने के लिए केसीसी बचत खाता खुलवाने के लिए एसबी चालू खाता खुलवाने के लिए सीएम जीवन बीमा मोटर बीमा दुर्घटना बीमा या किसी भी तरह की निवेश के लिए एनएस खाता खुलवाने की बातें बताइए। मौके पर उपस्थित गिद्धौर एसबीआई संचालक मुकेश कुमार दांगी वार्ड सदस्य मुसाफिर कुशवाहा व दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया बच्चों का स्वेटर वितरण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत गांव के वार्ड नंबर 4 में संचालित भाग 2 आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को स्वेटर वितरण किया गया। जहां तीन से 6 वर्षो के बच्चों के बिच लगभग 35 से 40 बच्चों को दो सेट करके स्वेटर दिया गया है। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य मधुबाला देवी आंगनबाड़ी सेविका सुनैना देवी चिंता देवी थी।

## सीसीएल के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आज किया जाएगा आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के द्वारा पांच दिसंबर (मंगलवार) को नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आम्रपाली परियोजना स्थित होनहे, डिस्पेंसरी में समय- सुबह 11:00 बजे से जांच जारी रहेगा। यह निःशुल्क नेत्र जांच सीसीएल गांधीनगर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने सभी विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों से इस शिविर का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का हो रहा प्रयास : राकेश सहाय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** सोमवार को प्रखंड के छेंचा पंचायत सचिवालय में निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, बीससूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, मुखिया आशा देवी,पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, बीससूत्री सदस्य शशिभूषण तिवारी आवास समन्यवक दीपक कुमार यादव प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अनुज शरण,के अलावा अन्य लोगो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि प्रदेश के मुखिया हेमंत सोरेन के द्वारा कल्याणकरी व महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुचाने का प्रयास इस शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। लोगो को लाभ दिलाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वही उन्होंने उपस्थित लोगों को लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शिविर के माध्यम से लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि शिविर में अबुआ आवास के साथ लगभग 1794 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें कई आवेदनों पर सुनवाई कर दी गई है। वहीं विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह ने कहा कि गठबंधन की सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण व कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसे क्षेत्र के ग्रामीण शिविर के माध्यम से उसके लाभ उठा रहे हैं।

## पहरा पंचायत में वन अधिकार के तहत कई गांव में हुआ बैठक व समिति गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के विभिन्न गांव में वन अधिकार को लेकर वन समिति की गठन सोमवार को किया गया है। यह कार्य पहरा पंचायत मुखिया बेबी देवी के अध्यक्षता में की गई है। जहां पहरा से पंसंस लालो साव पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा राजस्व उप निरीक्षक पप्पू कुमार यादव अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह एवं सभी वार्ड सदस्य गांव गांव में उपस्थित थे। पहरा गांव से वन समिति के अध्यक्ष महेश रजक सचिन सोनी देवी मरंगी गांव में अध्यक्ष विजय पासवान सचिन प्रियंका देवी सिंदुरवे गांव में अध्यक्ष किशना उरांव सचिव प्रीति लिंडा एवं रोमन गांव में अध्यक्ष रोहन यादव सचिन रजन्ती देवी को सर्व समिति से निर्णय लेकर के बनाया गया है। एवं वनरक्षा करने की जिम्मेवारी दी गई है। जहां बैठक में गांव गांव में दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी योजनाओं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं (कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सहित) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय,झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में डीएमएफटी योजना अंतर्गत आपूर्ति की गई सभी सामग्रियों की जानकारी एक एक कर वार्डेन से ली। साथ ही उन्होने आपूर्ति की गई सामग्री से बच्चे लाभान्वित हो रहे है या नाही की जानकारी ली।ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर छात्र, शिक्षक की उपस्थिति कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने 48 घंटे के अंदर संबंधित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होने बैंक खाता यू डैस चाइल्ड मेनडेटरी धीमी होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया।सहायक अध्यापकों का फेक, प्रमाण पत्र सत्यापन की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2024 तक सक्षम प्राधिकार से निर्णय के उपरांत कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। साथ ही सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा जिन विद्यालयों में बूथ बनाया गया है उन विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं यथा बिजली, पानी, शौचालय समेत अन्य कार्यो को पूर्ण कराएं। बैठक में उपायुक्त ने सभी वार्डेन को निदेश किया कि आईसीटी लैब क्रियाशील रखें। किसी कारणवश सरकारी सम्पतियां क्रियाशील नहीं रहती है तो संबंधित के उपर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संतोश कुमार सिंह,मंजु कुमारी एवं सभी वार्डेन, सभी बीपीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

# बावर्ची फूड कोर्ट नामक प्रतिष्ठान का फीता काटकर किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर मोड़ के समीप बावर्ची फूड कोर्ट नामक रेस्टुरेंट के नए प्रतिष्ठान का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष सह पत्रकार दीपक राज ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने संचालक को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बरवाडीह में इस प्रकार के प्रतिष्ठान खुलने से यहां की रौनक बढ़ी है। नए प्रतिष्ठान खुलने के कारण हमारा शहर आगे बढ़ेगा और लोगों को सुविधाएं प्रदान करेगा। यहां खाने के शौकीन लोग अपने पूरे परिवार के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठा सकते है। उन्होंने कहा कि बावर्ची फूड कोर्ट ग्राहकों की मांग को पूरा करने में सक्षम साबित होगा। वहीं संचालक अनुज कुमार और शांतनु सरकार ने बताया कि कस्टमर की संतुष्टि ही उनका विश्वास है। हमारे यहां वेज, नॉन वेज समेत हर प्रकार के व्यंजन उपलब्ध है। बरवाडीह के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह यहां आकर व्यंजन का स्वाद ले और इससे बेहतरीन कर सकें सलाह दें। बताया कि हमारे यहां होम डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, विकास कुमार, कमलेश सिंह, सिराज अहमद, राजेश वर्मा, सोनू सरदार, बिरेंद्र ठाकुर, फिरोज सिद्दीकी, पिंटू कुमार, फिरोज अहमद उर्फ मुन्ना, जैकी चौरसिया, सत्यनारायण कुमार, अमन गुप्ता, हसीब अहमद, सुभम दुबे और डॉक्टर खान समेत व्यवसायिक समिति के कई पदाधिकारी शामिल हुए।

# जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं : मुखिया राधिका देवी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** सिंघानी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर का उद्घाटन प्रमुख मनीषा कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव, मुखिया राधिका देवी, जिला परिषद रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी, बीडीओ मोनी कुमारी, नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी, नवाडीह मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी इन सभी अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन वृद्धावस्थपेंशन, मनरेगा, अबुवा आवास तथा राशन कार्ड के लिए दिए गए। इस मौके पर बीडीओ मोनी कुमारी एवं प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए। कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो इसके लिए इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है। लोगों से अपील कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर में सभी विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों से कहा कि अपने अपने विभाग की जानकारी ग्रामीणों तक पहुँचावे। शिविर में अधिक से अधिक आवेदन दे ताकि लाभुको तक सरकार की योजना पहुंचे हैं, कार्यक्रम मे मुखिया राधिका देवी ने कहा कि पंचायत वासियों के सेवा में सदैव तत्पर हूं आप आज यहां सभी समस्याओं का आवेदन ऑनलाइन करवाए आपका समस्या का निवारण किया जाएगा ।शिविर के माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याओं को रखे व उसका निवारण किया जाएगा।

# प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची , मंगलवार, 5 दिसंबर 2023 | पेज 8


## संक्षिप्त खबरें

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन 10 दिसंबर को

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में आगामी 10 दिसंबर को नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी। उन्होंने कहा कि नॉलेज ओलंपियाड में सामान्य ज्ञान, तर्क ज्ञान, सामान्य विज्ञान, संख्यात्मक क्षमता और कंप्यूटर पर आधारित 10-10 कर कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा ओएमआर शीट पर आयोजित की जाएगी। जिसके आधार पर विजेताओं की घोषणा की जाएगी। डॉ गोविंद ने बताया कि 10वीं, 11वीं और 12वीं सभी वर्गों में हर वर्ग के टॉप तीन प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दरअसल विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु शैक्षणिक तकनीकों में निरंतर नवीनीकरण एवं मूल्यानुरूप नीतियों के तारतम्य में नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि नॉलेज ओलंपियाड 2023 में शामिल सभी प्रतिभागियों को आगामी सत्र जून 2024 एवं जुलाई 2024 में आईसेक्ट की ओर से संचालित किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश पर पंजीयन शुल्क पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मटवारी स्थित सिटी कैंपस या तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस या 9304522673, 8292846702, 7004488172 पर संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। नॉलेज ओलंपियाड को सफल बनाने के लिए एसएनके उपाध्याय, माधवी मेहता, डॉ रोजीकांत, डॉ प्रीति व्यास, आशा गुप्ता, हिमांशु चौधरी, मुकेश कुमार, रोहित मिंज समेत अन्य शिक्षाकर्मी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं।

### आरएनवाईएम कॉलेज में कल मनेगा स्वः रामनारायण यादव का 39वां पुण्यतिथि

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में मंगलवार को स्वःरामनारायण यादव का 39 वा पुण्यतिथि मनाया जाएगा।इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने जानकारी दी। जानकारी देते हुए डॉ विमल किशोर ने बताया कि रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही के प्रांगण में 5 दिसंबर को स्वःरामनारायण यादव जी की 39 वा पुण्यतिथि के अवसर पर 11:00 बजे पूर्वाह्न एक पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया है। पुष्पांजलि सभा में बरही के सभी बुद्धिजीवी समाजसेवी आमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि स्वःरामनारायण यादव हजारीबाग में एक जाने-माने वकील के साथ-साथ जिले के आसपास में प्रसिद्ध शिक्षाविदों में से एक थे। डॉ विमल किशोर ने कहा कि स्वर्गीय रामनारायण यादव की पहचान रही है कि,शिक्षा के क्षेत्र में वह एक नए आयाम स्थापित करना चाहते थे।

### आगामी 24 दिसंबर को बरही में निरंकारी मिशन की होगी संत समागम

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही राम नारायण यादव कॉलेज में निरंकारी मिशन का संत समागम 24 दिसंबर दिन रविवार समय 11 से 2 बजे तक सुनिश्चित हुआ है। ज्ञान प्रचारक चेतन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समागम संपन्न होगा। यह जानकारी मिशन के संचालक हरेंद्र सिंह ने दिया। उन्होंने बताया कि इस समागम में कोडरमा, हजारीबाग, चतरा जिले से करीब 3 से 4हजार महात्माओं का आगमन होगी।

### नमो फुटबॉल टुर्नामेंट -2023 का फाइनल आज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया फुटबॉल मैदान में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का फाइनल आज होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला संघ चालक सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह शामिल होंगे। बालिका एवं बालक समूह का फाइनल मुकाबला होगा। बालिका समूह में धवैया बनाम गुरहेत की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं बालक समूह में ओरिया बनाम बिरबीर की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला संघचालक सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर दोनों समूह का फाइनल मुकाबला शुरुआत होगा। बालक एवं बालिका समूह की टीम रोमांचक खेल का प्रदर्शन देंगा। फाइनल मुकाबला में फुटबॉल प्रेमियों एवं सदर प्रखण्ड क्षेत्रवासियों का गजब जनसैलाब उमडेगा। मुकाबला में फुटबॉल का अनोखा रोमांच भी दिखेगा।

### बरही में अलग-अलग स्थानों में हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल चार को किया गया रेफर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही में सोमवार शाम को अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध सहित पांच लोग घायल हो गया ।जिसमें तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया बाकी दो घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कर घर भेज दिया गया। बता दें की तीन अलग-अलग घटनाओं में पहली घटना बरही अनुमंडलीय अस्पताल के समीप हुई जिसमें बरही चौक से बाइक सवार सौदागर यादव पिता सुरेंद्र यादव उम्र 22 वर्ष अपने घर पड़ीरमा जा रहा था तभी सड़क पार करते हुए जिरिया देवी पति गणपत महतो उम्र 60 वर्ष एवं पिंटू कुमार पिता गंदेरी यादव (दादी, पोता) बरही रालो निवासी को अपने चपेट में ले लिया ,जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं बाइक सवार सौदागर यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर रेफर किया गया। दूसरी घटना बरही रसोईया धमना के पास की है जिसमें 20 वर्षीय रानी सीतल पिता केदार साव रोड क्रॉस कर रहे थे जिसमें चौपरण की ओर से आ रही तेज़ रफ्तार बाइक अपने चपेट में ले लिया जिससे रानी सीतल सड़क पर घायल हो कर गिर गई जिसे अनुमंडलीय अस्पताल बरही में प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर किया गया । तीसरी घटना पांडेयबारा सेलहरा के पास की है जिसमें बरही धोबी टोला निवासी प्रकाश कुमार केशरी पिता विनोद प्रसाद केशरी उम्र 28 वर्ष जो अपने बाइक से सेलहारा से तगादा कर अपने घर बरही आ रहा था। तभी अचानक बाइक से अनियंत्रित हो कर गिर गया जिससे वह घायल हो गया जिसे अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज कर उसे घर भेज दिया गया। पहले दोनों घटनाओं में प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की बाइक की स्पीड काफी थी जिससे यह घटनाएं हुई हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी चालक की मौत

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 4 दिसंबर। हजारीबाग-रांची नेशनल हाईवे के 14 माइल स्थित फौजी होटल के सामने सोमवार की संध्या सड़क दुर्घटना में स्कूटी (जेएच 24 जी 9173) चालक को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई। मौके पर चरही पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी।

## कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता पहुंचे खैरा पंचायत, सुनी लोगो की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रमंडलीय कांग्रेस नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत, खैर कर्मा ,लुंदरू देवकली, महुवारी, सिमराढाब एवं सिझुवा गांवो का दौरा किया। डॉ मेहता ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा वासी औद्योगिक कल कारखाने व्यवसायिक संस्थान की कमी एवं रोजगार के अभाव में अन्य राज्यों में रोजी-रोटी के लिए पलायन को मजबूर है। क्षेत्रवासियों ने मांग किया कि कृषि पर निर्भर प्रखंडो में सिंचाई संसाधन की व्यवस्था सरकार करें। डॉ मेहता ने सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को सराहनीय कदम बताते हुए उन्हे कार्यक्रम में जाने को प्रोत्साहित किया।कहा कि एलपीसी एवं दाखिल खारिज से जनता असंतुष्ट है।अधिकांश लोग थाना,प्रखंड अंचल की कार्यशैली से असंतुष्ट है ।भ्रमण कार्यक्रम में समाजसेवी एडवोकेट संजय दास,सरपंच सीताराम कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास, प्रो दीपक कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, भुवनेश्वर राणा,कुलदीप राम, जलेसर यादव, वीरेंद्र सिंह, धनी लाल मांझी, पूर्व मुखिया राजकुमार सिंह एवं सिकंदर अली समेत अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

## साइकिल वितरण योजना का मिला चेक प्रफुल्लित छात्राओं ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार में सोमवार को पदमा प्रखंड के कुटीपीसी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुटीपीसी की छात्राओं रॉयल कुमारी, शिवानी कुमारी और गीता कुमारी को साईकिल वितरण योजना का 45-45 सौ रुपया का चेक प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अंचल अधिकारी मोतीलाल हेम्ब्रोम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव द्वारा प्रदान किया गया। चेक मिलने के बाद छात्राओं ने कहा कि इस राशि से साईकिल खरीद करुंगी जिससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण निरंतर जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जरूरतमंदों के दिलों में अपनी जगह को स्थापित कर रहे हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा निरंतर सेवा का कार्य भी किया जा रहा है। इसी क्रम मे रविवार को डिश टीवी ऑफिस बड़ा बाजार चौक के समीप जरूरतमंद, बिरहोर, रिक्शा चालकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर घूम-घूम कर जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया, रविवार को 71 कंबल का वितरण किया गया।

मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा की फरवरी महीने तक यह सेवा निरंतर चलती रहेगी, गरीबों के लिए ठंड के समय में एक कंबल भी बहुत बड़ा सहारा बन सकता है। साथ ही कहा कि जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर कंबल मिलने के बाद की मुस्कान असीम सुख की अनुभूति देती है।

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की संयुक्त अगुवाई में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सदर एसडीएम विधा भूषण कुमार समेत 12 दंडाधिकारी औचक निरीक्षण की कारवाई में मौजूद रहे। यह निरीक्षण लगभग ढाई घंटे तक चला। इस औचक निरीक्षण की कारवाई में जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन,बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण की कारवाई के उपरान्त मीडिया से बातचीत के क्रम में बताया कि जेल से कुछ भी अति गंभीर सामग्री प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि धनबाद में हुई घटना को देखते हुए राज्य के सभी कारागार को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश प्राप्त है ताकि इस प्रकार की घटना को रोका जा सके। आज के निरीक्षण में लगभग 10 मीटर का एक रस्सी,1 पेन ड्राइव, खैनी का पैकेट, छड़ का घुमावदार टुकड़ा व चाकूनुमा चम्मच आदि सामग्री बरामद किए गए जिन्हें जप्त कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की राज्य के अन्य हिस्से में हुए जेल की घटना को देखते हुए यह औचक निरीक्षण की कारवाई की गई है,यह एक रूटीन जांच प्रक्रिया भी है जो हर एक या दो माह में की जाती है।

## आईलेक्स स्कूल ने डीएवी कनहरी को 5 विकेट से हराया, पहुंचा फाइनल में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमी-फाइनल का मैच खेला गया। जिसमें पिछले 10 वर्षों के चैंपियन डीएवी कनहरी का मुकाबला आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरही से था। डीएवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में 10 विकेट पर 50 रन बनाये। जिसमें अलोक कुमार ने सर्वाधिक 17 रन बनाये। जवाबी पारी खेलते हुए आईलेक्स की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 18 ओवरों में हीं इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। आईलेक्स की तरफ से शिव यादव ने शानदार 20 रन बनाये और 4 रन भी झटके। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कोच भूषण कुमार और टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस जीत ने नए आयाम को सेट कर दिया है और इसके साथ हीं पूरा विश्वास है कि फाइनल में भी जीत हमारी हीं होगी। शैलेश कुमार ने पूरी टीम से वादा किया कि फाइनल के मैच में वे स्वयं उपस्थित रहेंगे।इसके साथ हीं उन्होंने कहा कि ये जीत निरंतर अभ्यास, अनुशासन और धैर्य का हीं फल है।

## आगामी चुनाव में झारखंड में भी बनेगी भाजपा की सरकार : पूनम साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने विधानसभा चुनाव में आये तीनों राज्यों के नतीजे पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश, जयपुर , छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों के नतीजे ने ये साबित कर दिया कि जनता को सिर्फ और सिर्फ भाजपा पर भरोसा है। तीनों राज्यों पर भाजपा की जीत पर बयान जारी करते हुए युवा नेत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की कल्याण कारी योजना का लाभ देश के आखिरी पायदान तक के व्यक्ति को मिल रहा है जिसके कारण हर तरफ लोगों ने अपना विश्वास सिर्फ और सिर्फ भाजपा पर जताया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने इस जीत का श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं को दिया और विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी, झारखंड की जनता इस झूठ फरेब की सरकार से त्रस्त हो चुकी है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनता अपना भरोसा भाजपा के ऊपर ही दिखाईगी।

## ऑन द स्पॉट मिला बिरसा सिचाई कूप योजना का लाभ, जताया सरकार का आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के रसोईया धमना पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में रसोईया धमना पंचायत बरही के रहने वाले परमानन्द प्रसाद को ऑन द स्पॉट बिरसा सिंचाई कूप योजना का लाभ दिया गया। मौके पर परमानन्द प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें अपने खेतों की सिंचाई के लिए दिक्कत होती थी। वे बहुत दिनों से योजना से जुड़ कर लाभ लेने के लिए प्रयासरत थे। जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में शिविर लगी है, तो वे सुबह शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित किया। कागजात की जांच कर उनका आवेदन को स्वीकृति दे दिया गया और उनका नाम सूची में शामिल हो गया। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस सिंचाई कूप योजना की स्वीकृति होने से वे अपनी खेती की सिंचाई भलीभाँति कर सकेंगे। इससे उन्हें जीवन जीने में सहूलियत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एनटीपीसी एवं जनप्रतिनिधियों के बीच गैरमजूरवा जमीन की भुगतान को लेकर वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी कार्यालय में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में एनटीपीसी के भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास और विस्थापन विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी के साथ गैरमजूरवा भूमि को रैयती भूमि के समतुल्य भुगतान करने की मांग को लेकर वार्ता की गई। वार्ता में रैयतों की भूमि अधिग्रहण को लेकर गहन विचार विमर्श की गई। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं अन्य ने रैयतों की गैरमजूरवा जमीन को रैयती भूमि के समान भुगतान करने की मांग की। जिस पर महाप्रबंधक पंकज ध्यानी ने कहा कि उपायुक्त महोदय के आदेशानुसार गैरमजूरवा जमीन को रैयती के समतुल्य भुगतान किया जाएगा, लेकिन एनटीपीसी को उपयुक्त के आदेश की आवश्यकता है। किसान अपने अपने गैर मजूरवा भूमि की कागजात का सत्यापन करवाकर लें। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, प्रभु महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइंया, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, अवध किशोर यादव, शिवकुमार राय, कृषि विशेषज्ञ मीनू महतो के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम, सखी मंडल को मिला 6 लाख का चेक

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार में आज बरही प्रखंड के रसोईया धमना पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुस्कान आजीविका सखी मंडल को बैंक लिंकेज कर 6 लाख रुपया का चेक प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल पदाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। चेक मिलने के बाद सखी मंडल की मनीषा कुमारी, रिंकू देवी, उमा देवी, सुनीता आदि ने कहा कि इस राशि से उनके समूह को व्यवसाय बढ़ाने में काफी सहायता होगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया।

## इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के अध्यक्ष बने डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण को कर्नाटक में आयोजित वार्षिक चुनाव में इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसी कड़ी में डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। बताया कि यह हमारे संस्थान के लिए गर्व की बात है कि इतने बड़े मानक में हमारे संस्थान से जुड़े डॉक्टर्स को सम्मान मिला है। यह प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण के साथ-साथ पूरे संस्थान के लिए बेहद ही खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी एक राष्ट्रीय निकाय है। जो उन दंत चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करता है।

जिन्होंने ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विषय में विशेषज्ञता हासिल की है। यह एक पंजीकृत निकाय है जिसे डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली संदर्भित करती है,जब ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी के विषय से संबंधित निर्णय लेने होते हैं। प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण ने बताया कि हमारे साथ-साथ यह श्रेय पूरे कॉलेज परिवार को जाता है। उन्होंने बताया कि अकादमी के अनुदान, प्रायोजन और निधि से ग्रामीण और शहरी आबादी के लिए सतत शिक्षा, अनुसंधान और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देता है। आवश्यकता पड़ने पर निकाय यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न को भी संशोधित करता है और सक्षम अधिकारियों को इसे लागू करने की सिफारिश करता है। यह आगे चलकर पत्रिकाओं, पुस्तकों आदि को प्रकाशित करता है और अकादमी के सदस्यों को अनुसंधान करने और उच्च गुणवत्ता वाले वैज्ञानिक लेख प्रकाशित करने और विभिन्न मीडिया के माध्यम से मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के ज्ञान का प्रचार करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## वी मार्ट बन रहा परेशानी का सबब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के कल्लू चौक वाले व्यस्तम इलाके में अवस्थित वी मार्ट सुपर मार्केट की मार्केटिंग टेक्निक लोगों के लिए सर दर्द बन रहा है। दरअसल वी मार्ट द्वारा रोजाना दिन भर गेट के बाहर हाई वॉल्यूम में गाने बजाए जा रहे हैं जिसे लोगों द्वारा इनकी मार्केटिंग स्ट्रेटजी बताई जा रही है। दिन भर बज रहे गाने से आस- पास के दुकानदार परेशान हो चुके हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर वहां के एक दुकानदार बताते हैं कि इस व्यस्तम इलाके में पहले से ही वो लोग वाहनों और हॉर्न की आवाज से परेशान रहते हैं, ऐसे में जब से वी मार्ट खुला है तब से यहां समय बिताना मुश्किल हो रहा है। आगे कहा, शुरुवात में लगा था कि अभी दुकान नई है शायद इसलिए बजाया जा रहा है परंतु महीनों बीत जाने के बाद भी यह सिलसिला जारी है जो उन्हें और उन जैसे अनेक व्यवसाइयों के लिए सर दर्द बनता जा रहा है। इस वजह से जहां एक ओर काम पर फोकस करना मुश्किल है वहीं मानसिक स्थिति भी बिगड़ती जा रही है। वहीं बगल के एक अन्य बुजुर्ग व्यवसाई ने कहा कि जिस तरीके से रोज सुबह से रात तक वी मार्ट द्वारा हाई साउंड में गाने बजाए जा रहे हैं वो उनकी सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। कहते हैं कि उन्हें नहीं पता कानूनी तरीका क्या है परंतु इस तरह से लोगों के सेहत और मानसिक स्थिति के साथ खिलवाड़ करना कहीं से भी जायज नहीं है।

## हार्डवेयर दुकान के खुलने से स्थानीय लोगों को सामग्री खरीदारी करने में होगी सुविधा : ममता देवी

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डीवीसी चौक के पेटरवार रोड में फैजान हार्डवेयर दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस से पहले हार्डवेयर दुकान का संचालक दिलखुश अंसारी जी के द्वारा मुख्य अतिथि ममता देवी एवं विशिष्ट अतिथि बजरंग महतो का बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा कि फैजान हार्डवेयर दुकान के खुलने से स्थानीय लोगों को काफी सुविधा होगी और इस दुकान में हार्डवेयर से संबंधित सभी तरह की सामान उपलब्ध है एवं लोगों को उचित मूल्य पर सामान उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही हार्डवेयर दुकान हर रोज तरक्की करें इसके लिए दुकान संचालक को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मौके पर अब्दुल हलिल सद्दाम अंसारी सरफराज अंसारी मेराज अंसारी बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो चंदन प्रसाद प्रखंड अध्यक्ष युवा कांग्रेस कौसर राजा रजाउल अंसारी सरफूदीन अंसारी मासुक अंसारी जलील अंसारी विक्रम कुमार मुमताज अंसारी संतोष महतो तस्लीम अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## टाटा स्टील झारखंड लिटरेरी मीट का छठा संस्करण दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील झारखंड लिटरेरी मीट का छठा संस्करण 8 से 10 दिसंबर तक रांची के ऑड्रे हाउस में चलेगा। महोत्सव का माहौल 8 दिसंबर की शाम को ऑड्रे हाउस में सूफी-भक्ति परंपराओं की कविता का जश्न मनाते हुए पद्मश्री शुभा मुद्गल की प्रस्तुति के माध्यम से तय किया जाएगा। महोत्सव का आधिकारिक उद्घाटन 9 दिसंबर को प्रसिद्ध पौराणिक कथाकार देवदत्त पटनायक द्वारा किया जाएगा। उनकी नवीनतम पुस्तक बाहुबली- 63 इनसाइट्स इनटू जैनिज्म लॉन्च की जाएगी और वह आधुनिक समय में भगवद गीता की प्रासंगिकता पर भी बात करेंगे।उद्घाटन सत्र के बाद, महोत्सव में प्रसिद्ध अनुभवी हिंदी लेखिका ममता कालिया साहित्य जगत में अपनी शानदार यात्रा पर चर्चा करेंगी। क्षेत्र की होनहार युवा लेखिका पार्वती तिर्की, जिन्हें उनके पहले कविता संग्रह फिर उगना के लिए प्रलेख नवलेखन सम्मान से सम्मानित किया गया है, झारखंड के प्रमुख साहित्यकारों में से एक और बिरसा मुंडा पुरस्कार विजेता महादेव टोप्पो के साथ मंच साझा करेंगी।

## झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव बने साहब राम

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश सम्मेलन में रामगढ़ जिला दुलमी प्रखंड अंतर्गत कुल्ही पंचायत निवासी शिक्षक साहब राम भोगता को राज्य सरकार के प्रदेश कर्मचारी महासंघ के महासचिव चुने जाने पर झारखंड प्रदेश मनवाधिकार सहयोग संघ के अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती ने बधाई देते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के साथी हर वक्त राज्य कर्मचारियों के साथ साथ हर तरह की समस्याओं को लेकर उनके हक अधिकार के लिए उन्हें उचित एवं न्याय संगत कार्य करने के लिए प्रेरित किया करते हैं वे समाज में सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी बढ़ चढ़ कर लिया करते हैं और राज्य की व्यवस्थाओं और जल जंगल जमीन पर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ नवयुवकों को समाज में संस्कृति और खेल कूद में आगे आने के लिए प्रेरित करते रहते है ऐसे लोगों को राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा महासचिव बनाए जाने पर तमाम पदाधिकारी कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते है उन्हें बधाई देने वालों में अनुज सिंह, कृष्ण भोक्ता बालेश्वर भगत, अजय गुप्ता नीतीश कुमार, देव महतो सुरजन करमाली, मंटू करमाली, दिगंबर मुंडा ,विनोद राजवार,महादेव भोक्ता,, अनिल साहू, जितेंद्र प्रसाद ,अमित सोनी, विष्णु कुमार ,चंदन नायक, सुनीता देवी ,पारो देवी ,राधा देवी ,मनोज कुमार, गोपाल रजवार सहित कई लोगों ने उन्हें महासचिव जब बनाए जाने पर बधाई दी गई।

## अल्ट्रासाउंड केंद्रों/ अस्पतालों का करें औचक निरीक्षण : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट(गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी एवं उन्हें जिला स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं को



सूचीबद्ध करने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमे भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए ।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सरकारी भवनों सहित अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में शौचायलयों के निर्माण एवं आदर्श ग्राम योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में निर्मित सामुदायिक शौचायलयों की जानकारी लेने के उपरांत वर्तमान में पूर्ण सभी सामुदायिक शौचालयों एवं सरकारी भवनों में स्थित शौचायलयों का तत्काल रूप से नियमित संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने जिन शौचालय में वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा हो अथवा संचालन नहीं हो रहा है उनमें अभियान मोड में कार्य करते हुए 6 माह के अंदर सभी शौचालयों का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। पीवीयूएनेल द्वारा पतरातू क्षेत्र अंतर्गत बाजारटांड कटिया, पतरातू प्रखंड कार्यालय, कटिया मार्केट एवं प्रखंड कार्यालय से 500 मीटर दूर रेलवे फाटक के समीप शौचालय निर्मित किए जाने को लेकर उपायुक्त ने डीएमएफटी टीम के सदस्यों को 15 दिसंबर से पूर्व कार्य योजना प्राप्त करने सहित आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल रामगढ़ में एक सप्ताह के अंदर सुलभ शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया वहीं पतरातु लेक रिजॉर्ट परिसर के



समक्ष सुलभ शौचालय स्थापित करने हेतु सुलभ के प्रतिनिधियों को सर्वे कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से समाहरणालय आने वाले लोगों की सुविधाओं के मद्देनजर उपायुक्त ने समाहरणालय के तीनों ब्लॉक ए,बी व सी में शौचालय एवं जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आदर्श ग्राम योजना के तहत बैठक के दौरान उपायुक्त ने चयनित दुलमी प्रखंड के गोरातू गांव में विकास कार्यों को लेकर जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चितरपुर उत्तरी पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड के चितरपुर उत्तरी पंचायत स्थित पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, सीओ दीपक मिंज, मुखिया मंजू देवी, पंचायत सेवक ब्रह्मदेव पाठक, बीस सूत्री सदस्य उत्तम कुमार पटवा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुन व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया। शिविर में अबुआ आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। आयोजित शिविर के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, चेक आदि का वितरण किया। शिविर का संचालन बीपीओ कुमार विवेक ने किया. इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का स्वागत पौधा देकर किया गया.



इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार महतो, कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार महतो, बीस सूत्री सदस्य जगरनाथ महतो, पंचायत सेवक नेमचंद करमाली, सिकंदर अंसारी, सुमित कुमार सिन्हा, विनोद करमाली, रवि कुमार, अजय मरांडी, वरुण कुमार, युगेश कुमार, नागेश्वर महतो, आशीष अनमोल एक्का, नाजिर योगेश गुप्ता, प्रखंड समन्वयक कमल साव, विक्की नायक, आत्मा के चंद्रमोली सिंह, एटीएम निरंजय कुमार, उप मुखिया राजेंद्र सोनार, रोजगार सेवक महेंन्द्र नायक, एकरामुल हक, प्रसादी महतो, शत्रुधन सिन्हा, दीपक गुप्ता, कपूर राम, रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमार सहित मुन्नीलाल साव के अलावा डीलर, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएस कर्मी, एनएम, सहिया दीदी आदि मौजूद थे।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023- 24 के तहत विशेष कैंप का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन विभाग रांची के पत्रांक के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023- 24 के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्लस टू एवं डिग्री कॉलेजों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु 4 एवं 5 दिसम्बर को दो दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया । सोमवार को आयोजित कैंप में बड़ी संख्या में 18+विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ मतदाता सूची में अपना- अपना नाम जुड़वाया।उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023- 24 के तहत आयोजित दो दिवसीय विशेष कैंप में नए मतदाता जिनका उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुका है और जो अभी तक अपने मतदाता पहचान पत्र नहीं बनवाए हैं उन सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अपील किया गया साथ ही उन्होंने कहा की मतदान करना हमारा अधिकार है इसका प्रयोग जरूर करें।



## दो दिवसीय इंटर स्टेट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताब पर तमिलनाडु ने कब्जा किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में विश्व दिव्यांग दिवस पर चल रहे प्रथम दिव्यांग के त्रिकोणीय टी -20 सीरीज का सोमवार को समापन हो गया। सिद्धू कानू स्टेडियम में आयोजित इस मैच में झारखंड को 56 रनों से हराकर मेंहमान टीम तमिलनाडु ने चैंपियन बनी। मैच के दौरान दिव्यांगों के हौसले खेल में महारत सधी गेंदबाजी बल्लेबाजी और फील्डिंग तथा समारोह के दौरान पेश की गए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने भी उनके हौसले को काफी तारीफ की। इससे पूर्व प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के सचिव अतहर अली ने मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान पीयूष पांडे, को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया।मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़ ने रामगढ़ एसपी को शाल ओडा कर स्वागत किया ।इस मौके पर एसपी ने कहा कि दिव्यांग जनों में प्रतिभा की कमी नही है। इस बात को खिलाड़ियों ने साबित कर दिखाया है।मौके पर दिव्यांग बच्चों ने भी अंगतुको के सम्मान में गीत की प्रस्तुति की। बाद में फाइनल में पहुंचे टीम झारखंड तमिलनाडु टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त गेंद को बल्ले से मारकर खेल को शुरू करने का संकेत दिया। मैच में मेहमान टीम ने जीत कर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया।




### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–रूद्रा राज उम्र–1,1/2 वर्ष, रंग–काला, पहनावा–लाल रंग का फुल गंजी एवं हरा रंग का फुल पैंट पहनें हुए हैं।**

उपरोक्त लापता बच्चा रूद्रा राज, पिता–प्रजा कुजुर, पता–लिचा बगान, थाना–जगरनाथपुर, जिला–राँची जो दिनांक–22.10.2023 को हरमु विजली ऑफीस के पास महिला मधु देवी से अपहरण कर लिया गया है। जो आजतक अपने घर वापस नही आये है जिसके संबंध में अरगोड़ा थाना काण्ड संख्या–378/23, दिनांक–22.10.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता बच्चा कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक हटीया, राँची। –9431706143

थाना प्रभारी अरगोड़ा, राँची। –94317 06170

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 312671 Police(23-24).D



### कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

निविदा संख्या – 02/2022

**अति अल्पकालीन निविदा**

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु Anti Rabies Vaccine की आवश्यकता है। प्रतिष्ठित निर्माताओं/उनके अधिकृत विक्रेताओं से विभिन्न शर्तों के साथ मुहर बन्द निविदा दिनांक 18.12.2023 के अपराह्न 02.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 18.12.2023 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदादाता दवा की सूची एवं निविदा की शर्तें कार्यालय अवधि में जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा के कार्यालय से राष्ट्रीयकृत बैंक रू0 2000/ (दो हजार) रू0 का ड्राफ्ट जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा के नाम से जमा कर दिनांक 05.12.2023 से दिनांक 12.12.2023 के बीच कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। ड्राफ्ट की राशि वापस नहीं किया जायेगा। Tender की नियम एवं शर्तें http://lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 312687 (Lohardaga) 23-24 (D)



### कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

सदर अस्पताल परिसर, रॉची, email id – csofficeranchi@yahoo.com

Tender No. : 4574 Date 2.12.2023

**अति अल्पकालीन निविदा**

सदर अस्पताल रॉची के NQAS , सामग्रियों एवं विविध के क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म /स्थानीय दुकानदारों से दिनांक 14.12.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता था। निर्धारित तिथि तक निविदा हाथो–हाथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा। निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि website www.sadarhospital.com पर दिनांक 6.12.23 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्वि पत्र www.sadarhospital.com पर ही देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉची

PR312660 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D



### प्राचार्य, मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय का कार्यालय पलामू

अति–अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)

निविदा संख्या– 08/2023–24

मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय पलामू के लिए चालु वर्ष 2023–24 में आपूर्ति सामग्री/कार्यालय व्यय/ कार्यालय उपकरण आदि की क्रय हेतु निबंधित निर्माता/अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठान, एजेंसियों से निविदा दिनांक 19.12.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री,उपकरण,रसायन का दर अनुमोदन हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाषित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 05.12.2023 समय 12:30 PM |
| 2 | निविदा शुल्क (डी0डी0) जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से देय होगा। | 1000.00 Non Refundable. |
| 3 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 20.12.2023 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 03P.M |
| 4 | अग्रधन की राषि (डी0डी0) जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से देय होगा। | 10000.00 Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | हेल्पलाइन (निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 9110199662 |
| 7 | BD/DD ( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 19.12.2023 5 P.M तक |

1. निविदा शुल्क जामा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनिकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।

PR.NO.312596 District(23-24):D



### कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in

Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ............................../ दिनांक ............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.11.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–लुरू, थाना–रायडीह के पास से 05 पीस साल बोटा सहित एक माल वाहक वाहन योद्धा पीकअप सं0–WB59C0072 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 13.12.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 312690 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D



### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (विकास शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(o) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

–:: **आम सूचना** ::-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला नमामि गंगे अन्तर्गत जिला स्तर पर एक DPO (District Project Officer) का संविदा के आधार पर नियुक्ति करने हेतु प्राप्त आवेदनों के दावा/आपत्ति के उपरान्त सूची रामगढ़ जिले के बेबसाईट https://ramgarh.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। जिसकी विवरणी देखी जा सकती है।

इस संदर्भ में सूचित किया जाता है कि सूची में अंकित अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 06.12.2023 को अपराह्न 03:00 बजे अपराह्न 04:30 बजे तक समाहरणालय के सभागार ब्लॉक A, B एवं जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार में आहूत की गयी है। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा की तिथि को अपराह्न 12:30 बजे तक अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/वोटर आईडी) मूल तथा छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज कलर फोटोग्राफ के साथ सूचना भवन, समाहरणालय परिसर, रामगढ में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, ताकि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र (ADMIT CARD) दिया जा सके। साथ ही, निदेश दिया जाता है कि :–

- काला बॉल पेन का उपयोग की मान्य होगा, परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का होगा।
- परीक्षा प्रारम्भ होने की निर्धारित समय अपराह्न 03:00 बजे से 30 मिनट पूर्व अपनी उपस्थिति दर्ज करना आवश्यक होगा।
- अपराह्न 02:45 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों का प्रवेश वर्जित होगा।
- परीक्षा केन्द्र में परीक्षा के दौरान किसी भी इलेक्ट्रोनिक गैजेट (मोबाईल, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, ब्लुटूथ डिवाईस, नॉट–बुक) ले जाना वर्जित होगा।

ह0/– उपायुक्त, रामगढ़

PR 312685 District(23-24)#D



### कार्यालय : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची

**"इच्छा की अभिव्यक्ति"**

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 16 रा0(वि0) दिनांक 24.07.2023 के आलोक में मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि "मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्श 2023–24 के लिए झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के चयनित लाभुकों के निजी तालाब में देशी मांगूर का पालन एवं प्रत्यक्षण हेतु देशी मांगूर बीज की आपूर्त्ति हेतु **"इच्छा की अभिव्यक्ति"** आंमत्रित की जाती है।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से देशी मांगूर का बीज का वित्तीय दर का प्रस्ताव के साथ दिनांक 23.12.2023 तक कार्यालय अवधि में 04:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**शीर्षवार प्राप्त लक्ष्य निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य (एकड़ में) | देशी मांगूर का बीज (संख्या लाख में) | देशी मांगूर का दर/प्रति पीस (परिवहन सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | -101- | 10 | 2.00 | 2"-3" size |
| 2 | -796- | 15 | 3.00 | 2"-3" size |
| Total | | 25 | 5.00 | |

देशी मांगूर के आपूर्त्ति से संबंधित शर्तें निम्नवत् होगें :–

- आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को झारखण्ड राज्य के जिलों से चयनित लाभुकों के तालाब तक देशी मांगूर का बीज जीवित एवं स्वस्थ अवस्था में आपूर्त्ति करना होगा।
- आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा देशी मांगूर के बीज का दर पैंकिग एवं परिवहन सहित घोशित करना होगा साथ ही देशी मांगूर के बीज का स्रोत का विवरण, यथा–हैचरी अथवा तालाब का ब्यौरा पूर्ण पता के साथ संलग्न करना होगा।
- आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को शुद्ध देशी मांगूर का बीज हीं आपूर्त्ति करना होगा। हाईब्रिड या थाई मांगूर पाये जाने पर भुगतान अवरूद्ध कर दिया जायेगा एवं काली सूची में सूचीबद्ध कर दिया जायेगा।
- आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत्त देशी मांगूर बीज को रद्द अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

ह0/– सहायक मत्स्य निदेशक (अनु0) मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची

PR312637 (Fish)23-24*D

## नवजवान एकता फाउंडेशन के द्वारा मुफ्त आंख जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाजिक संस्था नवजवान एकता फाउंडेशन के द्वारा झरिया स्थित अपने कार्यालय मे मुफ्त आँख जांच शिविर का आयोजन किया गया। एएसजी आई हॉस्पिटल से आए डॉक्टर संजय कुमार रजक, रवि



सिन्हा, सागर सिंह ने 74 लोगों के आँखों का बिल्कुल मुफ्त मे इलाज किया। इलाज के क्रम मे 13 लोगों के आँखों मे मोतियाबिंद पाया गया जिनका ऑपरेशन एएसजी आई हॉस्पिटल के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत बिल्कुल फ्री मे किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नवजवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सचिव मोहम्मद शाहनवाज खान सहित संस्था के सभी सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## डबरी और अरारी के आंगनबाड़ी केंद्रों में बांटे गए स्वेटर



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के पंचायत अरारी के ग्राम डबरी और अरारी के पूर्वी आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित बच्चों के बीच स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा के द्वारा गर्म कपड़े एवं पोशाक का वितरण किया गया। इस बीच पोशाक मिलने से बच्चों में काफी खुशी देखी गई। इस बीच मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को निर्देश दिया कि बच्चों के बीच सही समय पर नाश्ता एवं मध्याह्न भोजन दिया जाय। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, वार्ड सदस्य राजकुमार साहू, संजय कुमार, सेविका खुशबू कुमारी,अफरोजा खातून, सहायिका सरिता देवी एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## क्लेमेंट लैब द्वारा हेल्थ चेक अप कैंप आयोजित, लोगों में खुशी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जामाडोबा कोऑपरेटिव कॉलोनी में क्लेमेंट लैब द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। हेल्थ चेकअप कैंप में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। आलम यह रहा कि शिविर समाप्त होने के बाद भी लोग हेल्थ चेक अप के लिए आते रहे। हेल्थ चेक अप कैंप में स्वास्थ्य जांच कराने के लिए पहुंचे लोगों ने क्लेमेंट लैब के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। शिविर मे स्थानिय लोगो का पूरा सहयोग मिला। इस दौरान लोगों ने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेबल, रक्त जांच समेत अन्य जांच कराये। लोगो का कहना है की क्लेमेंट लैब के द्वारा लगातार हो रही हेल्थ चेक अप कैंप से लोगो को बड़ी रहत मिल रही है। लैब की मालिक अनुराधा सिन्हा ने कहा की सिर्फ जामाडोबा में मात्र 6 से 7 महिना में दर्जनों कैंप लगाया गया ताकि गरीब एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगो को मदद मिल सके। मौके पर रेखा बावरी, मबिया खातून, निखिल कुमार, राजीव कुमार, खुशबू फरहा आदि मौजुद थे।

## दिव्यांग बच्चों के लिए उपयोगी प्रतियोगिताओं का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा पांच दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के चौथे दिन सोमवार को अतिथियों, दिव्यांग बच्चों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल परिसर में दिव्यांग बच्चों के बीचआर्ट, क्राफ्ट, डांस, ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने बहुत उत्साहपूर्वक और और उमंग के साथ आर्ट क्राफ्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में चंद्रयान, फ्लावर, एनिमल्स भारतीय झंडा एवं अन्य दिए गए थीमों पर आकृतियां बना कर हर प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रोत्साहन के तौर पर सभी दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार दिया गया। दिव्यांग बच्चों के लिए यह प्रतियोगिता आयुष फाउंडेशन के निर्देशिका अर्पिता अग्रवाल और शिक्षक गणेश के निर्देशन में किया गया। जिन्हे पहला कदम प्रबंधन द्वारा पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## सक्सेस स्टोरी : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

## शिविर में अनेकों लोगों को ऑन द स्पॉट मिला सर्वजन पेंशन, जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र





प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नगर परिषद चिरकुंडा के वार्ड नं. 05 में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर के दौरान 63 वर्षीय पुष्पा आस को आवेदन करने के जांचोंप्रांत शिविर स्थल पर सर्वजन पेंशन का लाभ प्रदान किया गया।

वहीं बलियापुर प्रखंड के बड़ादाहा पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत के कई छात्र-छात्राओं को ऑन द स्पॉट जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र मिला।

प्रमाण पत्र की स्वीकृति मिलने के बाद सभी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया।

## धनबाद जेल की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : ब्रजेंद्र सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने धनबाद में कल हुए जेल की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा की धनबाद जेल में अमन सिंह की न्यायिक हिरासत में रहते हुए जिस तरह से हत्या हुई है, यह बहुत ही निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। धनबाद के इतिहास में न्यायिक हिरासत में जेल के अंदर यह पहली घटना है जो धनबाद के लिए एक काला धब्बा के समान है। यह बात सत्य है कि अमन सिंह पर कई दर्जन मुकदमे लंबित है और सभी पर कार्रवाई हो रही थी। परंतु सबसे जरूरी बात यह है की आखिर जेल के अंदर हथियार कहां से आया और फिर हत्या करने के बाद हथियार कहां गायब हो गया, यह जांच का विषय है। बगैर जेल प्रशासन के मिली भगत के यह काम असंभव प्रतीत होता है। सरकार को एसआईटी बना कर जांच करानी चाहिए और उसके पहले जेल अधीक्षक, जेलर और दूसरे जेल पदाधिकारी को अविलंब निलंबित करने के बाद ही जांच शुरू करनी चाहिए। अन्यथा यह लोग सबूत के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं।

## ग्रामीण विकास मंत्री से मुखिया प्रतिनिधि ने सड़क की स्थिति से कराई अवगत



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड के बदवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर पंचायत में विकास योजनाओं की मांग किए। मुखिया प्रतिनिधि रघुनंदन कुशवाहा ने मंत्री का ध्यान आकर्षित पंचायत की ओर करते हुए कहा कि यह झारखंड बिहार के सीमा पर स्थित पंचायत है जहां पर आज भी विकास योजनाओं की मूलभूत सुविधा नहीं है वहीं मंत्री से पारडीह बदवारा बदहाल सड़क की वस्तु स्थिति से अवगत कराया एवं मंत्री को ज्ञापन सोपा वही मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र रोड की मरूमती करने का भरोसा दिया।

## सेल चासनाला ने 77 दिव्यांगजनों को निःशुल्क प्रदान किया सहायक उपकरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड - सेल कोलियरी डिवीजन चासनाला के तत्वावधान में झरिया रिसोर्स सेंटर के प्रांगण में दिव्यंजनो हेतु सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झरिया अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद, सीजीएम पर्सनल संजय तिवारी, एमडी मो अदनान, जीएम सीएसआर एस एस सिंह, उप महाप्रबंधक मनीष भाटिया ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलन कर किया। मंच संचालन फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ



मनोज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन स्पेशल एडुकेटर अखलाक अहमद ने किया। यह दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण शिविर को अनुप कुमार एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर कोलियरी सीसीसीओ के नेतृत्व से चलाया गया। शिविर में सेल चासनाला के सौजन्य से 15 मोटाराइज़्ड ट्राईसाईकल, 4 व्हीलचेयर, 4 ट्राईसाईकल, एल्बो करुच, 8 हियरिंग एड,1 सीपी चेयर का निःशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद, सीजीएम पर्सनल संजय तिवारी, एमडी मो अदनान, जीएम सीएसआर संजीव शरण सिंह, उप महाप्रबंधक मनीष भाटिया उप महाप्रबंधक मनीष भाटिया, पंकज कुमार, डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, डिपेंटी गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान, धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी की अध्यक्षता में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती, जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने उनके तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि भारतरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होने भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन मे प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की ज़रूरत है। मौके पर योगेन्द्र सिंह योगी, राजेश्वर सिंह यादव, कय्युम खान, दिनेश यादव, पप्पु कुमार तिवारी, सत्यानंद पांडे, गोपाल चौधरी, सन्नी सिंह, मोहित कुमार, राहुल राज, जयप्रकाश सिंह, प्रिया गुप्ता, सुन्दर कुमार, रौशन कुमार, संदीप कुमार, सुरज, नौशाद, रवि पासवान सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### उसरी बचाओ अभियान की बैठक पेसराघाट छठ घाट पर संपन्न हुई

## अध्यक्ष प्रदीप कुमार व सचिव योगेश मरिक बने

प्रभात मंत्र सवांददाता

**गिरिडीह :** सुनील भूषण की अध्यक्षा में आज उसरी नदी बचाव अभियान के तहत उसरी तट पेसरागढ़ में बैठक हुई, जिसमें सुनील भूषण के साथ अभियान के सदस्यों और अधिकारियों लोगो ने कहा कि उसरी नदी को बचाने का बीड़ा सब को उठानी है, उसरी में पहले हजारों लोग नहाते थे, सुबह साफ सुथरा उसरी देखने लायक थी किंतु गंदे नाले का पानी बिना फिल्टर किए हुए उसरी में डाला जाने लगा,नगरनिगम तथा खनन विभाग के अलावा उच्च अधिकारी पर्यावरण के बारे सोचना लगभग



बंद कर दिए इसके कारण उपेक्षित हो गया उसरी, ज्ञात हो जबतक लोकल जनता महिला,पुरुष बच्चे ,बुजुर्ग इस अभियान को अपने हाथो में नहीं लेंगे तब तक लगातार उपेक्षित रहेगा उसरी नदी। उसरी बचाव अभियान के अगुवा राजेश सिन्हा भी बैठक में पहुंचे ने उन्होंने कहा कि सदर विधायक और सीसीएल के जीएम ने हाल में अमित बरदियार घाट पर आकर घंटो बैठकर विचार किए है और उन्होंने तीन जगह छिलका डेम की बात कही है, तीन चार जगह पर छिलका डेम बन जाने से उसरी अपनी पुरानी जगह पर आने लगेगी, इसके लिए आम लोगो को भी जागना होगा।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार सह कल्याण मंच जैसे आयोजनों से ग्रामीण हो रहे हैं लाभान्वित : मथुरा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के जीतपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जीतपुर विद्यालय प्रांगण में आज सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सह कल्याण मंच के सौजन्य से झारखंड सरकार के निर्देश पर चलाएं जा रहे इस तरह के योजनाओं से ग्रामीण जनता काफ़ी लाभान्वित हो रहे हैं उक्त बातें इस योजना का शुभारंभ करते टुंडी के विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम ने दीप प्रज्जवलित करते हुए कहा। प्राप्त समाचार के अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सह कल्याण मंच जैसे



कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ देखी गई साथ ही जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जीतपुर का चाहरदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम के कर कमलों द्वारा किया गया । आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सह कल्याण मंच जैसे कार्यक्रमों के आयोजन में सखी मंडलों को नौ लाख रुपए की ऋण उपलब्ध कराया गया।कुल चौबीस स्टॉल का निर्माण कराया गया जहां आवेदकों द्वारा आवेदन जमा किया गया वहीं स्वास्थ्य सहियाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया खासकर झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के प्रति लोगों को बिशेष रूचि देखीं गई। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम,टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया, अंचलाधिकारी रवि कुमार,बी ईईओ मुरत महतो जीतपुर मुखिया इंद्रलाल बास्की, पूर्व प्रमुख भवानी देवी,पंसस प्रियंका देवी, स्वास्थ्य सहिया सुमित्रा देवी, भवानी देवी, समाजसेवी चन्द्रमोहन, शिक्षक अजीत महतो के अलावा सभी प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## डीएवी की छात्रा निशा ने योगा प्रतियोगिता में सफलता के झंडे गाड़े

### कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष की पुत्री है निशा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** जमशेदपुर में आयोजित डीएवी अंतर क्षेत्रीय योगा प्रतियोगिता में टाटा डीएवी स्कूल की छात्रा व कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान की पुत्री निशा कुमारी ने सफलता का परचम लहराया। कई चरणो की प्रतिस्पर्धा में सफल होने के बाद उसे जोनल स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।. उन्हे मेडल व प्रशस्ती पत्र



देकर सम्मानित किया गया।निशा की इस सफलता पर कतरास प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हार्दिक बधाई दी है। साथ ही निशा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## वर्तमान सरकार के कार्यकाल में टुंडी में सड़कों की जाल बिछाई जा रही है



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के कोल्हर पंचायत अंतर्गत ग्राम भगुडीह में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत भगुडीह से कोल्हर भाया कमियांडीह जटाडीह पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो तथा जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम एवं मुखिया विजय मंडल के संयुक्त उपस्थिति में शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ । शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद ने उपस्थित जन समुदायों से कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार के कार्यकाल में इन दिनों टुंडी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों की जाल बिछाई जा रही है ताकि आम जनता को सुगम रास्तों के साथ साथ समय की बचत हो सकें। मौके पर उनके टुंडी प्रतिनिधि फूलचंद किस्कू, उनके निजी सचिव बसंत महतो ,आनंद महतो, निरंजन सिंह, अनिल राम, समेत कई गणमान्य नागरिक मौके पर उपस्थित थे ।

## भगवान महावीर मंदिर की महाप्रतिष्ठा में शामिल हुए राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखण्ड के राज्यपाल सी0पी0 राधाकृष्णन ने बराकर (ऋजुवालिका), गिरिडीह में आयोजित श्री नंदप्रभा तीर्थसंकुल श्री ऋजुवालिका महातीर्थ में भगवान महावीर मंदिर की महाप्रतिष्ठा में शामिल हुए। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि जैन समुदाय अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा के लिए जाना जाता है। इस स्थल का जैन धर्म के आध्यात्मिक इतिहास में अहम स्थान रखता है। यह पावन भूमि न केवल जैन धर्म के श्रद्धालुओं के लिए अहम है, बल्कि अन्य धर्मो के लोग भी यहाँ आते हैं। राज्यपाल ने





कहा कि जैन समुदाय ने हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी से सत्य, अहिंसा और करुणा के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। जैनियों ने भारत के सांस्कृतिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों सहित स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कई जैन उद्यमियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि और विकास में योगदान देते हुए सफल व्यवसाय स्थापित किया है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग रहते हैं और आध्यात्मिकता का बंधन हम सभी को बांधता है। यह एक ऐसी शक्ति है जो संस्कृति, धर्म और भूगोल की सीमाओं से परे मानवता को एकजुट करती है। उन्होंने कहा कि हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारम्भ एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान, एक-दूसरे की संस्कृतियों को समझने एवं आपसी एकता को मजबूत करने का एक सराहनीय प्रयास है।

### तीन वर्ष में आठ लाख लोगों को देंगे अबुआ आवास : डॉ रामेश्वर उरांव

# जामुनटोली खेल मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉ. रामेश्वर उराँव, मंत्री, वित्त विभाग,योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर तथा खाद्य,सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची आज लोहरदगा जिला के किस्को प्रखण्ड के बगड़ू पंचायत और नगर परिषद क्षेत्र के खादगढ़ा स्थित मैरेज हॉल में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।बगड़ू पंचायत के जामुनटोली खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री ने कहा कि आप सभी ने सरकार चुनी तो सरकार आपको शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पोषाक, धोती/लुंगी-साड़ी, दवाईयां समेत अन्य सुविधाएं दे रही हैं। अस्पतालों में डॉक्टर हैं, दवाईयाँ उपलब्ध हैं। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत हरा राशन कार्ड उन गरीब लोगों के लिए



बनवाया गया जिन्हें अब तक किसी प्रकार का राशन कार्ड नहीं मिला था। वे किसी प्रकार के खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित नहीं थे। हमारी सरकार बनने के बाद हमने राज्य में 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड योजना से जोड़ा जिससे काफी लाभ हुआ। अगले वर्ष और छूटे हुए लोगों को जोड़ेंगे। गरीबों के पास तन ढँकने के लिए कपड़े नहीं थे या कटे-फटे थे। सभी राशनकार्डधारियों को वर्ष में एक बार धोती या लुंगी व साड़ी का लाभ दिया गया। राशन कार्डधारियों को अब दाल भी दिया जाएगा। 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वर्ग के लोगों को राज्य सरकार पेंशन योजना का लाभ दे रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को गर्म कपड़े दिये जा रहे हैं।माननीय मंत्री ने कहा कि जिन गरीब लोगों के पास खपरैल मकान हैं उन्हें पक्के मकान बनाने के लिए राज्य सरकार अबुआ आवास योजना के तहत दो लाख रूपये देगी। अगले तीन वर्षों में आठ लाख लोगों को इस योजना का लाभ राज्य सरकार देगी। गरीब किसानों को कुआं निर्माण के लिए राज्य सरकार पैसे दे रही है।राज्य सरकार ने ग्रामीण परिवेश की संस्कृति को बचाये रखने के लिए सभी गांवों में अखाड़ा निर्माण का निर्णय लिया है। मांदर, नगड़ा, ढोल का भी वितरण होगा। लोहरदगा में 300 मांदर बांटा जा चुका है। पूरे राज्य में बांटा जाएगा।माननीय मंत्री द्वारा बगड़ू पंचायत में धोती-साड़ी योजना और वृद्धावस्था पेंशन योजना से सांकेतिक रूप से कुछ लोगों को लाभान्वित भी कराया गया। आज के कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड आदि योजना से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना की ओर से बच्चों का अन्न प्राशन और गर्भवती माहिलाओं का गोद भराई का रस्म कराया गया।

# भाजपा एक दल नही विचारधारा बन चुकी है : सत्यनारायण प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मध्यप्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ तीनो राज्यो में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा सिमडेगा ने जश्न मनाया, कार्यकर्ता एक दूसरे के गाल पर अबीर गुलाल लगा कर लड्डू बांट कर जश्न मनाया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि देश की जनता को मोदी जी पर भरोसा है मोदी जी की गारंटी पर तीनों राज्य की जनता ने भरोसा जताया। तीनों राज्यो के चुनाव परिणाम आने वाले 2024 के चुनाव का ट्रेलर है लोग कांग्रेस को घोटालेबाज साशन से त्रस्त हो चुके थे इसीलिए जनता ने मोदी जी पर भरोसा जताया है नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद ने कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत ऐतिहासिक है जिस तरह से जनता ने कांग्रेस को चुनाव में आईना दिखाया है ये बताने के लिए काफी है कि 2024 में पुनः देश और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी साथ ही उन्होंने कहा कि देश की जनता जिस तरह से भाजपा को अपना मत देकर पूरे देश मे केसरिया लहरा रही है ये गर्व की अनुभूति कराता है, भारतीय जनता पार्टी आज सिर्फ एक दल नहीं बल्कि विचारधारा बन चुकी है यह जनमानस के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है तीन राज्यो के परिणाम से कार्यकर्ता उत्साहित हैं और दो गुने जोश के साथ 2024 के चुनाव में उतरेंगे। तीन राज्यों के ऐतिहासिक जीत मोदी जी के नीति और काम पर जनता की मोहर है जनता पुनः मन बन चुकी है।

# कैरो के 15 वें सीओ के रुप मे बीडीओ ने लिया अतिरिक्त प्रभार, सीओ को दी गई विदाई



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 दिसंबर सोमवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कैरो अंचल के 15 वें अंचलाधिकारी के रुप मे अतिरिक्त प्रभार ले लिया है,वही अंचल मे पदस्थापित 14 वें अंचलाधिकारी कमलेश उराँव को अंचल कर्मियो के द्वारा एक विदाई समारोह आयोजित कर कमलेश उराँव को विदाई दी गई। बिदित है कि पिछ्ले दिनो सरकार के पत्र संख्या-2 रा0 स्था0 -14/2020-3617 रा0 श्री कमलेश उराँव झा0 प्र0 से0 (गृह जिला राँची) अंचल अधिकारी कैरो को स्थानांतरित करते हुए तत्काल प्रभाव से विभाग के द्वारा अगले आदेश तक अंचल अधिकारी ठेठईटाँगर सिमडेगा के पद पर पदस्थापित किया गया था। उसी के आलोक मे आज 04 दिसंबर को निवर्तमान सीओ कमलेश उराँव को विदाई दी गई। इस अवसर पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने निवर्तमान सीओ को शाल ओढाकर सम्मान देते हुए कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत अधिकारियो का एक स्थान से दुसरे स्थान आना जाना लगा रहता है 14 वें अंचलअधिकारी के रुप मे मृदुभाषी कमलेश उराँव का कार्यकाल सहयोगात्मक व सराहनीय रहा है। मौके पर प्रखंड 20 सुत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, समीद अंसारी, अंचल निरीक्षक अनंत शयनम विश्वकर्मा, सुरज मोहन साहू, शम्भु सोनी, संजय साहू, राजस्व कर्मचारी विन्देश्वर उराँव, इन्द्रदेव कच्छप, दीपक तिर्की, सुरेश उराँव, सुबाष महली, लाल अविनाश नाथ शाहदेव, संनाउल्लाह अंसारी, पंकज कुमार लाल, भरत प्लाई, मनोज साहू,ललेश पांडे, उमेश प्रजापति, रामबुझावन गुप्ता, आदेशपाल विजय ठाकुर सबो ने सीओ कमलेश उराँव को माला पहनाकर विदाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बंबलकेरा पंचायत के शिविर में उमड़े ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सरकार के महत्वकाक्षी शिविर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बंबलकेरा पंचायत में आयोजित हुआ जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य कृष्ण बड़ाइक प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज मुखिया जेलाशियुस जी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मी उपस्थित होकर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं हर एक जन तक सरकार का योजना पहुंचे इसके लिए सभी ने जोर दिया। साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ अहारता धारीयों को काइ



योजनाओं से लाभान्वित किया गया इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज जी ने कहा इस तरह के शिविर के माध्यम से सरकार आप लोगों के घर द्वार में प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय को लेकर आए हैं, आप तमाम ग्राम वासियों को लाभ देने का काम कर रही है, आप इसका लाभ जरूर ले क्योंकि हर ग्रामीण प्रखंड नहीं जा सकता है लेकिन आप लोगों की सहूलियत के लिए सरकार इस तरह का शिविर लगाकर आप लोगों को लाभ दे रही है आप इसका भरपूर लाभ उठावे, जिला परिषद कृष्णा बड़ाइक जी ने भी कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिसमें विशेष कर मछली पालन पर जोर देने की बातें कहीं भूमि संरक्षण एवं मत्स्य विभाग की ओर से तालाब एवं मछली पालन की व्यवस्था किया जा रहा है आप इसका लाभ उठाएं एवं अपने परिवार का भरण पोषण एवं उन्नति की ओर ले चले, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यता प्रखंड विकास अधिकारी, अंचलाधिकारी, स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड मेंबर ग्राम प्रधान एवं भारी से भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### खेल महोत्सव कार्यक्रम होने से क्षेत्र में बढ़ती है सद्भावना : सुखदेव भगत

# दतरी गांव में 50 वां लड्डू पर्व खेल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड के ग्राम दतरी में नवयुवक संघ दतरी के द्वारा सरना मैदान में 50 वां लड्डू पर्व खेल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दतरी गांव पहुंचने पर सुखदेव भगत का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। सबसे पहले खेल महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर किया गया। खेल महोत्सव कार्यक्रम में 1 00, 200 एवं 1600 मीटर की दौड़, बच्चों का जलेबी रेस , महिलाओं का मटका फोड़, बुजुर्गों के लिए अंधा खेल सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया। मौके पर



उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि विगत 50 वर्ष पूर्व सीताराम टोप्पो एवं अनिल टोप्पो ने लड्डू पर्व खेल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया था जो आज तक अनवरत चल रहा है इसके लिए उन्होंने मौके पर संस्थापक सदस्यों को सम्मानित किए। श्री भगत ने कहा कि इस खेल महोत्सव का सबसे बड़ा खासियत यह है कि इस आयोजन में पूरे गांव के लोगों सहभागिता रहती है तथा सभी वर्गों के लिए खेल का आयोजन किया जाता है ।श्री भगत ने कहा कि इस तरह की सामूहिक आयोजन होने से क्षेत्र में सद्भावना बढ़ती है श्री भगत ने कहा कि सरना खेल मैदान के विकास के लिए वह प्रयास करेंगे। झारखंड सरकार खेल को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम कर रही है। खिलाड़ियों को स्टेपन एवं नौकरी देने का भी प्रावधान है। श्री भगत ने इस कार्यक्रम में आमंत्रण करने के लिए आयोजन समिति का आभार प्रकट किए। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम आगे बढ़ सकते हैं खेल से आपसी भाईचारा की बढ़ती है।

# अविराम कॉलेज की नीलम बनी बीएड की कॉलेज टॉपर




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा के बीएड सत्र 2021.23 के परीक्षा परिणाम में नीलम कुमारी ने महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक 88 प्रतिशत से भी ऊपर प्राप्त किए, द्वितीय स्थान पर अर्चना कुमारी, तृतीय स्थान पर श्वेता रही, चतुर्थ से दशम स्थान पर खुशनुमा चतुर्थ, श्रेया राय और रश्मि सिन्हा संयुक्त रूप से पांचवे स्थान पर, अनिधा छठे अनुपा एक्का सातवे, अनूप डुंगडुंग आठवें, सुरजमुनी नवे तथा दसवें स्थान पर संयुक्त रूप से पूनम केरकेट्टा और कुमारी मृणाल साहा रही।परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। टॉप टेन में बालिकाओं का दबदबा पूर्व के वर्षो की भांति ही रहा।अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए सचिव इंद्रजीत कुमार ने प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी क्लास टीचर रेणुका महतो और सभी स्टाफ समेत प्रशिक्षु और उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा विशेष रूप से कहा कि समाज में और लोगों की सोच में स्पष्ट परिवर्तन दिख रहा है बालिका शिक्षा और उनका निरंतर आगे बढ़ना यह दर्शाता है।

# शिक्षक सभी कार्य समयानुसार करें : रामजीवन नायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शैक्षणिक कार्य के अलावे मासिक प्रतिवेदन भी आवश्यक है। शिक्षक समय पर रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। उपर्युक्त बातें मध्य विद्यालय लोहरदगा में आयोजित शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्टी में बीईईओ रामजीवन नायक ने कही। बीईईओ श्री नायक ने कहा कि शिशु पंजी फॉर्मेट में जमा करना है। साथ ही ईकल्याण, यूडाइस मेंडीटोरी फील्ड, प्रयास कार्यक्रम क्रियान्वन से सबंधित रिपोर्ट यथाशीघ्र जमा करें। बैठक में शिक्षक शैलेन्द्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, मनी उरांव, अरुण राम, जितेंद्र मित्तल, पूर्णकाम, विजय दास, एनामुल हक, मिथिलेश कुमार, मंजू देवी, सीमा शर्मा, अनिल सिंह, इंद्रावती देवी, सावित्री मधुर, सुबोध लाल साहू, सलोमी लकड़ा, रीता कुजूर, मुश्ताक अहमद, नव कुमार, चोन्हस उरांव, सत्यनारायण साहू, गंगा उरांव आदि मौजूद थे।

# झारखंड पार्टी के केंद्रिय अध्यक्ष ने किया कोलेबिरा का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कोलेबिरा प्रखंड का किया दौरा साथ में झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष मतियस बागे झारखंड पार्टी के जिला सचिव बाबूराम लकड़ा थे उन्होंने सर्व प्रथम जोन्हाटोली गढ़ा टोली, छोटका टोली में मंडली के लोगों से बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस बार पूर्व की भाती झारखंड पार्टी को साथ दें आपकी सारी समस्या पहले के जैसा अवश्य दूर होगा उसके बाद लसिया और पुत्रीटोली में नए पुराने झारखंड पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से बैठक की और आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को लेकर चर्चाएं की लोग काफी उत्साहित थे और उन्होंने भरोसा दिलाया की पूर्व की बातें इस बार भी हम सभी मिलकर झारखंड पार्टी को जिताएंगे क्योंकि झारखंड पार्टी ही हम लोगों के सुख-दुख में साथ देगी और क्षेत्र का विकास भी करेंगी इसके बाद कोलेबिरा में झारखंड पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ जिला परिषद अध्यक्ष सिमडेगा की अध्यक्षता में बैठक की बैठक में 11 तारीख को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर पूरे प्रखंड को तीन भागों में बांटकर प्रभारी का गठन करते हुए कहा कि सभी पंचायत में 11 तारीख के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में बात पहुंचाएं और 11 दिसंबर को उनका आना सुनिश्चित करें।

# गुलाम जीलानी द्वारा जरूरतमंद मरीज को दो यूनिट ब्लड देखकर दिया मानवता का परिचय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** यूथ कांग्रेस के द्वारा दो लोगो को ब्लड डोनेट किया गया। जिला के सदर अस्पताल में भर्ती ग्राम बगरू किस्को प्रखंड के रहने वाला सोमा उराव की बेटी बसंती कुमारी और पेसरार गांव नाहीयरी देवी को बीमारी के चलते ब्लड की सख्त जरूरत थी। डॉक्टर ने उन दोनों का खून की कमी बताया और जल्द से जल्द ब्लड चढ़वाने की बात कहा। जिससे परेशान मरीज के परिजनों ने तुरंत सुचना दिया यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी और मनिया कुरैशी ने सारे काम छोड़ कर उन्होंने तुरंत अपने सदस्य मुसराफ अंसारी और साथी शोराब अंसारी से संपर्क किया दोनों ने अपने सारे काम छोड़ छाड़ कर सदर अस्पताल तुरन्त पंहुचा और एक एक यूनिट ब्लड देकर इंसानियत का परिचय दिया। और जहां मुसराफ और शोराब ने रक्तदान कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है तो वहीं दूसरी ब्लड पाकर पीड़ित की परिवार वालो की आंखों से आंसू झलक आए और वह



धन्यवाद प्रेषित कर रही है। युवा उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी ने कहा की रक्तदान करने के बताया की, रक्तदान करने के अनेको फायदे,है हेमोक्रोमैटोसिस से बचाव, बढ़ती है इम्यूनिटी, दिल की बीमारी का खतरा कम, कैंसर का खतरा कम, वजन पर नियंत्रण, मेंटल हेल्थ के लिए अच्छा कई बीमारियों को दूर करता है और सभी से अपील किया कि हर एक को ब्लड डोनेट करना चाहिए,इस मौके पर युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी, सचिव सुहैल अख्तर, मनिया कुरैशी, इत्यादि लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा थाना पुलिस ने सोमवार को भंडरा थाना कांड संख्या 14/2023 धारा 379/ 411/34 भादवि के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि भंडरा थाना क्षेत्र के सोरंदा गांव निवासी शहदेव लोहरा के पुत्र बाबूलाल लोहरा (19 वर्ष) के विरुद्ध भंडरा थाना में भैंस चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। कांड अंकित होने के बाद से बाबुलाल लोहरा पुलिस की पकड़ से फरार था। जिसे सोमवार को गुप्त सूचना पर उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# रतिया भगत को माननीय मंत्री के हाथों मिला पेंशन योजना का लाभ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. रामेश्वर उरांव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,झारखण्ड,रांची द्वारा आज किस्को प्रखण्ड के बगडू पंचायत के बगडू जामुनटोली निवासी रतिया उरांव को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया गया। रतिया ने बताया कि पेंशन योजना का लाभ मिलने से वे काफी प्रफुल्लित हैं। राज्य सरकार बेहतर कार्य कर रही है और इसके लिए वे माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हैं।

# भड़गांव में आयोजित हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

### महिला मंडल की दीदियों को स्वरोजगार करने के लिये किया गया चेक प्रदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के समीप मैदान में तृतीय चरण का आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिप सदस्य राधा तिर्की, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, प्रशिक्षु उप समाहर्ता विजय रंजन तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, मुखिया एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान वनांचल कला केन्द्र के कलाकारों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जानकारी दिया गया। वहीं आपकी योजना,



आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल में अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, ई श्रम कार्ड, भू राजस्व व लगान,सोना सोबरन धोती साड़ी योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणककरी योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। मौके पर मौजूद जीप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य है की ग्रामीण जनता को प्रखंड व अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इस सोच के साथ पंचायतवार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। क्योंकी कार्यक्रम स्थल पर प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहेंगे जिसे जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करते हुए सभी ग्रामीण जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम किया जा रहा है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों का स्टॉल लगा हुआ है। आप सभी लोगों को जो भी चीज की आवश्यकता है उसके लिये आवेदन प्रपत्र भर कर सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारी के पास आवेदन जमा कर दें। जिस पर त्वरित करवाई करते हुए जरूरत के अनुसार सभी को लाभ जायेगा। जिसे गरीब असहाय व्यक्तियों को प्रखंड या अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना नही पड़ेगा। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का जानकारी दिया गया।

### संत जेवियर ने लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया अपना जीवन : विधायक भूषण बाड़ा

# कुरडेग प्रखंड के खरवाटोली में धूमधाम के साथ मना संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग प्रखंड के खरवाटोली में संत फ्रांसिस जेवियर्स का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर फा सुनील सुरीन की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विधायक भूषण बाड़ा भी उपस्थित थे। अपने संदेश में विधायक ने कहा कि संत जेवियर की तरह उत्साही, जोशीले और कर्मठ बनें। संत फ्रांसिस जेवियर मानवता की सेवा और लोगों के प्रेम के लिए अपने देश और परिवार को त्याग कर भारत देश आए थे और अपना जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। यही कारण है कि आज भी लगभग 500 वर्ष से भी अधिक समय से उनका शव गोवा में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि कहा किमिशनरी समाज संत फ्रांसिस जेवियर को काफी महत्वपूर्ण स्थान देता और उन्हें आदर



तथा सम्मान का पात्र समझता है। क्योंकि वे भक्ति भाव पूर्ण और धार्मिक प्रवृत्ति के मनुष्य थे। वे सच्चे मिशनरी थे। संत जेवियर अपने जीवन में प्रभु को परखा है। प्रभु के वचन से प्रभावित होकर प्रभु के बताए मार्ग पर चला है। संत जेबियर ने अपना सबकुछ त्याग कर अपना जीवन प्रभु के लिए समर्पित कर दिया। विधायक ने कहा कि लोग ईश्वर को पहचानने की कोशिश करें और लोगों को ईश्वर तक पहुंचाने का काम करें। ईश्वर हमें आशीष दें कि हम स्वयं को संत जेवियर की तरह बदल सकें। उनके अनुसार कार्य करने की कोशिश करें। मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केशरी सह पीसीसी डेलीगेट, युवा कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, विधायक प्रतिनिधि गुड्डु खान, विधायक प्रतिनिधि बिनोद दास, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, पूर्व प्रखड़ अध्यक्ष देवनिस खलखो, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन, (अच्छन) 20 सूत्रीअध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, पूर्व मुखिया विजय खेस, प्रखंड प्रभारी समीम अंसारी, दीपक जसवाल, जिला सचिव विनय तिग्गा, टेलीस्फोर टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### हर्ष द्विवेदी कला मंच द्वारा नाट्य प्रशिक्षण केंद्र का किया गया शुभारंभ



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच द्वारा नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन शहर के सहिजना में किया गया। मौके पर नारियल तोड़कर भगवान नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन किया गया। इस अवसर पर निदेशक नीरज श्रीधर ने कहा कि पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच द्वारा संचालित नाट्य प्रशिक्षण केंद्र में नाट्य विधा का छः महीने का सर्टिफिकेट कोर्स और एक वर्ष का डिप्लोमा कोर्स का शुभारंभ किया जा रहा है। रंगकर्म में अपनी पहचान बनाने वाले सभी कला साधक गढ़वा क्लासेज सहिजना, गढ़वा में संचालित इस नाट्य प्रशिक्षण केंद्र से जुड़कर अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। इस प्रशिक्षण केंद्र में नाट्य विधा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराने के साथ-साथ उसमें उन्हें दक्ष बनाने का प्रयास भी किया जाएगा। मौके पर संरक्षक जगतारण तिवारी ने कहा कि मंच द्वारा प्रारंभ किए गए नाट्य प्रशिक्षण केंद्र को मेरा हर प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा। कार्यक्रम को श्रवण शुक्ल, शिक्षक दिनेश कुमार चौबे, अंजलि शाश्वत, आशीष दुबे, डॉ. शम्भू कुमार तिवारी, विपिन तिवारी, अरविंद कुमार तिवारी, कौस्तुभ आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गौतम ऋषि, नीरज मालाकार, रिया राशि आदि उपस्थित थे।

### टीएमसी सांसद मोइत्रा ने कहा वह तभी बोलेंगी जब वे रिपोर्ट को संसद के सामने पेश करेंगे

**नई दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने सोमवार को संसद की आचरण समिति (एथिक्स कमेटी) की रिपोर्ट पर फिलहाल टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि वे तभी बोलेंगी जब रिपोर्ट संसद में पेश हो जाएगी और वे उसको पढ़ लेंगी। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि जब रिपोर्ट संसद के समक्ष पेश ही नहीं किया गया तो मैं क्या कह सकती हूं। महुआ मोइत्रा पर आरोप है कि उन्होंने संसद के द्वारा दिए गए विशेषाधिकार का हनन किया। उन पर संसद की आईडी को दूसरे को देने, उसका दुरूपयोग करने व पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप है। इन सब आरोपों के जांच कर संसद की आचरण समिति (एथिक्स कमेटी) लोकसभा का शीतकालीन शुरू होने के पहले अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष सौंप दी थी।

## सदर अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है : विकास दुबे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** सदर अस्पताल गढ़वा की व्यवस्था चरमरा गई है। इसमें सुधार अत्यंत आवश्यक है नहीं तो जिले के मरीज की जान अव्यवस्था के कारण चली जाएगी। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे ने कही।



उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में रात में महिला चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण आए दिन मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ता है। वही कई मरीजों की जान भी चली जाती है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक सदर अस्पताल में अगर सेवा नहीं देते हैं तो उनके निजी क्लीनिक की सेवा को भी ठप कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में हर हाल में चिकित्सकों को रहना होगा। सदर अस्पताल मे महिला चिकित्सक के नहीं रहने के कारण अस्पताल में भर्ती मरीज परेशान रहते हैं। कल कुछ मरीज के परिजनों ने सूचना दिया कि महिला चिकित्सक नहीं है। सूचना के आधार पर सदर अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं थे और मरीज परेशान थे। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में इस तरह की व्यवस्था नहीं चलने दी जाएगी। मौके पर योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विपुल धर दुबे, अरबिंद दुबे, लड्डू दुबे, देववंश दुबे, सुनील चन्द्रवंशी, मौसम कुमार, दीपक, राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने में अव्वल मोदी युग में सालाना 159 आतंकी ढेर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने आतंक के सामने जीरो टॉलरेंस की नीति बनाए रखी है। वर्ष 2014 में मोदी के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार ने आतंकवाद खत्म करने को लेकर कारगर नीति अपनाई। इसके तहत सालाना 159 आतंकी ढेर किए जा रहे हैं। वहीं, यूपीए में यह संख्या औसतन हर साल 87 थी।

सूरत निवासी संजय इझावा की ओर से दायर आरटीआई में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। इसके अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार में 2015 में 108 आतंकी, 2016 में 150 आतंकी, 2017 में 213 आतंकी, 2018 में 257 आतंकी, 2019 में 157 आतंकी, 2020 में 147 आतंकी, 2021 में 141 आतंकी, और 2022 में 100 आतंकी मिलाकर पिछले 8 साल में कुल 1273 आतंकवादियों को ढेर किया। इस तरह सालाना औसत में 159 आतंकी को मार गिराया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंक की कमर तोड़ने के लिए नोटबंदी, सर्जिकल स्ट्राइक और अनुच्छेद 370 हटाने जैसे निर्णायक कदम उठाए जिसके कारण आतंकियों के हौसल पस्त हुए।

आरटीआई में मिली जानकारी के मुताबिक यूपीए सरकार में 2011 में - 100 आतंकी, 2012 में - 72 आतंकी, 2013 में - 67 आतंकी और 2014 - 110 आतंकी मिलाकर कुल 349 आतंकवादी मारे गए।

## 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए शहर में किया गया आमंत्रण व भिक्षाटन कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा 6 दिसंबर को होने वाले 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर सोमवार को शहर के लोगों को आमंत्रण देने तथा भिक्षाटन का कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान शहर के दुकानदार व राहगिरो के द्वारा उन्हें सहयोग किया गया। इस अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी सचिव विकास कुमार माली व पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा मुख्य रूप से शामिल थे।

मौके पर विकास कुमार माली ने बताया कि 6 दिसंबर को 101 असहाय निर्धन गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के पास कराया जाएगा। 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह को सफल करने को लेकर शहर के दुकानदार, राहगीरों से भिक्षाटन किया गया। उन्होंने कहा कि शहर के टाउन हॉल के मैदान से बारात निकलेगा जो रंका मोड, गढ़देवी मंदिर, चीनिया मोड होते हुए बायपास रोड से विवाह स्थल दानरो नदी छठ घाट पहुंचेंगे। जबकि वधू पक्ष के लोग शहर के आशीर्वाद मैरिज हॉल से निकलकर ब्लॉक, रंका मोड होते हुए विवाह स्थल दानरों नदी छठ घाट पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही है। कार्यक्रम की सफलता के लिए बिहार के विभिन्न जिलों से कार्यकर्ता व पदाधिकारी गढ़वा आ गए हैं। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भिक्षाटन व आमंत्रण कार्यक्रम में जुटे हुए थे।

## इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस में मुसलमानों के सबसे बड़ा नेता बन कर उभरे

अब्दुल करीम अन्सारी

कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सह राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने राजस्थान में 7 सीटों पर चुनाव प्रचार किया। ये सीट हैं : लाडनूँ, धौलपुर, उदयपुरवाटी, सीकर, बायतू, किशनपोल, आदर्शनगर।इन सभी 7 सीटों पर कॉग्रेस पार्टी की जीत हुई, सफलता का प्रतिशत 100त्न रहा। उन्होंने मध्य प्रदेश में 2 सीट पर चुनाव प्रचार किया। जबलपुर और बुरहानपुर। एक जगह जीत हुई और दूसरी पर मज़बूत टक्कर रही। सफ़लता का प्रतिशत 50त्न रहा।तेलंगाना में 26 रैलियॉ की, खूब सारी ग्रुप मीटिंग्स की, प्रेस कॉफ्रेंस की, मज़हबी और समाजी रहनुमाओं से मुलाक़ात की पार्टी की ओर से अल्पसंख्यक के लिए



अलग से घोषणा पत्र जारी कराया जिसके चलते के सी आर को वोट करने वाले मुसलमान कांग्रेस की तरफ रुख कर लिया।तेलंगाना में कॉग्रेस की सरकार बनाने में इमरान प्रतापगढ़ी का योगदान को नकारा नही जा सकता।

कुल मिलाकर इस चुनाव में इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने आपको ज़बरदस्त तरीके से स्थापित किया और कांग्रेस पार्टी में सबसे ताकतवर मुस्लिम नेता बन के उभरे है कई मुस्लिम लीडर इन्हें हासिये पर भेजने का सपना संजोते रहते हैं लेकिन चुनावों में उम्मीदवारों की डिमांड मुस्लिम लीडर के रूप में सिर्फ इमरान प्रतापगढ़ी की होती है इसलिए राहुल गांधी ,प्रियंका गाँधी के विश्वासपात्र है और सबसे कम उम्र में उच्च सदन राज्य सभा का सदस्य बनने का गौरव प्राप्त किया। (लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

## सांसद वीडी राम ने ट्रेन ठहराव का मामला संसद में उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** लोकसभा में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन एवं मेराल रेलवे स्टेशन पर रॉची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है। उक्त ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ नहीं होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगड़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों कों



आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने की जनता के द्वारा लगातार मांग की जा रही है। साथ ही साथ रॉची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर नहीं की जा रही है। विदित है कि उक्त स्टेशन पर एक मात्र चोपन गोमो पैसेंजर ट्रेन रूकती है तथा कोई भी अन्य पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया गया है। मेराल स्टेशन से रमना स्टेशन एवं गढ़वा स्टेशन की दूरी लगभग 11-11 किलोमीटर है जिसके कारण यहॉ की जनता को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने एवं रॉची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने की कृपा की जाय।

### जी किशन रेड्डी बोले 2024 में तेलंगाना की सभी लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा

**नई दिल्ली :** तेलंगाना विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने दावा किया कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी सूबे की सभी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने सोमवार को नई दिल्ली में कहा कि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पहले से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8 सीटें जीती। साल 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट जीती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का वोट प्रतिशत 6.9 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हार के कारणों की हम समीक्षा करेंगे और राष्ट्रीय नेतृत्व और तेलंगाना के साथ राज्य नेतृत्व के साथ चर्चा की जाएगी, ताकि कमियों को दूर कर लोकसभा चुनाव में उतरें और सभी लोकसभा सीटें जीतें। उन्होंने कहा कि कटिपल्ली वेंकट रमण रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

## तेलंगाना में जीत पर एआईएमआईएम ने गढ़वा में निकाला विजय जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** तेलंगाना प्रदेश में एआईएमआईएम द्वारा सात विधान सभा से चुनाव लड़ने तथा सातों विधानसभा में जीत हासिल करने पर गढ़वा एआईएमआईएम के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में विजय जुलूस निकाला। मौके पर आतिशाबाजी की गयी तथा मिठाईयां बांटी गयी। मौके पर एआईएमआईएम के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एम. एन. खान ने कहा कि तेलंगाना में एआईएमआईएम की बड़ी जीत ने साबित कर दिया है कि 2024 में एक बार फिर बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब कुछ बड़ा करने वाले हैं। तेलंगाना की जनता लगातार एआईएमआईएम उमीदवार पर विश्वास रखते हुए उम्मीदवार को जिताने का कार्य करती है। आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में झारखंड में भी एआईएमआईएम का परचम लहराएगा। गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के लोग लगातार एआईएमआईएम से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर एम एन खान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अंसारी, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, युवा जिलाध्यक्ष मुजाहिम अंसारी, रमजान अंसारी, अब्दुल रहमान अंसारी, मजहर हुसैन, हैसियत राजा, कमरे आलम, दुर्गा कुमार साहू, राजा अली अंसारी, फैजल राजा आदि उपस्थित थे।

## पर्यावरणविद कौशल ने नाती के जन्मदिन व पोती के विवाह पर किया पौधरोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार जिले के बालूमाथ में पर्यावरण धर्म के तहत विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी पुत्री शिक्षिका ज्योति कुमारी को पुत्ररत्न प्राप्ति व पोती नैंसी की शादी के अवसर पर बालूमाथ के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में नवरत्न का पौधा लगाकर उत्सव को यादगार बनाया। पर्यावरणविद की पुत्री ज्योति कुमारी(शिक्षिका) ने तीन दिसंबर को रांची के एक निजी हॉस्पिटल में पुत्र को जन्म दिया है। जबकि नावा बाजार के राजेश जायसवाल की बच्ची नैंसी की शादी होटल निर्वाणा में चतरा के मनोज जायसवाल के पुत्र अंकित के साथ संपन्न हुई है। इस अवसर पर वनरखी मूमेनट के प्रणेता कौशल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ विद्यालय में नवरत्न पौधे लगाते हुए बच्चों को पर्यावरण धर्म के साथ पर्यावरण , प्रकृति व प्रदूषण से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उन्हें पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधा का इस्तेमाल कम से कम करने से स्वयं के साथ आने वाली पीढ़ी भी सुरक्षित रहेगी। इस शुभ अवसर पर इटखोरी मां भद्रकाली के मंदिर में चंदन और बारहमासी थाईलैंड कायम पौधा जायसवाल ने लगाया विद्यालय के वार्डेन शिखा कुमारी ने पर्यावरण के क्षेत्र में पर्यावरणविद कौशल के द्वारा देश विदेश में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। जन्मदिन के सुअवसर पर नानी सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल रोहित जायसवाल, लालमन जायसवाल , शीला देवी, आकश, अरुण जायसवाल, अरविंद जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल और शादी समारोह में सुदामा देवी, रामा देवी, बालकिशोर प्रसाद, रमाकांत, प्रसाद,विनोद प्रसाद, अमरेश प्रसाद, बरसा देवी, अर्चना देवी, पूनम देवी, नीलम देवी, रेणु, रिंकू, प्रमोद, अशोक, प्रभात, दिलीप प्रेम कुमार, देव प्रसाद भूषण प्रसाद , अमित, अविनाश,कस्तूरबा विद्यालय में सहायक शिक्षिका एलिजा बेद , कुमुद टोप्पो, सुषमा कुमारी, रानी कुमारी, पूनम कुमारी, तानिया कुमारी, सुमिता कुमारी, देवंती कुमारीआदि शामिल थी।

### वोट शेयर मामले में कांग्रेस भाजपा से ज्यादा पीछे नहीं : रमेश

**नई दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि तीन राज्य (मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ ) में पार्टी को मिली हार स्वीकार है, लेकिन वोट शेयर मामले में कांग्रेस भाजपा से ज्यादा पीछे नहीं है। कांग्रेस नेता रमेश ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि, यह सच है कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। नतीजे हमारी उम्मीदों के मुताबिक़ नहीं आए हैं, लेकिन वोट शेयर के मामले में कांग्रेस भाजपा से ज़्यादा दूर नहीं है। रमेश ने कहा कि दरअसल इस अंतर को मिटाया जा सकता है। यह आंकड़े वापसी के लिए आशा और उम्मीद जगाते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा 46.3 फीसदी वोट मिले, जबकि कांग्रेस 42.2 फीसदी पर रही। मध्य प्रदेश में भाजपा को 48.6 फीसदी समर्थन मिला और कांग्रेस 40.4 फीसदी पर रही। राजस्थान में भाजपा को 41.7 फीसदी लोगों का समर्थन मिला, वहीं कांग्रेस को 39.5 फीसदी लोगों ने मतदान किया।

## देश के मन में पीएम मोदी व मोदी के मन में बसा है पूरा देश : इंद्रेश कुमार

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर लगी मुहर : डॉ. शहीद अख्तर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ने कहा कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजथान में भाजपा का प्रचंड बहुमत साबित करता है कि पूरे देश के मन में मोदी जी और मोदी जी के मन में पूरा देश है। भाजपा के ऐतिहासिक विजय पर जनता का हार्दिक आभार और बीजेपी के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत बधाई। इंद्रेश कुमार ने कहा कि तीन राज्यों सहित पूरे देश के मन मिजाज के भाजपा रसा-बसा है।मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. शहीद अख्तर ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कहा कि मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़ और





राजस्थान की जनता ने अपना मतदान कर भाजपा को प्रचंड जीत दिलाई। उन्होंने वहां की जनता को नमन किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर लोगों ने मुहर लगाई। प्रधानमंत्री की नीतियों और बीजेपी की विचारधारा को जनता का समर्थन का प्रमाण है यह प्रचंड जीत। कहा कि यह जीत पीएम मोदी द्वारा दिए गए 'सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र की जीत है. यह पीएम द्वारा दी गई गारंटी की जीत है.अमित शाह द्वारा दी गई रणनीति और नड्डा द्वारा प्रदान किए गए कुशल नेतृत्व की भी जीत है. कहा कि देश के लोगों को भाजपा और पीएम मोदी पर पूरा भरोसा है। यही कारण है कि देश की जनता ने तीन राज्यों में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे अभाविप के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के दिल्ली में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन 08 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा दिल्ली के बुराड़ी स्थित डीडीए ग्राउंड में किया जाएगा। विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में 07 से 10 दिसंबर के बीच आयोजित हो रहा है, जिसमें देशभर के सभी राज्यों से दस हजार से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, चार दिनों तक छात्र डीडीए ग्राउंड, बुराड़ी में बसाई गई अस्थायी टेंट सिटी में रुकेंगे। उन्होंने बताया कि 07-10 दिसंबर आयोजित होने जा रहा विद्यार्थी परिषद 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन कई मायनों में महत्वपूर्ण है, इस अधिवेशन में 10 हजार से अधिक प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे तथा विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत का लघु दर्शन करने का अवसर मिलेगा।